शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

मौसम

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	30.0	22.0
डालटनगंज	34.0	25.0
धनबाद	32.4	26.3

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

रांची, शुक्रवार 08 अगस्त 2025 ● श्रावण शुक्ल पक्ष 14, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 122 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12

स्वामीनाथन की 100वीं जयंती: ट्रंप का बिना नाम लिए पीएम नरेंद्र मोदी का अमेरिका को सीधा जवाब

किसानों से बढ़कर कुछ नहीं, पता है कीमत चुकानी होगी

एजेंसियां। नयी दिल्ली

भारत और अमेरिका के रिश्ते में कड़वाहट आ सकती है. राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है. इस मसले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप का नाम लिए बिना प्रतिक्रिया दी है. पीएम मोदी ने गुरुवार को कहा कि हमारे लिए किसान सबसे पहले हैं. उन्होंने कहा कि किसानों से जुड़े मुद्दों को लेकर समझौता नहीं किया जा सकता है.

दरअसल पीएम मोदी ने भारत की हरित क्रांति के जनक प्रो. एमएस स्वामीनाथन की 100 वीं जन्म जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया. उन्होंने नई दिल्ली में एमएस स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान कहा, हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है. भारत अपने किसानों, पशुपालकों और मछुआरे भाई-बहनों के हितों के साथ कभी समझौता नहीं करेगा.

किसानों की आय बढ़ाने के लिए हो रहा काम : मोदी ने कहा, किसानों के हितों को सर्वोपरि रखना है और मुझे पता है कि इसके लिए मुझे कीमत चुकानी होगी. किसानों और पशुपालकों के कल्याण के लिए हम सारे प्रयास करेंगे और उनके हितों से समझौता नहीं होगा. किसानों की आय बढ़ाना, खेती पर खर्च कम करना, आय के नए स्रोत बनाने के लक्ष्यों पर हम लगातार काम कर रहे हैं. हमारी सरकार ने किसानों की ताकत को देश की प्रगति का आधार माना है.

क्या करके मानेंगे ट्रंप? अब लगाने वाले हैं 100% 'चिप टैरिफ'

वाशिंगट। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का टैरिफ अटैक कम होने का नाम नहीं ले रहा, भारत पर 25% टैरिफ बढ़ाकर इसे 50% कर दिया है, हालांकि गुरुवार से देश पर पहले घोषित किया गया 25% यूएस टैरिफ ही लागू हुआ है,

जबकि एक्स्ट्रा 25% 27 अगस्त से प्रभावी होगा. वहीं अब एक और सेक्टर पर टैरिफ बम फोड़ने की तैयारी की है. वे 100% चिप टैरिफ का ऐलान करने वाले हैं, जिससे दुनियाभर के सेमीकंडक्टर उद्योग पर बुरा असर पड़ेगा. ये भारत के लिए भी चिंता का सबब बन सकता है, क्योंकि इंडियन सेमीकंडक्टर मॉर्केट तेजी से ग्रोथ कर रहा है.

100% टैरिफ लगाने की तैयारी में ट्रंप : ट्रंप ने भारत पर एक्स्ट्रा टैरिफ का ऐलान करने के साथ ही ओवल ऑफिस एक और बड़ा बयान दिया. उन्होंने कहा कि हम अब चिप और सेमीकंडक्टर पर बड़ा टैरिफ लगाने जा रहे हैं. जो 100 फीसदी तक हो सकता है. हालांकि, उन्होंने इसके साथ ही ये भी साफ किया कि एप्पल जैसी जो कंपनियां अमेरिका में मैन्युफैक्चरिंग कर रही हैं, उन पर कोई शुल्क नहीं लगेगा.

चिप मैन्युफैक्चरिंग की रफ्तार पर असर : दुनिया में तमाम देश सेमीकंडक्टर उद्योग से जुड़े हुए हैं, लेकिन भारत इस सेक्टर में सबसे तेजी से आगे बढ़ता हुआ खिलाड़ी है. जहां एक ओर देश में सेमीकंडक्टर चिप्स का यूज बड़े स्तर पर हो रहा है, तो इसकी मैन्युफैक्चरिंग भी आगे जा रहा है. भारत में तेजी से चिप बनाने का काम हो रहा है, जिस कारण सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री ग्रो कर रही है. सरकार मकसद इस सेक्टर में दूसरे देशों पर निर्भरता कम करना है और घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देना है, साथ ही इसका निर्यात करना भी है. लेकिन अगर इसपर ट्रंप 100 फीसदी टैरिफ लगाते हैं, तो चीन, ताइवान और जापान ही नहीं, भारत पर भी असर दिख सकता है.

2030 तक यूएस-चाइना को टक्कर देगा भारत : हालिया रिपोर्ट्स की मानें, तो साल 2030 में भारतीय सेमीकंडक्टर मार्केट 100-110 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है. इसमें तेजी से ग्रोथ देखने को मिली है, क्योंकि साल 2022 में देश का चिप मार्केट करीब 23 .2 अरब डॉलर का था, जो 2023 में 38 अरब डॉलर का हुआ और 2024-25 में 45 से 50 अरब डॉलर तक जा पहुंचा. अगर अनुमान के मुताबिक, 2030 तक ये बाजार 100 से 110 अरब डॉलर तक पहुंचता है, तो फिर देश चीन और अमेरिका के साथ खड़ा हो जाएगा. दरअसल, साल 2023 में चीन का सेमीकंडक्टर मार्केट 177 .8 अरब डॉलर था, जो ग्लोबल मार्केट का 32 फीसदी हिस्सा रहा. वहीं अमेरिका का चिप मार्केट 130 अरब डॉलर था, जो ग्लोबल मार्केट का 25 फीसदी है.

ब्रीफ न्यूज

रूसी राष्ट्रपति का भारत दौरा कनफर्म

मॉस्को। अमेरिका से मची तनातनी के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत आ रहे हैं. गुरुवार को मॉस्को में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के हवाले से बताया गया कि राष्ट्रपति पुतिन इस साल के अंत में भारत का दौरा करेंगे. पुतिन के भारत दौरे की खबर ऐसे वक्त में आई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने रूसी तेल की खरीद से नाराज होकर भारत पर टैरिफ 50% तक बढ़ा दिया है. रूसी न्यूज एजेंसी इंटरफैक्स ने बताया कि राष्ट्रपति पुतिन 2025 के अंत में भारत दौरे पर आएंगे.

कपिल शर्मा के कैफे पर कनाडा में फिर फायरिंग

नयी दिल्ली। कॉमेडियन कपिल शर्मा के कनाडा के सरे स्थित कैफे पर फिर फायरिंग हुई है. गोल्डी ढिल्लन नामक गैंगस्टर ने इसकी जिम्मेदारी ली है. सुरक्षा एजेंसियां और मुंबई पुलिस फिलहाल इस खबर को वेरीफाई कर रही है. अभी तक फायरिंग में किसी के घायल होने की खबर नहीं है. इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक कार में बैठे कुछ लोग कैफे की ओर गोलीबारी करते नजर आ रहे हैं. यह वीडियो 9 सेकंड का है, जिसमें 12 राउंड से ज्यादा फायरिंग की गई.

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अधिसूचना जारी

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने उपराष्ट्रपति चुनाव 2025 की अधिसूचना जारी कर दी है. नामांकन, जांच, नाम वापसी और मतदान की तिथि पहले ही घोषित की जा चुकी हैं. एक से अधिक उम्मीदवार होने पर मतदान 9 सितंबर को होगा. अधिसूचना के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो 21 अगस्त तक चलेगी. आयोग ने उपराष्ट्रपति चुनाव अधिनियम, 1952 की धारा 4 की उपधाराओं (1) और (4) के तहत अधिसूचना जारी की है. नामांकन पत्रों की जांच 22 अगस्त को होगी. मतदान 9 सितंबर को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक होगा. उसी दिन मतगणना भी होगी.

प्रेस कॉन्फ्रेंस: 'सबूतों के साथ' राहुल गांधी का दावा, महाराष्ट्र में हुई बड़ी धांधली

आयोग के साथ मिलकर सत्ताधारी दल कर रहा 'आपराधिक धोखाधड़ी'

एजेंसियां। नयी दिल्ली

कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग पर करारा हमला बोला है. उन्होंने विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि- महाराष्ट्र में 40 लाख वोट रहस्यमयी तरीके से जोड़े गए हैं. राहुल गांधी का आरोप है लोकसभा चुनाव 2024 और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के बीच इन मतदाताओं को जोड़ा गया है. कांग्रेस सांसद बीते कुछ समय से चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लेकर लगातार हमलावर हैं. उन्होंने महाराष्ट्र, कर्नाटक और कुछ अन्य जगहों की मतदाता सूची के आधार पर चौंकाने वाले दावे किए हैं. मतदाता सूची में जोड़े गए हजारों-लाखों नाम का उल्लेख करते हुए राहुल ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन न करते हुए वोट की चोरी की जा रही है. उन्होंने कई आंकड़ों का हवाला देते हुए चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा किया और कहा कि आयोग की विश्वसनीयता संदेह के घेरे में है.

भाजपा के लिए की जा रही है वोटों की चोरी : राहुल गांधी ने कांग्रेस की तरफ से जुटाए गए सबूतों का जिक्र करते हुए कहा कि वोटों की चोरी भाजपा के लिए की जा रही है. मतदाता सूची के मुद्दे पर कांग्रेस सांसद ने सवाल किया कि आयोग इस मुद्दे पर जवाब क्यों नहीं दे रहा है. उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र में चंद महीने में लाखों मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े गए, जो काफी चिंताजनक है. राहुल का कहना है कि, शाम पांच बजे के बाद वोटर टर्नआउट का बढ़ना भी हैरान करने वाला है.

भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत : नवंबर 2024 में कराए गए महाराष्ट्र विस चुनाव के नतीजों का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा, चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद हमारे संदेह की पुष्टि हुई कि चुनाव में 'धांधली' हुई... मशीन में पढ़ी जा सकने वाली मतदाता सूची नहीं मुहैया कराए जाने से हमें यकीन हो गया कि चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र में चुनाव में 'धांधली' के लिए भाजपा के साथ मिलीभगत की है.

वोटों की चोरी पकड़ने में छह महीने का वक्त लगा : इस दौरान राहुल ने सवाल पूछा- शाम पांच बजे के बाद वोटर क्यों बढ़े? चुनाव आयोग इसका जवाब दे. कांग्रेस पार्टी ने वोटों की धांधली के मामले में चुनाव आयोग से सवाल पूछे हैं, लेकिन आयोग ने एक भी जवाब नहीं दिया. इस दौरान राहुल गांधी ने दावा किया कि हमें वोटों की चोरी पकड़ने में छह महीने का वक्त लगा है.

कर्नाटक में भी फर्जी मतदाता होने का दावा

राहुल ने महाराष्ट्र के अलावा एक अन्य राज्य को लेकर भी चौंकाने वाला दावा किया. बकौल राहुल गांधी, कर्नाटक की महादेवपुरा सीट पर 6.5 लाख वोटों में से 1 लाख से अधिक वोटों की 'वोट चोरी' हुई. कांग्रेस के शोध में कर्नाटक के महादेवपुरा निर्वाचन क्षेत्र में एक लाख से अधिक फर्जी मतदाता, अवैध पते और बड़ी संख्या में मतदाता (बल्क वोटर्स) पाए गए.

भाजपा सत्ता-विरोधी भावना से ग्रस्त नहीं

राहुल ने कहा, सत्ता-विरोधी भावना एक ऐसी चीज है जो हर लोकतंत्र में हर पार्टी को प्रभावित करती है. लेकिन किसी कारण से, भाजपा लोकतांत्रिक ढांचे में एकमात्र ऐसी पार्टी है जो मूल रूप से सत्ता-विरोधी भावना से ग्रस्त नहीं है. एग्जिट पोल, ओपिनियन पोल एक बात कहते हैं, आपने हरियाणा चुनाव में देखा, आपने मध्य प्रदेश चुनाव में देखा और फिर अचानक परिणाम बड़े पैमाने पर बदलाव के साथ पूरी तरह से अलग दिशा में चले जाते हैं. इसमें हमारा अपना आंतरिक सर्वेक्षण भी शामिल है, जो काफी परिष्कृत है.

ऐसे 40 हजार वोटर हैं जिनका पता शून्य है

राहुल गांधी ने आगे कहा, ऐसे 40 हजार वोटर हैं जिनके पते शून्य है या फिर है ही नहीं... अलग-अलग नाम और अलग-अलग परिवार के लोग और जब हम वहां जाते हैं तो पता चलता है कि वहां कोई रहता ही नहीं है... चुनाव आयोग के मुताबिक इन पतों पर कई लोग रहते हैं लेकिन जब हम वहां जाते हैं तो पता चलता है कि वहां कोई रहता ही नहीं है... वोटर लिस्ट में कई लोगों की तस्वीरे नहीं हैं और अगर है भी तो ऐसी जिन्हें देखकर मतदाताओं की पहचान ही नहीं हो सकती.

चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप

राहुल गांधी ने कहा, मान लीजिए मुझे यह पता लगाना है कि क्या आपने दो बार वोट दिया है या आपका नाम मतदाता सूची में दो बार है, तो मुझे आपकी तस्वीर लेनी होगी और फिर उसे कागज के हर टुकड़े से मिलाना होगा.यही प्रक्रिया है, यह बहुत ही थकाऊ है. मैंने शुरू में सोचा कि हम कई सीटों पर चुनाव लड़ेंगे, लेकिन जब हमें इसका सामना करना पड़ा, तो समझ आया कि चुनाव आयोग हमें इलेक्ट्रॉनिक डेटा क्यों नहीं देता. क्योंकि वे नहीं चाहते कि हम ध्यान से देखें. इस काम में हमें छह महीने लगे. अगर चुनाव आयोग हमें इलेक्ट्रॉनिक डेटा देता, तो 30 सेकंड लगते. मैं दोहराता हूं, इसीलिए हमें इस तरह का डेटा दिया जा रहा है, ताकि उसका विश्लेषण न हो. इनमें ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्निशन की सुविधा नहीं है. इसलिए अगर इन्हें स्कैन भी करते हैं, तो डेटा नहीं निकाल सकते. आयोग इन कागजों की सुरक्षा क्यों कर रहा? वह ऐसे कागज देता है जिन्हें पढ़ा नहीं जा सकता.

राहुल के आरोपों पर आयोग बोला- सबूत के साथ शपथपत्र दें

राहुल बोले-देश के सामने दिया बयान ही मेरा शपथपत्र

कर्नाटक में वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के राहुल गांधी के आरोपों पर चुनाव आयोग का सख्त रुख है. आयोग ने राहुल गांधी को पत्र लिखकर कहा है कि यदि उन्होंने जिन वोटरों के नाम, पते और पहचान को लेकर धांधली के आरोप लगाए हैं, तो वे उसके प्रमाण के साथ शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करें. नहीं तो वे बयान वापस लें. जनता को गुमराह करना बंद करें. इस पर राहुल ने जवाब दिया कि वह नेता हैं और जो वह सार्वजनिक रूप से कह रहे हैं, इसे ही शपथ माना जाए. कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी पत्र पर जब राहुल गांधी से सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मैं नेता हूं. जो मैं जनता से कहता हूं, वही मेरे शब्द हैं. इसे ही मेरी शपथ मानिए. कि जिन आंकड़ों का वे जिक्र कर रहे, वो उनके नहीं बल्कि आयोग के ही डेटा है. दिलचस्प बात यह है कि आयोग ने इन आंकड़ों का खंडन नहीं किया है. उन्होंने यह नहीं कहा कि राहुल गांधी जिन मतदाता सूचियों की बात कर रहे हैं, वे गलत हैं. आप क्यों नहीं कहते कि ये गलत हैं? क्योंकि आप सच जानते हैं. और आप जानते हैं कि हम जानते हैं कि आपने ये काम पूरे देश में किया है.

वोट चोरी 5 तरह से होती है?

- डुप्लीकेट वोटर्स (11,965)
- फेक और इनवैलिड एड्रेस (40,009)
- एक ही पते पर बल्क वोटर्स (10,452)
- इनवैलिड फोटो (4132)
- फॉर्म 6 का दुरुपयोग (30,000)

किसी को छोड़ूंगा नहीं : राहुल गांधी ने आयोग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि आप चाहे किसी भी पॉजिशन पर हों, सीनियर हो या फिर जूनियर, हम आपको छोड़ेंगे नहीं. हमें लगता है कि वोटर लिस्ट में ये गड़बड़ियां कई सीटों पर हुई हैं. चुनाव आयोग को इस देश के लोगों को जवाब देना है.

एजेंसी की शक्तियों को लेकर उठे सवाल तो बोला सुप्रीम कोर्ट

बदमाशों की तरह काम नहीं कर सकती ईडी, हमें चिंता है...

एजेंसी। नयी दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि ईडी किसी बदमाश की तरह काम नहीं कर सकती है, उसको कानून के दायरे में

रहकर काम करना होगा. कोर्ट ने ईडी की छवि को लेकर चिंता जताई. कहा कि कानून लागू करने वाले, कानून का उल्लंघन करने वाले निकायों में अंतर होता है. बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार जस्टिस सूर्यकांत, उज्जवल भुईयां और एन कोटिश्वर सिंह की बेंच जुलाई 2022 के कोर्ट के एक आदेश के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी. इस फैसले में धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के तहत ईडी की व्यापक शक्तियों की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा गया था.

बेंच ने ईडी की छवि को लेकर चिंता जताते हुए कहा, हमने क्या देखा कि, जो संसद में मंत्री के बयान से भी सच साबित हो गया कि पांच हजार मामलों में से 10 से भी कम केस में दोषसिद्धि हुई. हालांकि, एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने ईडी का बचाव किया और कोर्ट को बताया कि ये अंतर क्यों है. उन्होंने कहा कि पीएमएलए मामलों में दोषसिद्धि दर कम इसलिए है, क्योंकि अमीर और ताकतवर लोग अच्छे वकीलों को हायर करते हैं और कई याचिकाएं दाखिल करते हैं. वे ट्रायल कोर्ट में केस भी नहीं चलने देते और उनमें देरी करते हैं.

एएसजी राजू ने कोर्ट से समीक्षा याचिकाओं पर विचार नहीं करने का अनुरोध करते हुए कहा कि अगर इन्हें अनुमति दी जाती है, तो उस मामले के आदेश को फिर लिखना होगा, जिसको इन्होंने चुनौती दी और इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती है. उन्होंने कहा कि समीक्षा याचिकाकर्ताओं ने 2022 के फैसले की समीक्षा को आधार नहीं बनाया है. इन्होंने एक चांस लिया, पर फेल हो गए और अब वे यह कह रहे हैं कि फैसला गलत था और समीक्षा की जानी चाहिए. राजू ने कहा कि इस तरह समीक्षा नहीं हो सकती, पहले उन्हें यह साबित करना होगा कि इन दो मुद्दों को पर रिकॉर्ड में त्रुटि है. समीक्षा के लिए मजबूत आधार बनाना होगा.

सीआरपीएफ की गाड़ी गहरी खाई में गिरी, तीन जवान शहीद

एजेंसियां। जम्मू

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर ज़िले के बसंतगढ़ क्षेत्र में गुरुवार सुबह दुखद दुर्घटना हुई. कंडवा इलाके के पास सीआरपीएफ का वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा. हादसे में तीन जवानों ने देश सेवा करते हुए अपने प्राण गंवा दिए, जबकि 15 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए.

यह दुर्घटना सुबह लगभग 10:30 बजे घटी, जब सीआरपीएफ की 187वीं बटालियन का वाहन बसंतगढ़ में एक ऑपरेशन के बाद लौट रहा था. संतुलन बिगड़ने से वाहन खाई में गिर गया. दुर्घटना के तुरंत बाद पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने बचाव अभियान शुरू किया. सभी घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उधमपुर स्थित सैन्य अस्पताल में एयरलिफ्ट किया गया.

दुर्घटना में शहीद हुए जवानों में कांस्टेबल आनंद कोच (137वीं बटालियन) और हेड कांस्टेबल अरविंद सिंह (187वीं बटालियन) शामिल हैं. शेष जवानों को गंभीर चोटें आई हैं, जिनमें से आठ की हालत अत्यंत गंभीर बताई जा रही है.

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा, उधमपुर में हुए हादसे में सीआरपीएफ कर्मियों के शहीद होने से अत्यंत दुखी हूं. राष्ट्र के प्रति उनकी समर्पित सेवा को कभी भुलाया नहीं जा सकता. मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं. वरिष्ठ अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि सभी प्रभावितों को हरसंभव सहायता और चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाए.

वाशिंगटन पोस्ट : अमेरिकी अखबार ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दिखाया आईना, लिखा

बारिश के अनुमान पर टीवी तोड़ेंगे या छाता निकालेंगे?

एजेंसियां। वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तुगलकी फरमान जारी करते हुए श्रम सांख्यिकी ब्यूरो की आयुक्त एरिका मैकएंटार्फर को बर्खास्त कर दिया. ट्रंप ने कहा कि उन्होंने सरकार को बदनाम करने के लिए रोजगार को लेकर जारी किए गए आंकड़ों में हेराफेरी की. ट्रंप के इस फैसले पर अमेरिका में थू-थू हो रही है. अमेरिकी अखबार वाशिंगटन पोस्ट ने अपने संपादकीय में ट्रंप के फैसले की निंदा की है. साथ ही, विस्तृत रिपोर्ट सामने रखा है.

ट्रंप के फैसले पर किया कटाक्ष : अखबार ने ट्रंप के फैसले पर कटाक्ष करते हुए लिखा- जब मौसम का पूर्वानुमान बारिश की भविष्यवाणी करता है तो आप छाता लेने का फैसला कर सकते हैं. इसके लिए आप टीवी नहीं तोड़ेंगे या फिर मौसम वैज्ञानिको को नौकरी से नहीं निकालेंगे, क्योंकि आपको बारिश पसंद नहीं है, लेकिन ट्रंप ने ऐसा ही किया. श्रम सांख्यिकी ब्यूरो की आयुक्त को नौकरी से सिर्फ इसलिए निकाल दिया क्योंकि आयुक्त एरिका मैकएंटार्फर ने राष्ट्रपति के मन मुताबिक रिपोर्ट जारी नहीं की.

सही है आकंड़ों का सामने आना जरूरी : अखबार ने लिखा- आदर्श स्थिति में अनुमान सटीक होते, लेकिन गति और सटीकता के लिए यह एक अपरिहार्य समझौता है. किसी मामले पर नीति के लिए नीति निर्माताओं को आकंड़ों की जरूरत पड़ती है. भले ही वो आकंड़े अधूरे क्यों न हों. पिछले दो

दशकों में नौकरी वृद्धि अनुमान और अंतिम संशोधित आंकड़ों के बीच का अंतर कम हुआ है.

ट्रंप के फैसले ने वाल स्ट्रीट को हिलाकर रख दिया : मैकाएंटर्फर की बर्खास्तगी ने वाल स्ट्रीट को हिलाकर रख दिया. भविष्य के आर्थिक आंकड़ों की विश्वसनीयता को कम कर दिया है. अखबार ने लिखा-सांख्यिकीविदों को ऐसे आंकड़े बताने के लिए नहीं निकाला जाना चाहिए जो राष्ट्रपति को पसंद न हों. राजनेता आर्थिक आकंड़ों के साथ खिलवाड़ करते हैं. यह देश की अर्थव्यवस्था के लिए घातक है. अखबार ने तर्क देते हुए कहा कि ग्रीस ने वर्षों तक बजट घाटे का आकार छिपाया. अर्जेंटीना ने नियमित रूप से मुद्रास्फीति के आंकड़े गढ़े. चीन ने अपनी विकास दर को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया. इससे इन देशों में व्यापक आर्थिक परेशानी देखने को मिली है. जेपी मॉर्गन चेज के मुख्य अमेरिकी अर्थशास्त्री माइकल फेरोली ने फेडरल रिज़र्व के अध्यक्ष जेरोम एच पॉवेल को बर्खास्त करने की ट्रंप की धमकियों का ज़िक्र करते हुए कहा, एक दोषपूर्ण पैनल का होना उतना ही खतरनाक हो सकता है जितना कि एक आज्ञाकारी पक्षपातपूर्ण पायलट का होना.

जल्द होगी नए नाम की घोषणा : ट्रंप प्रशासन ने बर्खास्तगी के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि वह इस हफ्ते नए नाम की घोषणा कर देगा. व्हाइट हाउस के आर्थिक सलाहकार केविन हैसेट ने कहा, राष्ट्रपति चाहते हैं कि उनके अपने लोग वहां मौजूद हों. लेकिन सीनेट को नामित व्यक्ति के चार साल के कार्यकाल की पुष्टि करनी होगी. आदर्श चयन वह व्यक्ति होगा, जिसकी विश्वसनीयता हो, डेटा संग्रह में विशेषज्ञता हो और निष्पक्ष होने का सिद्ध रिकॉर्ड हो. सरकार के सांख्यिकीविदों को सच बोलने के साथ -साथ आधुनिकीकरण करने वाले भी होने चाहिए. अमेरिकी आंकड़े जितने सटीक होंगे, लंबी अवधि में हमारी अर्थव्यवस्था उतनी ही बेहतर होगी.

गुजरात एटीएस ने किया पाकिस्तान की साजिश का खुलासा

अल-कायदा की शमा परवीन का पाक सेना चीफ असीम मुनीर से कनेक्शन

शुभम संदेश डेस्क

गुजरात एटीएस ने सनसनीखेज खुलासे में अल-कायदा की मास्टरमाइंड शमा परवीन का सीधा कनेक्शन पाकिस्तान सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से था. उसने सोशल मीडिया पर न केवल अल-कायदा के प्रचार को बढ़ावा दिया, बल्कि भारत में 'गजवा-ए-हिंद' और 'खिलाफत प्रोजेक्ट' को लागू करने के लिए पाकिस्तानी सेना से हमले की अपील भी की थी.

30 वर्षीय शमा परवीन, जो मूल रूप से झारखंड के कोडरमा जिले की रहने वाली है और पिछले 12 साल से बेंगलुरु में रह रही थी, अल-कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस) के टेरर मॉड्यूल की मुख्य सरगना

बताई जा रही है. गुजरात एटीएस के अनुसार, शमा ने इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भड़काऊ सामग्री साझा कर युवाओं को कट्टरपंथ की ओर उकसाने का काम किया.

उसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 7 से 10 मई के बीच कई पोस्ट्स में पाकिस्तान सेना प्रमुख असीम मुनीर से भारत में इस्लामी शासन स्थापित करने की मांग की थी.

पाक से सीधा संपर्क

शमा परवीन आईएसआई और अन्य आतंकी संगठनों के संपर्क में थी. उसके इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज से मिले सबूतों ने पाक से उसके सीधे संबंधों की पुष्टि की है. शमा ने अल-कायदा के पूर्व चीफ मौलाना असीम उमर और लाहौर लाल मस्जिद के इमाम अब्दुल अजीज के भड़काऊ बयानों को सोशल मीडिया पर साझा कर भारत में धार्मिक उन्माद और हिंसा फैलाने की कोशिश की. एटीएस के मुताबिक, ऑपरेशन सिंदूर के दो दिन बाद, शमा ने अपने फेसबुक अकाउंट जनरल असीम मुनीर से भारत पर हमला करने और 'खिलाफत प्रोजेक्ट' को लागू करने का आह्वान किया था. उसने इसे "सुनहरा मौका" करार दिया.

गुरुजी की याद में सीएम हेमंत ने किया भावुक पोस्ट, कहा

नेमरा की धरती गवाह है उनके संघर्ष की

शुभम संदेश। रांची

सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा किया, जिसमें उन्होंने अपने पिता शिबू सोरेन और दादाजी सोना सोबरन मांझी को याद किया.

अपनी तस्वीर के साथ गुरुवार सुबह हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर जो पोस्ट साझा की, वह शब्दों से नहीं, आत्मा से लिखी गई थी. उन्होंने अपने पिता दिशोम गुरु और दादा जी वीर शहीद सोना सोबरन मांझी को याद करते हुए लिखा, नेमरा की यह

बेटे को ज्यादा खल रहा है पिता का जाना

झारखंड आंदोलन के पुरोधा और आदिवासी अस्मिता के प्रतीक दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के बाद पूरे राज्य में शोक की लहर है. लेकिन गुरु जी का जाना सबसे ज्यादा उनके बेटे हेमंत सोरेन को खल रहा है. झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने एक बार फिर अपने पिता दिशोम गुरु को याद कर भावुक पोस्ट साझा किया है. दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने आदिवासी अधिकारों और झारखंड राज्य निर्माण के लिए लंबा संघर्ष किया है. नेमरा गांव से उन्होंने अपनी राजनीतिक और सामाजिक यात्रा की शुरुआत की थी. शिबू सोरेन का जाना न सिर्फ एक परिवार की व्यक्तिगत क्षति है, बल्कि एक युग का अंत भी है. उनके निधन के बाद झारखंड सहित देशभर से श्रद्धांजलियों का सिलसिला जारी है. कई सामाजिक और राजनीतिक संगठन शोक सभा का आयोजन कर बाबा को याद कर रहे हैं.

क्रांतिकारी और वीर भूमि, दादाजी की शहादत और बाबा के अथाह संघर्ष की गवाह है. उन्होंने आगे लिखा कि यहां के जंगल, नदियां, और पहाड़ उस क्रांति के साक्षी हैं, जिसने झारखंड के लिए संघर्ष किया. उन्होंने अपने दादाजी सोना सोबरन मांझी को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, वीर शहीद सोना सोबरन मांझी अमर रहें! साथ ही उन्होंने झारखंड के निर्माता और अपने पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भी याद करते हुए लिखा, झारखंड राज्य निर्माता वीर दिशोम गुरु शिबू सोरेन अमर रहें! यह कोई साधारण पोस्ट नहीं थी, यह पीढ़ियों के संघर्ष की आवाज़ थी. यह उस बेटे की पुकार थी, जो आज भी अपने पिता की छाया में खुद को ढूंढ रहा है.

राज्यपाल पहुंचे नेमरा, दिशोम गुरु को श्रद्धांजलि दी

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के रामगढ़, नेमरा स्थित पैतृक आवास पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु स्मृति-शेष शिबू सोरेन की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी. माननीय राज्यपाल गंगवार ने ईश्वर से दिवंगत शिबू सोरेन को अपने श्रीचरणों में स्थान देने, उनकी आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को इस विकट दुःख को सहन करने का संबल प्रदान करने की प्रार्थना की. राज्यपाल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना प्रकट की और उनका ढांढ़स बंधाते हुए कहा कि दुःख की इस घड़ी में हम सभी उनके साथ हैं.

नेमरा में सीएम हेमंत सोरेन ने निभाया पिता शिबू सोरेन का 'तीन कर्म', क्रांतिकारी धरती को किया नमन

शुभम संदेश। नेमरा/ रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने पिता, पूर्व मुख्यमंत्री और दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्ध कर्म की विधि पूरी कर रहे हैं. शिबू सोरेन के पारंपरिक श्राद्ध कर्म के दौरान नेमरा, रामगढ़ स्थित पैतृक आवास में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने परिजनों के साथ 'तीन कर्म' की परंपरा का निर्वहन किया. इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ उनकी माता रूपी सोरेन, छोटे भाई बसंत सोरेन, पत्नी कल्पना सोरेन, बहन अंजली सोरेन, भाभी सीता सोरेन समेत परिवार के अन्य सदस्य और रिश्तेदार मौजूद रहे. सभी ने पूरे विधि-विधान के साथ संस्कारों का निर्वहन किया. सीएम हेमंत सोरेन ने अपने दादाजी वीर शहीद सोना सोबरन मांझी और दिशोम गुरु शिबू सोरेन को नमन करते हुए "अमर रहें" का उद्घोष किया और नेमरा की क्रांतिकारी धरती को प्रणाम किया. इस बीच, नेमरा गांव में श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा. लगातार लोग मुख्यमंत्री से मिलकर शोक व्यक्त कर रहे हैं. रामगढ़ के डीसी फैज़ अक़ अहमद मुमताज़ और एसपी गांव में मौजूद रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं. भीड़ को देखते हुए गांव से करीब 4 किलोमीटर दूर वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की गयी है. बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता भी गांव में डटे हुए हैं.

जब कोई साधारण इंसान भगवान बन जाता है !

डॉ कंवरदीप सिंह

झारखंड के पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ कंवरदीप सिंह ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है. कहा कि झारखंड के आदिवासी, पिछड़े, गरीब और असहाय लोगों के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले स्व शिबू सोरेन गुरुजी कब उन आदिवासियों के लिए भगवान बन गए, ये शायद गुरुजी को भी अंदाजा नहीं हुआ होगा. गुरुजी सिर्फ एक नाम ही नहीं, एक युग थे. एक विचार, एक आंदोलन, एक संघर्ष और एक उम्मीद थे. एक अनुकरणीय नेतृत्व, जिसने आदिवासी, पिछड़े एवं दलितों के अधिकार और न्याय के लिए जीवनभर संघर्ष किया. गुरुजी की आत्मा झारखंड की मिट्टी, यहां के जंगल, पहाड़ों में बस्ती थी, तो यहां के आदिवासी और पिछड़ों की आत्मा गुरुजी में. गुरुजी के आंदोलन ने न सिर्फ झारखंड के जंगलों और पहाड़ों पर बसने वाले आदिवासियों के जीवन को अंधकार से निकाला, बल्कि झारखंड के जन, जंगल, पहाड़ और अस्मिता की भी रक्षा की और झारखंड अलग राज्य के निर्माण का सपना साकार किया. और इस तरह वो झारखंड के आदिवासियों और पिछड़ों के दिशोम गुरु (भगवान) बन गए. ऐसी महान आत्मा को मैं नमन करता हूं. मुझे भी गुरुजी के जीवन दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ और उनका आशीर्वाद मिला. झारखंड राज्य से राज्यसभा के सांसद के तौर पर मेरे कार्यकाल के दौरान कई बार गुरुजी से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ और हर बार उनके जीवन दर्शन से कुछ नया सीखने को मिला. गुरुजी से मिलकर सचमुच महसूस हुआ कि वो दिशुम गुरु (भगवान का अवतार) हैं. न कोई गुरूर, न किसी के लिए कोई कटुता, सभी के लिए प्यार और आशीर्वाद. ऐसी आत्माएं सदियों में एक बार जन्म लेती हैं.मैं ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं. ईश्वर शोक संतप्त परिवारजनों को भी इस पीड़ा को सहने की शक्ति प्रदान करें. इस दुःख की घड़ी में मेरी पूरी संवेदना और सहानुभूति उनके परिवारजनों के साथ है. राज्य के मुख्यमंत्री और गुरुजी के सुपुत्र हेमंत सोरेन अपने पिता के नक्शे क़दम पर चलते हुए उनकी विरासत और कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं. उनके साथ मेरी पूरी सहानुभूति है. विकसित और अग्रणी झारखंड के गुरुजी के सपनों के निर्माण में जब भी जरूरत पड़ी, मैं अपना योगदान देने के लिए कृतसंकल्प हूं. गुरुजी के प्रति यही मेरी सच्ची श्रद्धांजलि होगी.

(-लेखक पूर्व राज्यसभा सांसद, झारखंड हैं)

राज्य की समस्याओं के समाधान के लिए करें शोध

सरकार देगी दो से 10 लाख रुपए

शुभम संदेश। रांची

झारखंड राज्य सरकार ने मौजूदा समस्याओं के तकनीकी समाधान के लिए शोध को बढ़ावा देने पर जोर दिया है. इसके लिए झारखंड विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार परिषद (जेसीएसटीआई) ने आवेदन आमंत्रित किया है. शोध करने वालों को दो से 10 लाख रुपए तक का अनुदान भी दिया जाएगा. इसके तहत माइनर प्रोजेक्ट के लिए दो लाख रूपए दिए जाएंगे. इसकी अवधि 12 महीने की होगी. मेजर प्रोजेक्ट के लिए पांच लाख रूपए दिए जाएंगे. इसकी अवधि 24 महीने की होगी. लॉन्ग टर्म प्रोजेक्ट के लिए 10 लाख रूपए दिए जाएंगे. इसकी अवधि 36 महीने की होगी.

कौन कर सकते हैं शोध : यूजीसी व एआईसीटीई से अनुमोदित संस्थानों के वैज्ञानिक,शोधकर्ता, छात्र, संकाय सदस्य शोध के लिए प्रस्ताव दे सकते हैं. इसके अलावा राष्ट्रीय महत्व के संस्थान, राज्य के विश्वविद्यालयों या राज्य व केंद्र सरकार के संगठनों के घटक व संबद्ध कॉलेज के वैज्ञानिक,शोधकर्ता, छात्र, संकाय सदस्य भी आवेदन करने के पात्र हैं. झारखंड के अन्य पंजीकृत संगठन या उद्योग, जिनकी शोध पृष्ठभूमि स्थापित है, शोध परियोजना के लिए उपर्युक्त संस्थानों में से किसी के साथ सहयोग कर सकते हैं. एक संयुक्त टीम बना सकते हैं, जिसमें प्रमुख शोधकर्ता आदि शामिल हों. ऐसे सहयोगों का आवेदन में स्पष्ट रूप से उल्लेख होना अनिवार्य है. ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त और हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर निर्धारित की गई है.

क्या है शोध का मापदंड

प्रस्तुत शोध प्रस्ताव किसी मौजूदा समस्या का तकनीकी समाधान या किसी ऐसे उत्पाद का विकास करेगा जो मौजूद समस्या का समाधान कर सके

- प्रस्तुत प्रस्तावों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से उत्पन्न कोई सामग्री नहीं होनी चाहिए
- 12 फीसदी से कम साहित्यिक चोरी की सामग्री होनी चाहिए
- प्रस्तुत प्रस्ताव विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र से होने चाहिए
- सर्वेक्षण व जांच परियोजना नहीं होनी चाहिए
- कम से कम एक प्रधान अन्वेषक प्रस्तावित शोध परियोजना के क्षेत्र में विषय विशेषज्ञ होना चाहिए.

शराब दुकानों की नीलामी के लिए आवेदन आज से, अधिसूचना जारी

शुभम संदेश। रांची

राज्य में शराब की खुदरा बिक्री के लिए दुकानों की नीलामी में हिस्सा लेने के लिए आठ अगस्त से आवेदन स्वीकार किया जाएगा. 22 अगस्त को नीलामी की प्रक्रिया शुरू होगी. नीलामी में सफल होने वालों को 29 तक गारंटी की राशि आदि जमा करना होगा. सरकार ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है. शराब की खुदरा बिक्री के लिए कुल 1343 की नीलामी में हिस्सा लेने के लिए आठ अगस्त से पोर्टल (Exciselottery.jharkhand.gov.in) ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किया जाएगा. आवेदन देने की अंतिम तिथि 20 अगस्त 2025 निर्धारित है. नीलामी में हिस्सा लेने के लिए आवेदन शुल्क और अरनेस्ट मनी का भुगतान डिजिटल माध्यम से किया जाएगा. 20 अगस्त तक भुगतान को सत्यापित करने वाले दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड करना होगा. राशि जमा नहीं करने वाले लोग नीलामी में हिस्सा नहीं ले सकेंगे.

कंप्यूटर रेंडमजाइनेशन के सहारे 22 अगस्त को 11 बजे से ई-लॉटरी की प्रक्रिया शुरू की जायेगी. लॉटरी की जानकारी विभाग और जिला के वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाएगा. नीलामी की प्रक्रिया दुकानों के एमजीआर के डिसेंडिंग ऑर्डर में की जाएगी. लॉटरी का रिजल्ट उत्पाद विभाग के पोटर्ल और जिला के वेबसाइट पर उपलब्ध होगा. लॉटरी में सफल होने वाले को 25 अगस्त तक आवेदन और सभी दस्तावेज का स्व प्रमाणित फोटो कॉपी जिला उत्पाद कार्यालय में जमा करना होगा. सफल होने वालों के गारंटी और लाइसेंस फीस की राशि एक मुश्त 25 अगस्त तक जिला उत्पाद कार्यालय में जमा करना होगा. 29 अगस्त तक दुकानों का अनापत्ति प्रमाण पत्र जमा करने होगा. साथ ही अग्रि उत्पाद परिवहर कर जमा करना होगा.

मनी लॉन्ड्रिंग केस: पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की

रांची। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. उन्होंने झारखंड हाईकोर्ट द्वारा जमानत याचिका खारिज किए जाने के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में अपील दाखिल की है. इससे पहले 11 जुलाई को झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने उनकी जमानत याचिका नामंजूर कर दी थी. गौरतलब है कि आलमगीर आलम को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 15 मई 2022 को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था. उन पर टेंडर घोटाले के जरिए करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने का आरोप है. ईडी के अनुसार, उनके निजी सचिव संजीव कुमार लाल और नौकर जहांगीर आलम के पास से 32.30 करोड़ रुपये की नकदी बरामद की गई थी. इस भारी-भरकम रकम को टेंडर घोटाले से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है. गिरफ्तारी के बाद से ही पूर्व मंत्री जेल में बंद हैं.

पूर्व पार्षद शबाना के पति के हत्यारोपी इमरान को हाईकोर्ट से मिली जमानत

रांची। राजधानी रांची की पूर्व पार्षद शबाना खान के पति रिंकू खान की हत्या के आरोप में जेल में बंद इमरान को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है. हाईकोर्ट ने गुरुवार को इमरान की जमानत याचिका स्वीकार करते हुए उसे बेल दे दी है. इमरान की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अंबुज नाथ की कोर्ट में सुनवाई हुई. इमरान की ओर से अधिवक्ता राहुल पांडेय ने कोर्ट में बहस की. बता दें कि कि बीते 23 मार्च 2022 को पैसे के लेनदेन को लेकर पूर्व पार्षद शबाना खान के पति रिंकू की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. रांची सिविल कोर्ट ने इस केस में अयूब, हैदर अली और फिरदौस उर्फ बबलू को उम्रकैद की सजा सुनाई है. इमरान से पहले हाईकोर्ट से अयूब और हैदर को भी जमानत मिल चुकी है.

स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल हो दिशोम गुरु शिबू सोरेन की जीवनी: आलोक दूबे

रांची। पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) ने झारखंड सरकार से जननायक दिशोम गुरु शिबू सोरेन की जीवनी को स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग की है. पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा कि दिशोम गुरु का जीवन त्याग, संघर्ष और सामाजिक न्याय का प्रतीक है, जिसे जानना हर झारखंडी बच्चे का अधिकार है.पासवा का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और प्रभारी शिक्षा मंत्री से मिलकर इस संबंध में औपचारिक प्रस्ताव सौंपेगा. पासवा ने निजी स्कूलों में शिबू सोरेन की जीवनी को लेकर जागरूकता कार्यक्रम भी शुरू कर दिया है.संस्था चाहती है कि उनकी जीवनी, प्रेरणादायक कहानियों, ऐतिहासिक घटनाओं और सामाजिक संघर्ष को प्राथमिक से लेकर उच्च माध्यमिक स्तर तक पढ़ाया जाए.

हस्तकरघा दिवस — डोरंडा कॉलेज में विशेष कार्यक्रम का आयोजन, राज्यपाल भी शामिल हुए

'हैंडलूम फॉर होम' को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं : गंगवार

शुभम संदेश। रांची

हस्तकरघा सिर्फ कला नहीं, आत्मनिर्भर भारत की नींव है

12वें राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस के मौके पर रांची के डोरंडा कॉलेज में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने समारोह को संबोधित करते हुए हस्तकरघा क्षेत्र को आत्मनिर्भर भारत की बुनियाद बताया.उन्होंने कहा कि हस्तकरघा केवल एक कला नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता, संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रतीक है. हर धागा और हर बुनाई हमारी लोक-कथाओं और रीति-रिवाजों को दर्शाती है. मौके पर राज्यपाल ने पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की और बुनकरों को सम्मानित भी किया. राज्यपाल ने प्रधानमंत्री के 'वोकल फॉर लोकल' और 'हैंडलूम फॉर होम' अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन पहलों ने स्वदेशी वस्त्रों के प्रति लोगों के सम्मान को और बढ़ाया है. अपने पूर्व अनुभवों को साझा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि जब वे वस्त्र मंत्रालय में थे, तब उन्होंने देशभर के बुनकरों की समस्याओं को नजदीक से समझा और उनके सशक्तिकरण के लिए कार्य किया.

राज्यपाल ने झारखंड की पारंपरिक हस्तकरघा विधाओं जैसे तसर रेशम और कत्था कढ़ाई की भी सराहना की और कहा कि इनकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बनी हुई है. उन्होंने "संगठन से सफलता" और "फैशन के लिए खादी" जैसी फिल्मों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये फिल्में बुनकरों के सामाजिक और आर्थिक महत्व को सामने लाने में सहायक रही हैं.

कार्यक्रम का आयोजन वीवर्स डेवलपमेंट एंड रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूडीआरओ) और भाजपा के बुनकर प्रकोष्ठ के संयुक्त प्रयास से किया गया था. राज्यपाल ने इस पहल की सराहना की और सभी से अपील की कि 'हैंडलूम फॉर होम' को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं.

रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन चुका है डिजिटल भुगतान : बाबूलाल

शुभम संदेश। रांची

झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने डिजिटल पेमेंट की सराहना की है. उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि 2014 से पहले जो डिजिटल भुगतान एक विकल्प था, अब वो हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन चुका है. प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने आगे लिखा कि अब ऑटो रिक्शा और चाय की टपरी वाले भी डिजिटल पेमेंट का इस्तेमाल कर रहे हैं. साल 2020 से 2025 के बीच भारत में 65,000 करोड़ से ज्यादा डिजिटल लेन-देन हुए हैं, जिनका कुल मूल्य 12,000 लाख करोड़ से भी ऊपर है.

बाबूलाल ने इस बड़े बदलाव का श्रेय केंद्र की मोदी सरकार को दिया है. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का नीति निर्धारण और तकनीकी मानकों पर सतत विश्लेषण व परिश्रम के कारण यह संभव हो सका है.

डिजिटल ट्रांजैक्शन बढ़ने से सरकारी योजनाओं का पैसा लोगों तक पहुंचना हुआ आसान : नेता प्रतिपक्ष ने एक अन्य पोस्ट में लिखा कि डिजिटल ट्रांजैक्शन बढ़ने से नकदी पर निर्भरता घटी है, लेन-देन में पारदर्शिता आई है और सरकार की योजनाओं का पैसा सीधे लोगों तक पहुंचना आसान हुआ है. यह मोदी सरकार के नेतृत्व में बना वह ढांचा है, जिसने तकनीक को हर भारतीय के लिए सुलभ और सरल बना दिया है. यही असली डिजिटल इंडिया है.

डिजिटल इकोनॉमी सिर्फ शहरों तक सीमित नहीं

डिजिटल भुगतान की प्रगति को मापने के लिए आरबीआई द्वारा बनाई डिजिटल पेमेंट्स इंडेक्स (डीपीटी) का हवाला देते हुए मरांडी ने लिखा कि सितंबर 2024 में डीपीआई इंडेक्स 465 .33 पर पहुंच गया, यानी डिजिटल इकोनॉमी अब सिर्फ शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में फैल चुकी है. साल दर साल इसमें तेजी से वृद्धि हो रही है.

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, शुक्रवार 08 अगस्त 2025 I श्रावण शुक्ल पक्ष 14, संवत 2082 I रांची एवं पटना से प्रकाशित I वर्ष : 3, अंक : 122 I मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12

स्पोर्ट्स

ओलंपिक मेडलिस्ट लवलीना ने लगाया अपमान का आरोप, आईओए ने शुरू की जांच

भारत का अगला घरेलू टेस्ट मैच वेस्टइंडीज से अक्टूबर में

अब बीसीसीआई से कोई नहीं कर सकेगा सवाल, भारत सरकार ने बदला कानून

कनेडियन ओपन 2025: ओसाका ने टॉरेन को हराकर फाइनल में बनाई अपनी जगह

नाबालिग लड़की ने दिया बच्ची को जन्म आरोपी ने की डीएनए टेस्ट कराने की मांग

शुभम संदेश। कोडरमा

जिले में एक नाबालिग ने बच्ची को जन्म दिया है. लड़की का पड़ोस में रहने वाले युवक के साथ प्रेम प्रसंग की बात कही है. लड़की ने कहा है कि उनके बीच शारीरिक संबंध बने, जिससे वह गर्भवती हो गई. पीड़िता के पिता ने कोडरमा थाने में आवेदन दिया है. पिता ने न्याय की गुहार लगाई है. पीड़िता ने आवेदन में बताया कि युवक ने उसे प्रेम जाल में फंसाकर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए. लड़की के माता पिता को कुछ दिनों पहले नाबालिग के गर्भवती होने का पता चला. पूछताछ पर लड़की ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले लड़के ने ही उसे गर्भवती किया है. नाबालिग के पिता ने इस बात को गांव वालों के सामने रखा. लड़के के पिता ने कहा है कि मेरे बेटे को फंसाया जा रहा है. रविवार को गांव वालों ने लड़के के पिता से बात करने के लिए बैठक की. लड़के के पिता ने कहा कि बच्चे का डीएनए टेस्ट कराया जाए. अगर वह उनके बेटे के डीएनए से मिलता है, तो वे नाबालिग लड़की और उसके बच्चे को स्वीकार करने को तैयार हैं.

पाकुड़ को छोड़ झारखंड के सभी 23 जिलों में हुई अच्छी बारिश

शुभम संदेश। रांची

पाकुड़ जिले को छोड़ कर झारखंड के शेष 23 जिलों में इस वर्ष अच्छी बारिश दर्ज की गई है. इस वर्ष झारखंड में सामान्य से 43 प्रतिशत अधिक बारिश रिकार्ड की गई है. मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार राज्य में एक जून से छह अगस्त तक 571.1 मिलीमीटर के मुकाबले 817.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है. सबसे अधिक बारिश राज्य के पूर्वी सिंहभूम में 615.8 मिलीमीटर के मुकाबले 1225.6 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई है. इसके अलावा सरायकेला खरसावां में 569.7 मिलीमीटर के मुकाबले 275.4 मिलीमीटर बारिश हुई है. रांची जिले में 591 मिलीमीटर के मुकाबले 1015.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है. इसके अलावा राज्य के अन्य जिले जहां इस दौरान भारी बारिश रिकॉर्ड की गई है उनमें सिमडेगा में 713.6 मिलीमीटर के मुकाबले 913 मिलीमीटर, लातेहार में 579.4 के मुकाबले 1005.5 मिमी, धनबाद में 592.5 मिलीमीटर के मुकाबले 983.7 मिलीमीटर, बोकारो में 506.1 मिलीमीटर की तुलना में 751.1 मिमी, पश्चिमी सिंहभूम में 564.9 मिलीमीटर की तुलना में 878.8 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई है.

वहीं सबसे कम बारिश वाले जिले पाकुड़ में इस वर्ष 646 मिलीमीटर की तुलना में 564.7 मिलीमीटर बारिश ही दर्ज की गई जो सामान्य से 16 प्रतिशत कम है. मौसम विभाग ने आठ अगस्त से 12 अगस्त तक राज्य के विभिन्न इलाकों में कहीं - कहीं भारी बारिश होने की आशंका व्यक्त की है. इन जगहों पर आकाशीय बिजली गिरने के अलावा 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी आशंका है. इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है. गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा. हालांकि बाद में आसमान में आंशिक बादल छाए रहे इससे हल्की गर्मी और उमस का एहसास हुआ. गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री, जमशेदपुर में 35.2, डालटेनगंज में 32.8, बोकारो में 32.1 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया.

ब्रीफ न्यूज

सिमडेगा में सांप के डसने से वृद्ध की मौत

सिमडेगा। ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के कोरोमियां पंचायत के भूटकुदर गांव में सांप के काटने से 65 वर्षीय अल्बिनुस बा की मौत हो गई. यह घटना बुधवार देर रात की है. परिजनों के अनुसार, अल्बिनुस बा घर में जमीन पर सो रहे थे, तभी एक जहरीले करैत सांप ने उन्हें काट लिया. जब घरवालों ने कुछ असामान्य महसूस किया और रोशनी जलाई, तो उन्होंने सांप को भागते हुए देखा. रात में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण घायल अल्बिनुस को घर पर ही रखा गया. सुबह होने पर परिजन उन्हें ठेठईटांगर रेफरल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है. प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज भी अस्पताल पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की.

युवक ने की खुदकुशी जांच में जुटी पुलिस

जमशेदपुर। जुगसलाई थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक युवक का शव उसके कमरे में फंदे से लटका मिला. पुलिस मामले की जांच में जुटी है. जुगसलाई एमई स्कूल रोड निवासी 30 वर्षीय चेतन जायसवाल ने अपने घर में फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली. चेतन अविवाहित था और अपनी बहनों के साथ रहता था. घटना की जानकारी गुरुवार सुबह उस वक्त मिली जब चेतन ने अपने कमरे का दरवाजा नहीं खोला. परिजनों के आवाज देने पर जब कोई जवाब नहीं मिला, तो उन्होंने दरवाजा तोड़ने से पहले पुलिस को सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खुलवाकर देखा तो चेतन का शव फंदे से लटका हुआ मिला. पुलिस ने शव को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. प्राथमिक जांच में सामने आया है कि युवक ने दुपट्टे का इस्तेमाल कर खुदकुशी की है. हालांकि खुदकुशी के पीछे की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है. जुगसलाई थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले में कुछ कहा जा सकता है.

धनबाद जेल में गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या कराने वाला कुख्यात आशीष रंजन सिंह की थी तलाश

प्रयागराज में एसटीएफ से हुई मुठभेड़ में कुख्यात आशीष रंजन उर्फ छोटू मारा गया

शुभम संदेश। धनबाद

धनबाद के कुख्यात अपराधी आशीष रंजन उर्फ छोटू सिंह को उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने प्रयागराज में मुठभेड़ के दौरान मार गिराया. दर्जनों संगीन आपराधिक मामलों में वांछित छोटू पर हत्या, रंगदारी, हथियार तस्करी और गैंगवार से जुड़े कई केस दर्ज थे. झारखंड पुलिस उसे लंबे समय से तलाश रही थी. यूपी एसटीएफ को सूचना मिली थी कि छोटू प्रयागराज में छिपा हुआ है. बुधवार देर रात घेराबंदी की गई, लेकिन खुद को घिरा देख छोटू ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी. जवाबी कार्रवाई में वह गोली लगने से घायल हो गया. इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई.

बता दें कि दो साल पहले, 3 दिसंबर, 2023 को धनबाद मंडल कारा में गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या कर दी गई थी. सीआईडी की जांच में यह खुलासा हुआ था कि कोयलांचल पर वर्चस्व की लड़ाई के चलते आशीष रंजन सिंह ने ही सुंदर यादव उर्फ रितेश यादव के साथ मिलकर जेल के अंदर अमन सिंह की हत्या की साजिश रची थी. अमन सिंह नीरज सिंह हत्याकांड के सिलसिले में जेल में बंद था और आशीष रंजन, रिंकू सिंह, विकास बजरंगी, सतीश कुमार, चंदन यादव, अमर रवानी, शहजाद कुरैशी और बंटी शर्मा जैसे साथियों के साथ मिलकर रंगदारी वसूलता था. ये सभी एक ही गिरोह के सदस्य थे. हालांकि, बाद में अमन सिंह ने अपना खुद का वर्चस्व स्थापित कर लिया था, जिससे उसके और उसके साथियों के बीच विवाद बढ़ गया था.

गैंगवार का मास्टरमाइंड, धनबाद में था खौफ : धनबाद में छोटू सिंह का नाम आपराधिक दुनिया में बड़े डर और खौफ से लिया जाता था. उसने कई गैंगवार को अंजाम दिया और स्थानीय कारोबारियों से जबरन वसूली कर आतंक मचा रखा था. उसके खिलाफ झारखंड के कई जिलों में गिरफ्तारी वारंट जारी थे.

बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था : मुठभेड़ के बाद आशीष के पास से एक एके-47 और 9 एमएम की पिस्तौल समेत कई हथियार बरामद किए गए हैं. आशीष रंजन सिंह उर्फ छोटू, जो मूल रूप से धनबाद के जेसी मलिक रोड का रहने वाला था, अपने एक साथी के साथ मिलकर किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था. एसटीएफ को मिली सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर जेपी राय ने अपनी टीम के साथ शंकरगढ़ पहुंच कर घेराबंदी की. जब टीम ने आशीष को पकड़ने की कोशिश की, तो उसने एके-47 और पिस्टल से उन पर फायरिंग कर दी. जवाबी कार्रवाई में आशीष गोली लगने से घायल हो गया. उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

एसटीएफ की कार्रवाई से पुलिस को राहत

छोटू के मारे जाने के बाद झारखंड पुलिस और खासकर धनबाद पुलिस को बड़ी राहत मिली है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अब कोयलांचल क्षेत्र में अपराधों पर अंकुश लगेगा. छोटू के नेटवर्क को खत्म करने के लिए अब पुलिस ने उसके गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश तेज कर दी है.

यूपी और बिहार में था सक्रिय

आशीष रंजन के खिलाफ धनबाद जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में रंगदारी, बमबाजी, हत्या समेत जानलेवा हमले के मामले दर्ज हैं. गैंगस्टर अमन सिंह की तीन दिसंबर 2023 को धनबाद जेल में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. आशीष रंजन उर्फ छोटू सिंह ने सोशल मीडिया पर ऑडियो वायरल कर अमन की हत्या की जिम्मेदारी ली थी. बाइक चोरी के आरोप में जेल में बंद सुंदर उर्फ रितेश यादव ने तीन दिसंबर 2023 को अमन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी. उसकी हत्या का मास्टरमाइंड आशीष रंजन था. आशीष रंजन के इशारे पर ही अमन सिंह की हत्या की गई थी. वहीं सरायढेला के जमीन कारोबारी समीर मंडल की हत्या हुई थी. जिसमें आशीष पहली बार जेल गया था. 12 मई 2021 को सरफुल हसन उर्फ लाला की हत्या में भी उसका नाम आया था.

750 करोड़ का जीएसटी घोटाला: झारखंड, बंगाल और महाराष्ट्र में ईडी की बड़ी कार्रवाई

12 ठिकानों पर छापेमारी

शुभम संदेश। रांची

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 750 करोड़ रुपये के फर्जी जीएसटी चालानों से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में झारखंड, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र में बड़ी कार्रवाई की है. ईडी की टीमें इन तीन राज्यों में कुल 12 परिसरों पर छापेमारी कर रही हैं. झारखंड के रांची और जमशेदपुर में ईडी ने सबसे ज्यादा 8 ठिकानों पर एकसाथ रेड डाली. जिन जगहों पर तलाशी ली गई, वहां सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और लोगों की आवाजाही पर रोक लगाई गई थी.

फर्जी आईटीसी घोटाले की जांच

यह मामला मुखौटा कंपनियों और अवैध लेन-देन के जरिए झारखंड में 750 करोड़ रुपये के फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) बनाने से जुड़ा है. ईडी को जांच में पता चला कि इस घोटाले के तार पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र तक फैले हुए हैं. कोलकाता के साल्टलेक सहित दो जगहों पर और महाराष्ट्र में भी दो जगह छापेमारी की गई.

शिव कुमार देवड़ा की गिरफ्तारी से खुला राज

इस घोटाले की जांच की शुरुआत मई 2025 में शिव कुमार देवड़ा की गिरफ्तारी के बाद हुई थी. वह इस घोटाले का मुख्य साजिशकर्ता बताया जा रहा है. देवड़ा के खिलाफ पिछले महीने चार्जशीट दाखिल की गई है.

पुख्ता सबूतों के आधार पर कार्रवाई

ईडी ने बताया कि छापेमारी 'विश्वसनीय साक्ष्यों' के आधार पर की जा रही है, जो दर्शाते हैं कि कई व्यक्ति और कंपनियां इस घोटाले से अर्जित काले धन को वैध बनाने की प्रक्रिया में शामिल थीं. इससे पहले भी एजेंसी ने मई में इस मामले में कार्रवाई की थी.

पलामू में वज्रपात से चार लोगों की दर्दनाक मौत

शुभम संदेश। मेदिनीनगर

पलामू जिले में बुधवार रात को वज्रपात की चपेट में आकर चार लोगों की मौत हो गई. यह हादसा अलग-अलग स्थानों पर उस समय हुआ जब लोग खेतों में कृषि कार्य में लगे हुए थे. पहली घटना पांकी प्रखंड के केकरगढ़ पंचायत अंतर्गत ग्राम जोल्हबिघा में घटी, जहां देर शाम के समय धान की रोपाई के दौरान तीन महिलाओं की वज्रपात से मौत हो गई. मृतकों में ओकीदा खातून (34) और रेशमी बीवी (35) शामिल हैं, जो जरीफ अंसारी की बेटियां थीं और जोल्हबिघा गांव की निवासी थीं. तीसरी मृतका राजवी बीबी (40) थीं, जो माशूक अंसारी की पत्नी थीं. वह ग्राम पारसवां की निवासी थीं और अपने मायके जोल्हबिघा में धान की रोपाई में मदद करने आई थीं. वहीं दूसरी घटना पाटन थाना क्षेत्र के नावाडीह भुड़वा गांव में सामने आई, जहां 32 वर्षीय निरंजन मेहता खेत में धान का बिजड़ा ढो रहे थे. अचानक मौसम बिगड़ गया और तेज वज्रपात की चपेट में आने से उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई.

फायरिंग मामला: पांच के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

जमशेदपुर। परसुडीह थाना क्षेत्र स्थित ग्वाला पट्टी में हुई फायरिंग की घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है. रवि यादव को गोली मारने के मामले में पांच लोगों के खिलाफ गुरुवार को नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है. परसुडीह थाना क्षेत्र के ग्वाला पट्टी में 5 अगस्त की शाम को हुई गोलीबारी के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है. इस घटना में रवि यादव नामक युवक गोली लगने से घायल हुआ था.

घटना शाम लगभग 5:45 बजे की है, जब रवि यादव कीताडीह ग्वाला पट्टी में मौजूद थे. तभी वहां पहुंचे कुछ युवकों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी. इस दौरान रवि को एक गोली लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए. परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से रवि को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है. घटना के संबंध में रवि यादव के पिता कन्हैया यादव ने परसुडीह थाने में पांच लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है. इनमें निहाल तिवारी, संतोष तिवारी, समीर उर्फ पाडु, रेहान खान और योगेश साहु शामिल है.

रहस्यमय हालात में पुराने कुएं से मिली रात से ही लापता व्यक्ति की लाश

शुभम संदेश। गिरिडीह

जिले के हिरोडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बैरिया नवाहार गांव में गुरुवार सुबह एक पुराने कुएं से 45 वर्षीय रामजी राय का शव बरामद हुआ. रामजी राय बुधवार रात अपने परिवार के साथ भोजन करने के बाद अचानक लापता हो गए थे. परिजनों ने रातभर उनकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला. गुरुवार सुबह ग्रामीणों के साथ मिलकर जब आसपास के इलाके में व्यापक खोजबीन शुरू की गई, तो गांव से कुछ दूरी पर स्थित एक कुएं में शव देखा गया. तुरंत हिरोडीह थाना पुलिस को सूचना दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से शव को कुएं से बाहर निकाला और पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. प्राथमिक जांच में रामजी राय के चेहरे पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. मृतक की भाभी पिंकी देवी ने बताया कि बुधवार रात लगभग 10 बजे रामजी राय के अचानक लापता होने की जानकारी मिली थी.

सड़क हादसे में दो मजदूर की मौत, दो घायल हुए

चाईबासा। पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा के गुदड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत बिरहोर बस्ती के पास गुरुवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि ट्रैक्टर चालक और एक अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए. मृतक में कमरा गांव निवासी लालू और दूसरे का नाम बुधवा गांव ब्राईबुरू निवासी के रूप में हुई है. मिली जानकारी के अनुसार, एक ट्रैक्टर मजदूरों को लेकर बिरहोर बस्ती के पास से गुजर रहा था. इसी दौरान सड़क पर अचानक एक बकरी आ गई. बकरी को बचाने के प्रयास में चालक ने स्टेयरिंग घुमा दिया, जिससे ट्रैक्टर असंतुलित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया.

करियर : फिल्में बनाने को लेकर हजारीबाग के युवाओं की दिलचस्पी बढ़ी

विनोबा भावे विश्वविद्यालय छात्रों को करेगा सहयोग

शुभम संदेश। हजारीबाग

विनोबा भावे विश्वविद्यालय अब फिल्म बनाने के क्षेत्र में भी छात्रों को सहयोग करेगा. इसके लिए तैयारियां चल रही हैं. हजारीबाग के कुछ युवकों ने जो कभी विनोबा भावे विश्वविद्यालय के छात्र रहे हैं, मिलकर एक आधे घंटे की फिल्म सूरजमुखी बनाई है. इस फिल्म का प्रीमियर शो आयोजित किया गया था, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति ने भी हिस्सा लिया. कुलपति ने विश्वास दिलाया कि विश्वविद्यालय अब इस क्षेत्र में भी काम करेगा.

हजारीबाग एक छोटा सा शहर है, लेकिन यहां प्रतिभा की कमी नहीं है. युवा पीढ़ी विभिन्न क्षेत्रों में बेहतरीन काम कर रही है. विनोबा विश्वविद्यालय में सूरजमुखी नामक लघु फिल्म का प्रीमियर शो आयोजित किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति, डॉ. चंद्र भूषण शर्मा भी शामिल हुए. उन्होंने कहा कि हजारीबाग में बनी यह बेहतरीन फिल्म है, जिसकी लागत 25 हजार रुपये थी. इस फिल्म के माध्यम से कलाकारों ने अपना उत्कृष्ट योगदान दिया है. उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय अब फिल्म मेकिंग में भी काम करेगा और दूसरे विश्वविद्यालयों के प्रोफेसरों और छात्रों को हजारीबाग बुलाया जाएगा ताकि यहां से अच्छे कलाकार और फिल्म निर्माता निकलें. कुलपति डॉ. चंद्र भूषण शर्मा ने कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए अपने निजी खाते से 1 लाख रुपये देने का ऐलान किया. स्कंट्री रोड्सस्र नामक बैनर तले हजारीबाग के युवक बेहद कम खर्चे में लघु फिल्म बना रहे हैं. इस बैनर के तहत 25 साल की उम्र में 20 से अधिक लघु फिल्में बनाई जा चुकी हैं. निर्देशक सुमित सिन्हा ने बताया कि हजारीबाग में हर जगह फिल्म बनाने के लिए उपयुक्त स्थान हैं, और प्रकृति से उन्हें प्रेरणा मिलती है. हालांकि, यहां फिल्म मेकिंग को लेकर करियर की संभावनाएं कम हैं. वे भविष्य में इस क्षेत्र में करियर बनाने की उम्मीद रखते हैं.

मुकेश राम प्रजापति, जो विश्वविद्यालय में शोधकर्ता हैं, ने भी 'सूरजमुखी' फिल्म में अभिनय किया है. उनका कहना है कि हजारीबाग में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है. अगर कलाकारों को अच्छा प्लेटफार्म मिले, तो वे भी बेहतर निर्देशक और कलाकार बन सकते हैं. शॉर्ट फिल्म्स अब एक नया करियर आयाम बनकर उभर रही हैं और इसके लिए कलाकारों को प्रोत्साहित किए जाने की आवश्यकता है. इसके साथ ही विश्वविद्यालय को इस क्षेत्र में एक विषय के रूप में फिल्म मेकिंग स्थापित करने पर भी विचार करना चाहिए.

देवघर में बनेगा एक और मेडिकल कॉलेज, जमीन चिह्नित

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव ने स्थल का लिया जायजा

शुभम संदेश। देवघर

देवघर को बहुत जल्द एक और मेडिकल कॉलेज मिलने जा रहा है. प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप यानि पीपीपी मोड पर सदर अस्पताल के साथ बहुत जल्द एक और मेडिकल कॉलेज खुलने जा रहा है. जिसको लेकर गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, देवघर सिविल सर्जन डॉ युगल किशोर चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी ने मोहनपुर प्रखंड के डहुआ मौजा में जमीन को चिन्हित किया. लगभग 13 एकड़ में 100 सीट का यहां मेडिकल कॉलेज बनने जा रहा है, जिसमें 420 बेड का हॉस्पिटल भी बनाया जाएगा.

स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव अजय कुमार सिंह ने बताया कि पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज का निर्माण कराया जाना है. डहुआ मौजा में लगभग 13 एकड़ जमीन को चिन्हित कर लिया गया है जिसमें 100 सीट का यहां मेडिकल कॉलेज बनेगा. इसके अलावा सदर अस्पताल और इस जगह को लेकर 420 बेड का हॉस्पिटल बनेगा.

भारत सरकार को प्रस्ताव भेज दिया गया है. क्योंकि यह पीपीपी मोड पर बनना है तो प्रारंभ में 2 साल में अस्पताल बनेगा. इसके बाद 3 साल के बाद यहां मेडिकल कॉलेज बन कर तैयार हो जाएगा. कुल मिलाकर 5 साल में देवघर में एक और मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार होगा.

शहीद नीलांबर पीतांबर उत्तर कोयल परियोजना (मंडल डैम) कार्ययोजना के अनुपालन की समीक्षा

मंडल डैम के कार्यों को यथाशीघ्र शुरू करें, विस्थापित होनेवाले रैयतों को विश्वास में लेकर उनके पुनर्वास की अड़चनों को दूर करें : मुख्य सचिव

शुभम संदेश। रांची

मुख्य सचिव अलका तिवारी ने गुरुवार को शहीद नीलांबर पीतांबर उत्तर कोयल परियोजना (मंडल डैम) की निर्धारित कार्ययोजना के अनुपालन की समीक्षा की. इस दौरान उन्होंने कार्ययोजना को धरातल पर उतारने के लिए मूलभूत कार्य यथाशीघ्र शुरू करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि विस्थापित होनेवाले रैयतों को विश्वास में लेकर उनके पुनर्वास की अड़चनों को दूर करें. मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई

समीक्षा बैठक में वित्त सचिव प्रशांत कुमार, वन सचिव अबू बकर सिद्दिकी शामिल थे, जबकि गढ़वा व लातेहार के उपायुक्त व आरक्षी अधीक्षक ऑनलाइन जुड़े थे.

पुनर्वासित होने से पहले रैयतों को उस स्थान पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध करायें : मालूम हो कि इस परियोजना के लिए गढ़वा और लातेहार जिले के सात गांवों खैरा, भजना, सनैया, कुटकू, खुरा, चेमो और मेराल के लगभग 750 परिवारों को पुनर्वासित करने का निर्णय लिया गया है. पुनर्वास के दौरान सभी परिवारों को दो किश्तों में 15 लाख रुपये और एक एकड़ जमीन देने पर पूर्व में ही रैयतों के साथ सहमति बन चुकी है. इन्हें रंका प्रखंड में पुनर्वासित करने की योजना है. मुख्य सचिव ने निर्देश दिया है कि पुनर्वासित होने से पहले रैयतों को उस स्थान पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध करायें. साथ ही विस्थापित संघर्ष समिति से वार्ता का क्रम जारी रखने और स्थानीय विधायकों से भी पूरे मामले में जनहित के दृष्टिकोण से सहयोग लेने पर बल दिया. कार्य करनेवाली एजेंसी को सुरक्षा दें :मुख्य सचिव ने मंडल डैम के अधूरे काम को पूरा करने वाली चयनित एजेंसी वापकोस को पूर्ण सुरक्षा देने का निर्देश दिया है. उन्होंने गढ़वा और लातेहार जिला प्रशासन को आपसी समन्वय से इसके यथाशीघ्र अनुपालन पर बल दिया. एजेंसी ने समीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मिलने के दो दिन के भीतर कार्य शुरू करने पर हामी भरी.

इस दौरान मुख्य सचिव ने विस्थापितों को मुआवजा भुगतान करने के लिए रिजर्व बैंक में स्पर्श अकाउंट खोलने, सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के तहत विस्थापितों की मैपिंग की प्रगति की भी समीक्षा की. वहीं परियोजना के दायां मुख्य नहर के दोनों किनारे पर स्थित विद्युत पोलों तथा ट्रांसफार्मर को वहां से हटाने की प्रगति की समीक्षा के दौरान इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया.

एक नजर

सदर अस्पताल, रांची में 2.5 किलोग्राम से अधिक वजन के पैर के ट्यूमर का सफल ऑपरेशन

रांची। सदर अस्पताल, रांची में 54 वर्षीय महिला एस देवी को पिछले चार साल से बांए जांघ में सूजन था,जो पिछले दो महीने में बहुत तेजी से अपने आकार में बढ़ने लगा था.मरीज दर्द एवं पैर में भारीपन से काफी परेशान थीं. उनकी एमआरआई एंजियोग्राफी करायी गयी, तो पता चला कि 30 सेमी गुणा 21 सेमी गुणा 17 सेमी का एक ट्यूमर है ,जो जांघ की खून के नस से चिपकी हुई थी और मांसपेशियों को क्षतिग्रस्त कर चुकी थी. मेडिकल भाषा में इसे मायोलाइपोसार्कोमा कहते हैं. फेमोरल वेसल नामक मुख्य रक्त नालिका से चिपके रहने और आकार में अत्यधिक बड़ा होने के कारण यह काफी क्रिटिकल ऑपरेशन था. गुरुवार को रांची सदर अस्पताल में सर्जन डॉ अजीत कुमार ,प्लास्टिक सर्जन डॉ विवेक गोस्वामी, एनेस्थेटिस्ट डॉ चंदन झा की टीम ने इस ट्यूमर का सफल ऑपरेशन किया. ऑपरेशन में ओटी स्टाफ नीलम,अंकिता,अमर,संतोष, सिस्टर नेली, सिस्टर स्नेहलता, सपोर्ट स्टाफ के भरपूर योगदान रहा. इस सफल ऑपरेशन के लिए सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार एवं उपाधीक्षक डॉ बिमलेश सिंह ने पूरी टीम को बधाई दी।

राजधानी रांची में अपराध की योजना बना रहे दो अपराधी अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार

रांची। रांची पुलिस ने समय रहते कार्रवाई कर एक बड़ी आपराधिक साजिश को नाकाम कर दिया है. गुप्त सूचना के आधार पर डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर गोंदा थाना क्षेत्र स्थित अर्बन हाट के एक निर्माणाधीन भवन में छापेमारी की गई, जहां अपराध की योजना बना रहे दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया.गिरफ्तार किए गए अपराधियों की पहचान कांके निवासी सौरभ तिर्की और रितेश गाड़ी के रूप में हुई है. गुरुवार को एसएसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी अवैध हथियारों के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी में हैं. सूचना मिलते ही एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसने तत्काल कार्रवाई करते हुए उक्त स्थान पर छापा मारा. छापेमारी के दौरान अपराधी पुलिस को देखकर भागने लगे, लेकिन सशस्त्र बल की मदद से उन्हें मौके पर ही दबोच लिया गया. उनके पास से एक देसी कट्टा और एक लोहे का भुजाली बरामद हुआ है. जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी पहले से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं और किसी बड़ी घटना की योजना बना रहे थे.

ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने डीडीसी और एसडीओ को उनके कार्यालय में रक्षा सूत्र बांधा

रांची। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रांची की केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने गुरुवार को उप विकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवानिया एवं अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार को उनके कार्यालय में

रक्षा सूत्र (राखी) बांधा. राखी बांधकर उन्हें पवित्रता, सुरक्षा एवं आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश दिया. ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने अपने संदेश में कहा कि जब धरती पर बुराइयों का साम्राज्य हो जाता है, तब करुणामय परमात्मा स्वयं मानवता को मायावी बंधनों से मुक्त करने हेतु ईश्वरीय मर्यादा के रक्षासूत्र में बांधते हैं. यह राखी केवल रेशमी धागा नहीं, बल्कि पवित्रता एवं नैतिक मूल्यों की स्थापना का अमूल्य प्रतीक है, जो मानव मन में श्रेष्ठ विचारों का संचार करता है.निर्मला बहन ने आगे कहा कि वर्तमान संगम युग में शुरू की गई रक्षाबंधन की परंपरा आत्मा की रक्षा एवं बुराइयों से मुक्ति का संदेश देती है. प्रेम, सद्भावना और नैतिक बल से हम विश्व की किसी भी बड़ी समस्या का समाधान कर सकते हैं. राखी का यह बंधन न केवल सुरक्षा का प्रतीक है, बल्कि मानवता को विकारों से मुक्त करने की दिव्य प्रक्रिया भी है.

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन को दी गई श्रद्धांजलि

रांची। धुर्वा में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर झारखंड आंदोलन के प्रणेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए गुरुवार को एक शोक सभा का आयोजन किया गया. इस मौके पर विद्यालय परिवार ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. मौके पर विद्यालय के प्राचार्य ललन कुमार ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके समाज और राज्य के प्रति योगदान को स्मरण किया. उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु ने झारखंड की आत्मा को पहचान दी. आदिवासी समाज की आवाज़ को राष्ट्रीय पटल पर मजबूती से रखा. मौके पर जुटे सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की. शोक सभा में गुरुजी के व्यक्तित्व को लेकर सभी ने अपने विचार साझा किए. शोक सभा में विद्यालय के सभी आचार्य, छात्र-छात्रा और कर्मचारी मौजूद थे.

डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के खिलाड़ियों ने क्लस्टर स्तर पर 626 पदकों पर जमाया कब्जा

रांची। डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के खिलाड़ियों ने डीएवी स्पोर्ट्स के क्लस्टर स्तर की प्रतियोगिता क्रिकेट, खो-खो, राइफल शूटिंग, कबड्डी, हैंड बॉल, रोलर स्केटिंग, जेविलिन, डिस्कस थ्रो, चेस, योगासन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 626 पदक अर्जित किए. इन पदकों में 373 स्वर्ण,145 रजत तथा 108 कांस्य पदक शामिल हैं. यह विद्यालय की खेल प्रतिभा, अनुशासन और प्रशिक्षण का प्रमाण है. विद्यालय प्रांगण में आयोजित एक सम्मान समारोह में विद्यालय के प्राचार्य सह-सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड ज़ोन-जी, बिपिन राय ने सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया. उन्होंने खिलाडियों को डीएवी जोनल स्तर और डीएवी नेशनल स्तर के खेलों में पूरे जोश एवं दमखम के साथ खेलने की अग्रिम बधाई दी.

विद्यार्थी परिषद ने आरयू में चार घंटे की तालाबंदी

रांची। रांची विवि में सत्र विलंब के खिलाफ और छात्रों की छात्रों की समस्याओं को लेकर गुरुवार को दिन के 11:30 बजे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मुख्यालय स्थित प्रशासनिक भवन व परीक्षा विभाग में तालाबंदी कर दी. परिषद के सदस्य व विद्यार्थी प्रशासनिक भवन के समक्ष प्रदर्शन किया व धरना पर बैठ गये. हालांकि बाद में विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ संजय कुमार सिंह, प्रॉक्टर डॉ एमसी मेहता, परीक्षा विभाग के ओएसडी डॉ विकास कुमार, डॉ अरुण कुमार

- सत्र विलंब का विरोध

ने आंदोलन कर रहे विद्यार्थियों से कहा कि विवि प्रशासन सत्र नियमित करने के लिए गंभीर है. लगातार इस दिशा में कार्रवाई की जा रही है. आश्वासन मिलने के बाद सभी सदस्य व विद्यार्थी अपराह्न करीब 3:30 बजे तालाबंदी समाप्त कर दी. परिषद की महानगर इकाई के सदस्यों ने कहा कि स्नातक व स्नातकोत्तर सेमेस्टर वन की परीक्षा में अनावश्यक देरी हो रही है. समय पर परीक्षा नहीं होने के कारण छात्रों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है. हाल ही में जारी हुए सेमेस्टर परीक्षा के परिणामों में अनेक त्रुटियां पायी गयी हैं. कई योग्य छात्रों को अनुत्तीर्ण घोषित कर दिया गया है. वहीं अनेक छात्रों के परिणाम अब तक अपलोड नहीं किये गये हैं. इधर, तालाबंदी कर देने से विवि के कार्य पूरी तरह से ठप हो गये.

उग्रवादियों की हिटलिस्ट में सुदेश, सुरक्षा की समीक्षा व उच्चस्तरीय जांच हो : आजसू

रांची। आजसू पार्टी ने अपने प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो का नाम उग्रवादियों की हिटलिस्ट में आने पर गहरी चिंता जताई है और इस मामले की उच्चस्तरीय जांच व उनकी सुरक्षा की पुनर्समीक्षा की मांग की है. पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर और हसन अंसारी ने मीडिया से बातची करते हुए बताया कि कि सुदेश महतो पर उग्रवादियों द्वारा बार-बार हमले की साजिश रची जाती रही है, लेकिन अब तक इसके पीछे के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है.उन्होंने बताया कि हाल ही में मारे गए उग्रवादी मार्टिन केरकेट्टा ने भी सुदेश को निशाना बनाने की योजना बनाई थी. वर्ष 2023 में अनगड़ा थाना क्षेत्र में इसको लेकर बैठक भी हुई थी. इससे पहले 2014 में पीएलएफआई कमांडर जीदन गुड़िया ने 5 करोड़ की सुपारी लेकर हमले की साजिश रची थी. प्रेसवार्ता में मीडिया संयोजक परवाज खान भी मौजूद थे. पार्टी ने रामचंद्र सहिस की सुरक्षा बहाल करने की भी मांग की. हसन अंसारी ने आरोप लगाया कि एक राजनेता द्वारा उग्रवादियों को सुपारी देने की बात सामने आई थी, जिसकी जांच होनी चाहिए.

गुरुजी के निधन पर कांग्रेस भवन में शोकसभा, नेता-कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

गुरुजी का जीवन एक अंतहीन किताब की तरह, जिसके हर पन्ने पर संघर्ष की एक नई गाथा दर्ज है

शुभम संदेश। रांची

दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में शोकसभा का आयोजन किया गया. इस सभा की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने की. उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने गुरुजी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. सभा को संबोधित करते हुए केशव महतो कमलेश ने कहा कि शिबू सोरेन का जीवन एक अंतहीन किताब की तरह है, जिसके हर पन्ने पर संघर्ष की एक नई गाथा दर्ज है. उन्होंने युवावस्था से ही आदिवासी अस्मिता, हक-अधिकार और आर्थिक सशक्तीकरण के लिए संघर्ष किया. झारखंड को अलग राज्य बनाने के आंदोलन में उन्होंने निर्णायक नेतृत्व प्रदान किया और हर जाति-समुदाय को आंदोलन से जोड़कर उसे धार दी. जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए उन्होंने सदैव संघर्ष किया और लोगों को उनके महत्व के प्रति जागरूक किया. उन्होंने यह भी मांग की कि गुरुजी के

त्याग, बलिदान और सामाजिक योगदान को देखते हुए केंद्र सरकार उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करे. इसके साथ ही उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि गुरुजी के नाम से एक विश्वविद्यालय की स्थापना की जाए, उनके निवास स्थान को संग्रहालय घोषित किया जाए और झारखंड की पाठ्यपुस्तकों में उनके जीवन चरित्र को शामिल किया जाए.

कांग्रेस के सह प्रभारी सीरीबेला प्रसाद ने कहा कि शिबू सोरेन संघर्षों के प्रतीक थे. उनके द्वारा झारखंड निर्माण और आदिवासी जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए किए गए प्रयासों के लिए झारखंड की जनता सदैव ऋणी रहेगी. उन्होंने देशभर में आदिवासी समुदाय के बीच एक मजबूत और विश्वसनीय पहचान बनाई थी. उनके आदर्शों को आत्मसात करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी.

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि गुरुजी के व्यक्तित्व की कोई सीमा नहीं है. उन्होंने झारखंड की केवल कल्पना ही नहीं की, बल्कि उसे अपने संघर्षों से वास्तविकता में बदला. उनके संघर्षों के उद्देश्यों को धरातल पर उतारना और झारखंडवासियों को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी. सभा के अंत में सभी नेताओं ने दो मिनट का मौन रखकर गुरुजी को श्रद्धांजलि दी और उनके बताये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया. श्रद्धांजलि देने वालों में प्रमुख रूप से विधायक दल उप नेता राजेश कच्छप, वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, डॉ इरफान अंसारी, पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, सुरेश बैठा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, रविंद्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, मणिशंकर, आलोक दुबे, बन्ना गुप्ता, राकेश सिन्हा,अमूल्य नीरज खलखो,सतीश पॉल मुंजनी, लालकिशोरनाथ शाहदेव मणिशंकर, सोनाल शांति, कमल ठाकुर, आभा सिन्हा, अभिलाष साहू, जगदीश साहू, निरंजन पासवान, केदार पासवान, राजन वर्मा, भीम कुमा,र राजेश सिन्हा सन्नी,अशोक वर्मा, नीतू सिंह, सुंदरी तिर्की, सोनाल शांति शामिल थे.

सांसद संजय सेठ की पहल पर तैयार करायी जा रही परिवार सुरक्षा पुस्तिका

रांची में 28 अगस्त से 3 सितंबर तक सांसद कला महोत्सव का आयोजन

शुभम संदेश। रांची

झारखंड की राजधानी रांची में 28 अगस्त से 3 सितंबर तक 'सांसद कला महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा. यह जानकारी रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने दी. उन्होंने बताया कि सप्ताह भर चलने वाले इस महोत्सव के तहत रांची के विभिन्न विद्यालयों में कक्षा 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा.

प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य 'ऑपरेशन सिंदूर' और 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सैन्य प्रेम' विषयों पर बच्चों की रचनात्मक अभिव्यक्ति को मंच प्रदान करना और उनमें जागरूकता लाना है. प्रतियोगिता में ऑन स्पॉट पेंटिंग होगी, जिसके लिए प्रतिभागियों को दो घंटे का समय दिया जाएगा. प्रत्येक विद्यालय से पांच श्रेष्ठ पेंटिंग्स का चयन होगा. इसके बाद चयनित चित्रों के बीच एक फाइनल

20,000 से अधिक स्टूडेंट्स को जोड़ने का लक्ष्य

मंत्री सेठ ने बताया कि रांची के 50 से अधिक विद्यालयों से संपर्क कर 20,000 से अधिक विद्यार्थियों को इस आयोजन से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है. इसके लिए एक समिति का गठन किया गया है, जिसमें संयोजक मनोज कुमार गुप्ता सहित राजीव सहाय, शुभंकर चौधरी, रूही उज्ज्वल, धनंजय कुमार, रमेंद्र कुमार और कृष्णा कुमार शामिल हैं. सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा.

परिवार सुरक्षा पुस्तिका' का होगा निःशुल्क वितरण

साथ ही मंत्री संजय सेठ ने जानकारी दी कि रांची लोकसभा क्षेत्र के नागरिकों के लिए 'परिवार सुरक्षा पुस्तिका' तैयार की जा रही है, जिसका निःशुल्क वितरण किया जाएगा. इस पुस्तिका में परिवार से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां जैसे आधार, बैंक खाता, बीमा, ड्राइविंग लाइसेंस, राशन कार्ड, भूमि व संपत्ति विवरण एक ही स्थान पर सुरक्षित रखी जा सकेगी. आपात स्थिति में यह पुस्तिका बेहद उपयोगी साबित होगी.

प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा. सबसे उत्कृष्ट पेंटिंग को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट किया जाएगा.

अखिल भारतीय हाड़ी संघर्ष मोर्चा ने राजभवन के समक्ष दिया धरना

रांची। अखिल भारतीय हाड़ी संघर्ष मोर्चा की ओर से गुरुवार को राजभवन के समक्ष धरना देकर जातीय पहचान, आरक्षण और सामाजिक न्याय दिलाने की मांग की. इस दौरान मोर्चा के सदस्यों ने अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में सरकार के खिलाफ नारेबाजी की. मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ध्रुव हरि ने कहा कि आजाद भारत में भी हाड़ी समाज अब तक समानता और अधिकारों से वंचित है. सफाईकर्मियों की नियुक्ति में अब बाहरी लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है. इससे समाज के युवाओं को बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने उनकी समस्याओं पर गंभीरता नहीं दिखाई, तो आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा. वहीं पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि हाड़ी समाज अनुसूचित जातियों में सबसे उपेक्षित और वंचित है. पहले इस समाज को सरकारी सफाई कर्मचारी के रूप में नौकरी मिलती थी, लेकिन अब आउटसोर्सिंग की नीति ने उन्हें हाशिए पर ला दिया है. वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द उनकी मांगों पर संज्ञान नहीं लिया, तो यह आंदोलन राज्यभर में चरणबद्ध तरीके से फैलाया जाएगा

विजय भरत को मिला 'कृषि प्रसार व प्रशिक्षण में उत्कृष्टता' पुरस्कार

शुभम संदेश। रांची/ नई दिल्ली

नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड स्थित जैकरांडा हॉल में आयोजित 'सेकेंड सस्टेनेबल एग्रीकल्चर समिट एंड अवॉर्ड्स 2025' के अवसर पर मोबाइल एग्रीकल्चरल स्कूल एंड सर्विसेज (मास) के संस्थापक एवं सचिव विजय भरत को 'कृषि प्रसार एवं प्रशिक्षण में उत्कृष्टता' पुरस्कार से सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के राज्य मंत्री रामदास अठावले मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे. विजय भरत, एक वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक हैं, जो बीते 18 वर्षों से चलंत कृषि स्कूल के माध्यम से किसानों को उनके गांव और खेतों में जाकर प्रशिक्षण दे रहे हैं. उन्होंने जो मास मॉडल विकसित किया है, वह किसानों को एक ही प्लेटफॉर्म पर शिक्षा, समाधान और संसाधन उपलब्ध कराता है. इस मॉडल की चार प्रमुख विशेषताएं हैं:फिल्मों के माध्यम से चयनित विषयों पर प्रशिक्षण, खेत में जाकर प्रयोगात्मक प्रदर्शन, खड़ी फसल की समीक्षा और त्वरित समाधान, उच्च गुणवत्ता वाले इनपुट की तुरंत आपूर्ति.

यह नवाचारी मॉडल किसानों की समस्याओं का स्थानीय, व्यावहारिक और त्वरित समाधान देने में सफल रहा है. आयोजन समिति ने इसे एक ₹अनोखी और प्रभावी कृषि प्रसार पद्धति₹ करार देते हुए, विजय भरत के स्व-वित्तपोषित एवं समर्पित प्रयासों को प्रेरणादायक मिसाल बताया. विजय भरत ने कहा कि यह सम्मान उन लाखों मेहनती किसानों की सामूहिक यात्रा की पहचान है.

श्री राणी सती मंडल 17 को मनाएगा वार्षिकोत्सव

रांची। धार्मिक संस्था श्री राणी सती मंडल अपना 44वां वार्षिकोत्सव 17 अगस्त को मारवाड़ी भवन हरमू रोड में धूम-धाम से मनाएगा. इस संबंध में संस्था के अध्यक्ष विनोद झुनझुनवाला ने बताया कि महोत्सव के सफल आयोजन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है. कमेटी में संयोजक पंकज शर्मा (सोनू) और सहसंयोजक प्रतीक अग्रवाल मनोनीत किए गए हैं. वहीं मंत्री अरविंद मंगल ने बताया कि महोत्सव लगभग आठ हजार स्क्वायर फिट के वातानुकूलित मल्टी पर्पस हॉल में मनाया जा रहा है. ताकि भक्तों को बरसात में परेशानी ना हो. मीडिया प्रभारी निर्मल बुधिया ने बताया कि महोत्सव के मुख्य आकर्षण में भारत की प्रसिद्ध मंगल पाठ वाचक पधार रहें हैं जो 501 सुहागन महिलाओं के साथ राजस्थानी वेश-भूषण में सुसज्जित होकर राणी सती के जीवन चरित्र का मंगल पाठ का रसास्वादन कराएंगे. साथ ही अपने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति भी देंगे.

आपत्ति सहायक कानूनी सहायता वकीलों की नियुक्ति प्रक्रिया पर जिला बार एसोसिएशन को ऐतराज

चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर भी एसोसिएशन ने उठाये सवाल

- डालसा अध्यक्ष सह न्यायायुक्त को लिखा पत्र, नियुक्ति में स्थानीय अधिवक्ताओं को प्राथमिकता देने की मांग

शुभम संदेश। रांची

रांची जिला बार एसोसिएशन ने सहायक कानूनी सहायता बचाव वकीलों की नियुक्ति प्रक्रिया पर कड़ी आपत्ति जताई है. एसोसिएशन ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के अध्यक्ष सह न्यायायुक्त को पत्र लिखकर मांग की है कि चयन प्रक्रिया में केवल स्थानीय अधिवक्ताओं, विशेष रूप से रांची जिला बार एसोसिएशन के सदस्यों को ही प्राथमिकता दी जाए. यह निर्णय एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति की 6 अगस्त को

रांची जिला बार एसोसिएशन की विशेष बैठक 11 को

रांची जिला बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति ने महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया है कि सोमवार 11 अगस्त को दोपहर बाद 3 बजे बार भवन में एक विशेष बैठक आयोजित की जाएगी. बार एसोसिएशन के महासचिव संजय कुमार विद्रोही ने बताया कि बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण होगी और इसमें डालसा से जुड़े सभी तरह के कार्यों में संलग्न अधिवक्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य होगी. बैठक में पूर्व प्लीडर कमीशन, वर्तमान प्लीडर कमीशन के पद पर कार्य कर रहे अधिवक्ता और जिनकी नियुक्ति बार एसोसिएशन की अनुशंसा पर हुई है, उन सभी को भाग लेना आवश्यक होगा.

हुई बैठक में सर्वसम्मति से पारित एक प्रस्ताव के तहत लिया गया. प्रस्ताव में चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए यह चिंता व्यक्त की गई कि हाल में साक्षात्कार के लिए घोषित 31 उम्मीदवारों की सूची में केवल 12 ही रांची बार के सदस्य हैं, जबकि शेष 19 अधिवक्ता अन्य जिलों से हैं. एसोसिएशन के महासचिव संजय कुमार विद्रोही ने कहा कि "यह स्थिति न केवल स्थानीय अधिवक्ताओं के प्रतिनिधित्व की उपेक्षा है, बल्कि इससे हमारे सदस्यों में गहरा असंतोष भी व्याप्त है. स्थानीय अधिवक्ता अदालत की प्रक्रिया और सामाजिक-संवेदनशीलता से परिचित होते हैं, जिससे वे विधिक सहायता में अधिक प्रभावी योगदान देने में सक्षम होते हैं." बार एसोसिएशन का यह भी तर्क है कि कानूनी सहायता प्रणाली की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि नियुक्त अधिवक्ता स्थानीय न्यायिक प्रक्रिया और सामाजिक ढांचे को कितनी अच्छी तरह समझते हैं. अन्य जिलों से आने वाले अधिवक्ताओं की नियुक्ति से जहां स्थानीय अधिवक्ताओं का मनोबल प्रभावित होता है, वहीं न्यायिक प्रक्रिया में व्यावहारिक कठिनाइयां भी उत्पन्न हो सकती हैं. इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए रांची जिला बार एसोसिएशन ने डालसा और संबंधित अधिकारियों से निवेदन किया है कि चयन प्रक्रिया को स्थानीय अधिवक्ताओं तक सीमित किया जाए और गैर-सदस्य अधिवक्ताओं को साक्षात्कार प्रक्रिया से बाहर रखा जाए. एसोसिएशन को उम्मीद है कि उनकी आपत्तियों को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय अधिवक्ताओं के हित और न्याय व्यवस्था की प्रभावशीलता को प्राथमिकता दी जाएगी.

ब्रीफ न्यूज

ट्रंप के मामले में पीएम मोदी तोड़ें चुप्पी : सांसद

पलामू । सांसद सुखदेव भगत

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा रूस से तेल खरीद को लेकर भारत पर 25% अतिरिक्त टैरिफ लगाने के मुद्दे पर कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि जिस तरह से वह भारत के साथ व्यवहार कर रहे हैं, वह किसी अमेरिकी राष्ट्रपति के व्यवहार जैसा बिल्कुल नहीं लगता. सबसे दुखद बात प्रधानमंत्री की चुप्पी है. ट्रंप खुद रूस से यूरेनियम और उर्वरक खरीद रहे हैं.

नदी के पास से एक अज्ञात वृद्ध महिला का शव बरामद

बरवाडीह। जिले के छिपादोहर थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब छिपादोहर पुलिस ने गुरुवार को केड़ औरंगा नदी रबदी पुल के पास एक अज्ञात वृद्ध महिला का शव बरामद किया. मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने सुबह नदी की तरफ भ्रमण करने के दौरान पानी में एक शव देखा. जिसकी सूचना ग्रामीणों ने फौरन छिपादोहर पुलिस को दी. सूचना के बाद छिपादोहर थाना प्रभारी मो यकीन अंसारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को बरामद किया. शव अत्यधिक दिन तक पानी में रहने के कारण पूरी तरह क्षत विक्षत हो गया था. शव से दुर्गंध आने लगी थी. पुलिस को बरामद शव पहचान करना काफी मुश्किल हो रहा है. बरामद शव के हाथ और पैर में टैटू (गोदना) का निशान बना हुआ है. फिलहाल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कारवाई में जुट गई है.

सामाजिक सुरक्षा कोषांग की समीक्षात्मक बैठक

लातेहार, उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में सामाजिक सुरक्षा कोषांग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई. बैठक में वृद्धा, विधवा, विकलांग, दिव्यांग पेंशन सहित राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना व मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना जैसे योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई. उपायुक्त ने सभी पात्र लाभुकों को नियमित रूप से पेंशन का लाभ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए.उन्होंने आधार एवं मोबाइल नंबर सीडिंग का कार्य 15 अगस्त तक हर हाल में पूर्ण करने को कहा. मंईयां सम्मान योजना के डाटा मिसमैच को लेकर उपायुक्त ने दो सप्ताह में सुधार की समयसीमा तय की. बैठक में प्रभारी पदाधिकारी सामाजिक सुरक्षा कोषांग मेरी मड़की, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन सहित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे.

मनातू : थाना प्रभारी निर्मल उरांव की अनूठी पहल

फिल्ड की सफाई से लेकर आदिम जनजातियों के सम्मान समारोह का करेंगे आयोजन

संवाददाता। मनातू

मनातू : थाना प्रभारी निर्मल उरांव की अनूठी पहल, फिल्ड ग्राउंड की सफाई से लेकर आदिम जनजातियों के सम्मान समारोह का करेंगे आयोजन। कार्तिक उरांव +2 हाई स्कूल विद्यालय ग्राउंड की मनातू थाना प्रभारी ने कुदाल से फील्ड को की सफाई।मनातू (पलामू) । दिन गुरुवार अपने अंदाज में मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव एक बार फिर अपनी अनूठी कार्यशैली और सामाजिक पहल के कारण चर्चा में हैं। सामुदायिक पुलिसिंग फुटबॉल टूर्नामेंट के तत्वाधान में अवैध मादक पदार्थ अफीम पोस्ता गंजा की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान हेतु स्वतंत्रता दिवस की शुभ अवसर पर दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा फुटबॉल टूर्नामेंट का मुख्य अतिथि पलामू एसपी रीषमा रमेशन विशिष्ट अतिथि मनोज कुमार झा एसडीपीओ लेस्लीगंज तथा अनिल कुमार सिंह अंचल निरीक्षक पाटन होगी उपस्थित मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने मनातू परियोजना कार्तिक उरांव +2 उच्च विद्यालय के फील्ड ग्राउंड को अपने हाथों में कुदाल लेकर न केवल साफ किया, बल्कि उसमें लकीरें खींचकर उसे फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए पूरे फील्ड को तैयार किया। यह दृश्य न सिर्फ मनातू प्रखंड में चर्चा है। बल्कि आसपास के कई ग्रामीण क्षेत्रों में भी चर्चा का विषय बना हुआ है। मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने दिन गुरुवार को परियोजना कार्तिक उरांव +2 उच्च विद्यालय में 11th के छात्राओं को केमिस्ट्री और फिजिक्स के पाठ पढ़ाते नजर आए जिससे छात्रों के अभिभावकों में शिक्षा के क्षेत्र में थाना

प्रभारी को सराहनीय कदम उठाने की पहल है थाना प्रभारी चाहते हैं कि मनातू प्रखंड के छात्र-छात्राओं अच्छे गुणवत्ता शिक्षा पाकर पलामू जिला व झारखंड राज्य के नाम रोशन करें और आगे बढ़े।उनकी यह पहल सामुदायिक सेवा और सामाजिक एकजुटता का एक शानदार उदाहरण है, जो पुलिस प्रशासन के प्रति लोगों का नजरिया बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। फुटबॉल टूर्नामेंट के साथ-साथ एक विशेष सम्मान समारोह भी आयोजित होगा, जिसमें क्षेत्र की आदिम जनजातियों जैसे प्रहिया, कोल, चेरो जाती, भोकता बैगा, बिरहोर, और उरांव समुदाय के लोगों को सम्मानित किया जाएगा। यह पहल उन ग्रामीण समुदायों के लिए विशेष महत्व रखती है, जो मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं और सामाजिक-आर्थिक रूप से हाशिए पर हैं।मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव की यह पहल न केवल खेल और सामुदायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में एक कदम है, बल्कि यह पुलिस और स्थानीय समुदाय के बीच विश्वास और सहयोग को मजबूत करने का भी एक प्रयास है।प्रभारी ने अपने हाथों से कुदाल उठाकर ग्राउंड की सफाई करते हुए उन्होंने यह संदेश दिया कि सामुदायिक कार्यों में सभी को योगदान देना चाहिए, चाहे वह किसी भी पद पर हो। यह दृश्य स्थानीय लोगों के लिए प्रेरणादायक है। और कई ग्रामीणों ने उनकी इस मेहनत की सराहना करते हुए कई युग जीने को आशीर्वाद भी की। मनातू प्रखंड के कई सुदूरवर्ती क्षेत्र में रहने वाली आदिम जनजातियों के लिए यह आयोजन एक नई उम्मीद लेकर आया है। प्रहिया, कोल और उरांव जैसे समुदाय, जो लंबे समय से शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहे हैं, उनके लिए यह सम्मान समारोह एक बड़ा मंच प्रदान करेगा।इस आयोजन के माध्यम से न केवल इन समुदायों की प्रतिभा को सामने लाया जाएगा, बल्कि उनकी समस्याओं को भी उजागर करने का प्रयास किया जाएगा। निर्मल उरांव ने कहा, हमारा उद्देश्य इन समुदायों को मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें यह महसूस कराना है कि वे समाज का एक अभिन्न हिस्सा हैं।फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन भी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। खेल न केवल युवाओं को एकजुट करता है, बल्कि यह सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का भी एक प्रभावी माध्यम है।

डीसी ने की जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक

लातेहार। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया.बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई ने विभिन्न विकास योजनाओं के लिए वनाधिकार अधिनियम के तहत अनापत्ति प्रमाण पत्र के प्रस्ताव तथा सामुदायिक वन पट्टा के प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया. अनुमण्डल स्तरीय वनाधिकार समिति, महुआडांड़ के द्वारा ग्राम कोरगी (बटुआटोली) पंचायत नेतरहाट के एक अनुशासित सामुदायिक वन पट्टा संबंधित प्रस्ताव पर समिति द्वारा विचार विमर्श के उपरांत सहमति दी गई. बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन के अलावा आईटीडीए कार्यालय कर्मी उपस्थित थे.

झारखंड के निर्माता दिशोम गुरु शिबू सोरेन को मनातू में दी गई श्रद्धांजलि

संवाददाता। मनातू

झामुमो के मनातू प्रखंड सचिव महेंद्र यादव ने कहा कि झारखंड राज्य के लिए अपूरणीय छती है गुरु जी को जाना.मनातू, (पलामू). दिन गुरुवार को मनातू प्रखंड अंतर्गत (झामुमो) के संस्थापक, एवं पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड के निर्माता के रूप में विख्यात दिशोम गुरु शिबू सोरेन के आकस्मिक निधन पर पूरे राज्य में शोक की लहर है. गुरुवार को मनातू प्रखंड, में झामुमो कार्यालय में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. इस सभा का नेतृत्व झामुमो सचिन महेंद्र यादव ने किया, जिसमें कार्यकर्ताओं और सामाजिक संगठनों के लोगों ने भाग लिया. सभा में दिशोम गुरु के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई.महेंद्र यादव साहित्य सभी कार्यकर्ताओं ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनकी आत्माओं को शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की. इसके बाद उपस्थित सभी लोगों ने बारी-बारी से पुष्पांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन धारण कर उनके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त किया. इस अवसर पर वक्ताओं ने शिबू सोरेन के योगदान को याद किया और उनके द्वारा झारखंड आंदोलन को दिए गए बलिदान और नेतृत्व की चर्चा की. दिशोम गुरु को झारखंड के आदिवासी और मूलवासी समुदायों के संरक्षक के रूप में याद किया

गया, जिन्होंने न केवल झारखंड को एक अलग राज्य के रूप में पहचान दिलाई, बल्कि पूरे भारत में झारखंड को गौरव प्रदान कराया.शिबू सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के माध्यम से आदिवासी समुदायों के हक और अधिकारों के लिए लंबा संघर्ष किया. उनके नेतृत्व में झारखंड को 15 नवंबर 2000 को एक अलग राज्य का दर्जा प्राप्त हुआ. उनके इस योगदान ने उन्हें झारखंड के लोगों के दिलों में अमर अमर के रूप में जाना जाएगा . सभा में उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों को अपनाने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया.दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने झारखंड के आदिवासी समुदायों के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित किया. उन्होंने सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए शिक्षा, रोजगार और सम्मान की लड़ाई लड़ी. उनके नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने न केवल राजनीतिक मंच प्रदान किया, बल्कि सामाजिक जागरूकता और सशक्तिकरण का भी मार्ग प्रशस्त किया. उनके प्रयासों से झारखंड की सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली.सभा में वक्ताओं ने कहा कि शिबू सोरेन का निधन झारखंड के लिए एक अपूरणीय क्षति है. उनके विचार और आदर्श हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे. उन्होंने न केवल झारखंड के लिए बल्कि देश के अन्य आदिवासी समुदायों के लिए भी एक मिसाल कायम की.इस श्रद्धांजलि सभा में झामुमो मनातू प्रखंड के कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता शामिल थे. इनमें प्रखंड अध्यक्ष बसंत सिंह, सचिव महेंद्र यादव, उपाध्यक्ष रामचंद्र भुइयां, अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष सईद अहमद खान, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष नागेंद्र प्रसाद गुप्ता, मनातू पंचायत अध्यक्ष रंजीत यादव, नौडीहा पंचायत अध्यक्ष इसराइल खान, कर्मदेव उरांव, बैजनाथ सिंह, चुंका प्रेम सिंह, सचिव संतु यादव, मंझौली के छठ्ठू उरांव, राजकुमार यादव, केशव यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित थे.सभा का समापन दिशोम गुरु के प्रति सादर सुमन अर्पित कर किया गया. इस दौरान सभी ने उनके आदर्शों को जीवन में उतारने और उनके द्वारा शुरू किए गए कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया. महेंद्र यादव ने कहा कि शिबू सोरेन का जीवन और संघर्ष हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा. उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही हम झारखंड के विकास और समृद्धि को सुनिश्चित कर सकते हैं.दिशोम गुरु शिबू सोरेन का निधन झारखंड के लिए एक झारखंड के लिए बड़ा अपूर्णिय छति है लेकिन उनके विचार और आदर्श हमेशा जीवित रहेंगे. मनातू में आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा ने न केवल उनकी स्मृति को सम्मान दिया, बल्कि उनके द्वारा किए गए कार्यों को और अधिक प्रचारित करने का अवसर भी प्रदान किया.

स्वतंत्रता दिवस को लेकर प्रखंड कार्यालय सभागार में बैठक

चंदवा। आगामी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाने को लेकर गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद की अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय सभागार में अधिकारियों,जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्धजनों की बैठक आयोजित की गई. बैठक में स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य कार्यक्रम स्थल पर होने वाले कार्यक्रमों की रूप रेखा व झंडोत्तोलन की समय सारिणी को लेकर विस्तार से चर्चा हुई. बैठक की अध्यक्षता करते हुए बीडीओ प्रसाद ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समाहरोह सरकार द्वारा प्राप्त दिशा निर्देश के अनुसार मनाया जायेगा. मुख्य समाहरोह कार्यक्रम को लेकर सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों को तैयारी शुरू करने की बात कही गई है. स्वतंत्रता दिवस पर मार्च पास्ट और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे और बेहतर प्रदर्शन करने वालों के बीच पुरुस्कार वितरण किया जायेगा. तय समय के अनुसार थाना परिसर में 8:45 बजे,अस्पताल परिसर में 9 बजे,पशुपालन अस्पताल में 9:15,प्रखंड कार्यालय में 9:30, वहीँ मुख्य समाहरोह खेल स्टेडियम में 10 बजे झंडोत्तोलन का कार्यक्रम रखा गया है. स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समाहरोह राज्यकीय कृत प्लस 2 उच्च विद्यालय खेल स्टेडियम में आयोजित होगा. मौके पर उप प्रमुख अश्विनी कुमार मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि सुरेश यादव,इरशाद मुन्ना, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी,भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान,अमृत गंझु, सौरभ श्रीवास्तव, भजयुमो प्रखंड अध्यक्ष विनय कुमार रिकी,प्रखंड समन्यवक रितेश कुमार,लव कुमार,अवधेश यादव समेत सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के प्रतिनिधि मौजूद थे.

एक नजर

फाइलेरिया उन्मूलन पर आंगनबाड़ी सेविकाओं को मिला प्रशिक्षण

हुसैनाबाद, पलामू: प्रखंड कार्यालय हैदरनगर के सभागार में गुरुवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया.

इस प्रशिक्षण में प्रखंड क्षेत्र की सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को फाइलेरिया रोग की जानकारी देने के साथ-साथ दवा वितरण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई. प्रशिक्षण सत्र में बतौर प्रशिक्षक एमटीएस धीरेंद्र कुमार और एमपीडब्ल्यू अशोक कुमार उपस्थित रहे. उन्होंने बताया कि फाइलेरिया एक घातक रोग है जो मच्छरों के काटने से होता है, जिसे आम भाषा में हाथी पांव भी कहा जाता है. इस बीमारी की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है. प्रशिक्षकों ने जानकारी दी कि फाइलेरिया उन्मूलन के तहत यह विशेष अभियान 10 अगस्त से शुरू होगा. पहले दिन सभी निर्धारित बूथों पर लोगों को तीन प्रकार की दवाएं खिलाई जाएंगी. इसके बाद 11 अगस्त से लेकर 25 अगस्त तक आंगनबाड़ी सेविका और सहिया घर-घर जाकर लाभुकों को दवा देंगी. प्रशिक्षण के दौरान यह भी स्पष्ट किया गया कि यह दवा केवल सामान्य लोगों को ही दी जाएगी.

पंचायत उन्नति सूचकांक विषय पर एक दिनी कार्यशाला

मेदिनीनगर । स्थानीय नगर भवन में 'पंचायत उन्नति सूचकांक' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई. कार्यक्रम का शुभारंभ जिप अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी, उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, डीडीसी जावेद हुसैन एवं पंचायती राज पदाधिकारी विनय कुमार श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन कर किया. कार्यशाला में जिले भर के बीडीओ, सीओ, एवं ग्राम-प्रखंड स्तरीय जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया. पंचायत उन्नति सूचकांक के उद्देश्य, मापदंड एवं कार्यान्वयन की विस्तृत जानकारी दी गई. उच्च प्रदर्शन करने वाले पंचायतों के प्रतिनिधियों एवं संबंधित पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया गया. उपाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि यह मूल्यांकन प्रणाली पंचायतों की पारदर्शिता व समग्र विकास को बढ़ावा देगी. उन्होंने महिला हितैषी सूचकांक को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बताया. डीडीसी जावेद हुसैन ने सेगमेंटेड अप्रोच के बजाय फोकस अप्रोच अपनाने पर बल दिया और सामूहिक प्रयासों के जरिए पलामू को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की बात कही. मास्टर प्रशिक्षक सत्यम शुक्ल ने पीपीटी के माध्यम से विभिन्न विकासात्मक बिंदुओं पर जानकारी दी.

भाजपा चलाएगी हर घर तिरंगा अभियान

मेदिनीनगर । हर घर तिरंगा अभियान की सफलता सुनिश्चित करने को लेकर भाजपा मेदिनीनगर नगर मंडल की एक मंडलस्तरीय कार्यशाला स्थानीय जिला कार्यालय में आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष श्रवण गुप्ता ने की, जबकि संचालन जिला मंत्री सोमेश सिंह ने किया. कार्यक्रम प्रभारी एवं प्रथम उपमहापौर मंगल सिंह ने बताया कि 10 से 14 अगस्त तक सभी मंडलों में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी. साथ ही 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता को जन-जन तक पहुंचाने और राष्ट्र प्रेम व एकता की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया गया.12 से 14 अगस्त तक शहीद स्मारकों और महापुरुषों की प्रतिमाओं पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा. वहीं, 13 से 15 अगस्त तक कार्यकर्ता हर घर और प्रतिष्ठान पर तिरंगा फहराने का आग्रह करेंगे. कार्यकर्ताओं को क्षेत्रवार जिम्मेदारी भी सौंपी गई. धन्यवाद ज्ञापन नगर महामंत्री किशन मखड़िया ने किया. बैठक में अविनाश वर्मा, दुर्गा जौहरी, विजय ठाकुर, रीना किशोर, ओमप्रकाश पप्पू, धर्मेंद्र उपाध्याय सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे.

लातेहार में नए अंचलाधिकारी ने किया पदभार ग्रहण

लातेहार। लातेहार प्रखंड सह अंचल कार्यालय में गुरुवार को नये अंचलाधिकारी के रूप में नंद कुमार राम ने अपना पदभार ग्रहण किया. इससे पूर्व निवर्तमान अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो ने उन्हें विधिवत रूप से कार्यभार सौंपा. पदभार ग्रहण करने के पश्चात कार्यालय में उन्हें बुके देकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया

इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी सहित सभी अंचल कर्मी उपस्थित रहे. नये अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने कहा कि उनकी प्राथमिकता समाज के अंतिम पायदान पर खड़े जरूरतमंद ग्रामीणों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना होगा। उन्होंने पारदर्शिता और समयबद्ध सेवा प्रदान करने का भरोसा दिलाया.

गढ़वा से रांची के लिए चलेगी नई मेमू पैसेंजर ट्रेन

संवाददाता।मेदिनीनगर

मेदिनीनगर। पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर पलामू संसदीय क्षेत्र से जुड़ी रेल परियोजनाओं और यात्री सुविधाओं के विस्तार पर विस्तार से चर्चा . सांसद श्री राम ने बरवाडीह-चिरमिरी-अंबिकापुर नई रेलवे लाइन के शीघ्र क्रियान्वयन की मांग करते हुए कहा कि यह परियोजना न केवल झारखंड और छत्तीसगढ़ के बीच संपर्क को सुदृढ़ बनाएगी, बल्कि क्षेत्र में औद्योगिक विकास को भी गति देगी. उन्होंने कहा कि बरवाडीह-अंबिकापुर रेल लाइन से पलामू, चतरा, लातेहार और छत्तीसगढ़ के

सीमावर्ती जिलों को सीधा लाभ होगा. यह वर्षों पुरानी मांग है, जिसके पूर्ण होने से आम जनता को परिवहन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा. इसके अतिरिक्त सांसद श्री राम ने गढ़वा टाउन स्टेशन से रांची तक प्रतिदिन सीधी रेल सेवा शुरू करने की भी मांग रखी. उन्होंने कहा कि गढ़वा जिले के लोग राज्य की राजधानी रांची से अब तक सीधी रेल सेवा से वंचित हैं, जिससे दैनिक यात्रियों और आम नागरिकों को भारी कठिनाई झेलनी पड़ती है. उन्होंने सुझाव दिया कि या तो मौजूदा रांची-टोरी मेमू पैसेंजर ट्रेन (संख्या 68037/68038) को गढ़वा टाउन तक विस्तारित किया जाए, या फिर एक नई मेमू पैसेंजर ट्रेन रांची से गढ़वा टाउन के बीच प्रतिदिन चलाई जाए. यह ट्रेन रांची, टोरी, लातेहार, बरवाडीह, डालटनगंज, गढ़वा रोड होते हुए गढ़वा टाउन तक चलेगी. रेल मंत्री श्री वैष्णव ने सांसद की मांगों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बरवाडीह-चिरमिरी-अंबिकापुर रेल लाइन रेलवे का ड्रीम प्रोजेक्ट है और इसे हर हाल में पूरा किया जाएगा. इसके साथ ही उन्होंने गढ़वा टाउन से रांची के लिए सीधी ट्रेन सेवा पर भी गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया और संबंधित रेलवे अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने की बात कही.

हस्तकला दिवस को लेकर कार्यक्रम आयोजित

महुआडाड़(लातेहार)। प्रखंड के झारक्राफ्ट क्लस्टर में गुरुवार को 11 वां राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुवात मुख्य अतिथि मुखिया रौशनी कुजूर,झारक्राफ्ट क्लस्टर मैनेजर मोहम्मद सैफ एवं विशिष्ट अतिथि महजर खान वार्ड सदस्य के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया. इस मौके पर क्लस्टर मैनेजर मोहम्मद सैफ ने 'राष्ट्रीय हस्करघा दिवस' पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य हस्तकरघा उद्योग के महत्व एवं आमतौर पर देश के सामाजिक आर्थिक योगदान के बारे में जागरूकता फैलाना है. गौरतलब है कि सात अगस्त 1905 को कोलकाता के टाउनहाल में एक जनसभा में स्वदेशी आंदोलन की औपचारिक शुरुआत की गई थी. भारत सरकार द्वारा 29 जुलाई 2015 को इस आंदोलन की याद में प्रतिवर्ष सात अगस्त को 'राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की गई थी. प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस पर बुनकरों को काम के विकल्प के बारे में जानकारी देने के लिए सरकार द्वारा कार्यशालाएं आयोजित की जाती रही हैं.

योजना

बरवाडीह में पंचायत विकास सूचकांक कार्यशाला का हुआ आयोजन

उत्कृष्ट कार्य करनेवाले मुखिया हुए सम्मानित

शुभम संदेश। बरवाडीह

प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायत विकास सूचकांक कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस एकदिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयवंत लकड़ा, थाना प्रभारी अनूप कुमार, उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. कार्यशाला के दौरान पंचायत स्तर पर गरीबी मुक्त और बेहतर आजीविका, स्वस्थ पंचायत, बाल अनुकूल पंचायत, जल प्राप्त पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत सहित

विभिन्न विकास विषयों पर सरकार की योजनाओं और उनसे प्राप्त आंकड़ों पर चर्चा हुई. पंचायतों द्वारा संचालित गतिविधियों और विकास कार्यों की जानकारी प्रदान की गई. कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पंचायत मुखिया और उनके कर्मियों का सम्मान भी किया गया. प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज ने कहा कि पंचायत स्तर पर सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारना और उनकी निगरानी करना पंचायत का मुख्य दायित्व है. उन्होंने यह भी कहा कि पंचायत के मुखिया और उनकी पूरी टीम की सक्रिय भागीदारी से ही पंचायत बेहतर बदलाव ला सकती है. वहीं जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने गांव के समग्र विकास के लिए पंचायत के बेहतर कार्यों को आवश्यक बताते हुए कहा कि सभी को मिलकर योजनाओं की ईमानदारी से निगरानी कर उन्हें सफल बनाना चाहिए.कार्यक्रम में प्रभारी डीपीएम मनजीत कुमार सिंह, प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी रामनाथ यादव, मुखिया विपिन बिहारी सिंह, कालो देवी, पूनम देवी, बेरोनिका कुजूर समेत अन्य पंचायत सेवक और रोजगार सेवक भी उपस्थित थे. हालांकि प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी विभागों को पत्र भेजकर कार्यशाला में भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे, लेकिन स्वास्थ्य विभाग, आपूर्ति विभाग, जेएसएलपीएस, बाल विकास विभाग को छोड़कर अधिकांश विभागों के अधिकारी और प्रतिनिधि अनुपस्थित रहे. साथ ही आधे से अधिक पंचायत मुखिया भी इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए. इस वजह से पंचायत विकास सूचकांक कार्यशाला अपेक्षित प्रभाव नहीं छोड़ सकी. यह स्थिति पंचायत स्तर पर समन्वय की कमी और विभागीय उदासीनता को दर्शाती है, जो योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में बाधा बन सकती है. आगे भी ऐसी कार्यशालाओं में सभी विभागों और पंचायतों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक होगा, ताकि विकास कार्यों को सफलता पूर्वक पूरा किया जा सके.

पुलिस कम्युनिटी प्रोग्राम के तहत फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

महुआडांड़(लातेहार)। थाना क्षेत्र के ओरसा पंचायत के जामडीह गांव में गुरूवार को सिविक एक्शन प्लान के तहत पुलिस कम्युनिटी प्रोग्राम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में पुलिस और समुदाय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना एवं युवाओं को खेल व सामाजिक कार्यों की ओर प्रेरित करना था. कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, एसएसबी के कमांडेंट राजेश सिंह, एसडीओ बिपिन कुमार दुबे, सीओ संतोष बैठा, डीएसपी शिवपूजन बहेलिया, थाना प्रभारी मनोज कुमार एवं ओरसा पंचायत की मुखिया अमृता देवी मुख्य रूप से उपस्थित थीं. एसपी कुमार गौरव ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से पुलिस और आमजन के बीच की दूरी कम होती है और युवाओं को गलत दिशा में जाने से रोका जा सकता है.

नव आगंतुक अधिवक्ता का किया गया स्वागत

लातेहार। अधिवक्ता संघ, लातेहार के नव आगंतुक सदस्य अधविक्ता रिषभ रंजन स्वागत संघ अध्यक्ष लाल अरविंद नाथ शाहदेव व सचिव संजय कुमार के द्वारा किया गया. सचिव श्री कुमार ने श्री रंजन का मुंह मीठा कर स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. सचिव श्री कुमार ने श्री कुमार ने श्री रंजन से अपना काम पूरी निष्ठा व तन्यमता के साथ करने की बात कही. उन्होने कानून की बारिकियों को समझने व केस स्टडी करने की भी सलाह दी और नैतिकता तथा अनुशासन का पालन करने की बात कही. कहा कि मुवक्किलों के हितों की रक्षा करने और न्यायपालिका के प्रति सम्मान बनाये रखने के लिए काम करना चाहिए. श्री कुमार ने अनुभवी अधिवक्ताओं से कुछ नया सीखने व उसे अमल में लाने की बात कही. बता दें कि श्री रजंन व्यवहार न्यायालय लातेहार के वरीय अधिवक्ता सुनील कुमार के सुपत्र हैं. रंजन मशहूर नेतरहाट आवासीय विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र रहे हैं. उसके बाद पश्चिम बंगाल से बीटेक की उपाधि ग्रहण किया है. विधि स्नातक में राधा गोविंद यूनिवर्सिटी के टॉपर रहे हैं.

ब्रीफ न्यूज

बिजली गिरने से दो मवेशी की मौत

चतरा। चतरा जिले के प्रतापपुर प्रखंड के भरही पंचायत के जाफरडीह गांव में एक दर्दनाक घटना में वज्रपात (आकाशीय बिजली) गिरने से एक जर्सी गाय और उसके बछड़े की मौत हो गई. गनीमत रही कि आसपास मौजूद अन्य ग्रामीण बाल-बाल बच गए. यह घटना उस समय हुई जब हल्की बूंदा-बांदी के बाद अचानक तेज वज्रपात हुआ. पीड़ित पशुपालक जगलाल दास ने बताया कि उनकी दुधारू गाय और उसका बछड़ा घर के पास ही बंधे थे, जो सीधे वज्रपात की चपेट में आ गए. इस घटना से जगलाल दास को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है. उन्होंने बताया कि उनकी गाय प्रतिदिन 6 लीटर दूध देती थी और यही उनके परिवार के छोटेदूधमुंहे बच्चों का मुख्य साधन थी.

स्मार्ट मीटर से अधिक बिल पर ग्रामीणों का विरोध

जयनगर (कोडरमा)। परसाबाद में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद बिजली बिलों में अनियमित और अत्यधिक वृद्धि को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है. इसी समस्या को लेकर गुरुवार को विधायक अमित कुमार यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त ऋतुराज से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा. ग्रामीणों ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उनके बिजली बिल उनकी वास्तविक खपत से कहीं अधिक आ रहे हैं, जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय उपभोक्ता आर्थिक रूप से परेशान हैं. विधायक ने इसे गंभीर समस्या बताते हुए डीसी से अविलंब जांच कराने की मांग की. उन्होंने कहा कि केवल मीटर को स्मार्ट बना देने से पूरा सिस्टम स्मार्ट नहीं हो जाता. अगर सच में व्यवस्था को स्मार्ट बनाना है तो नियमित बिजली आपूर्ति, ट्रांसफार्मर की स्थिति सुधारना, जर्जर तारों को बदलना जरूरी है. डीसी ऋतुराज ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि इस मामले पर पहले से ही कार्रवाई हो रही है और 12 अगस्त तक समाधान कर दिया जाएगा. उन्होंने विद्युत विभाग को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं. ग्रामीणों ने डीसी के जवाब पर संतोष जताया, लेकिन साथ ही चेतावनी दी कि अगर समय पर समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करेंगे.

कोडरमा में टीबी फोरम की बैठक आयोजित

कोडरमा। समाहरणालय सभागार में गुरुवार को उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में टीबी फोरम की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक में 'टीबी मुक्त भारत अभियान' के तहत जिला स्तर पर चल रहे प्रयासों की बिंदुवार समीक्षा की गई तथा अभियान को और प्रभावी बनाने हेतु विभिन्न रणनीतियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई. उपायुक्त ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में टीबी जांच की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए. साथ ही, असुरक्षित समूहों की पहचान कर उनकी सूची प्राथमिकता के आधार पर तैयार कर जिला यक्ष्मा पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया. बैठक में डीवीसी केटीपीएस के प्रतिनिधि ने टीबी मरीजों को गोद लेने की सहमति दी और ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन उपलब्ध कराने की बात कही, ताकि स्थानीय स्तर पर निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके.

गुलटन भुइयां का शव पेड़ से लटका मिला, चार दिन से था लापता

कटकमसांडी (हजारीबाग)। प्रखंड के ग्राम पंचायत बाझा अंतर्गत गुलटन भुइयां (उम्र लगभग 25 वर्ष), पिता नेमन भुइयां, बीते चार दिनों से अपने घर से लापता था. परिजनों द्वारा लगातार खोजबीन के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया था. आज सुबह गांव से कुछ दूरी पर स्थित सखुआ के पेड़ से उनका शव फांसी के फंदे से लटका मिला. शव की स्थिति देखकर गांव में सनसनी फैल गई. घटना की सूचना तत्काल कटकमसांडी थाना को दी गई, जिसके बाद कटकमसांडी थाना प्रभारी शिवम कुमार गुप्ता अपने दल बल के साथ घटना स्थान पे मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखरी मेडिकल कॉलेज, हजारीबाग भेज दिया. थाना प्रभारी के पूछे जाने पर बताया कि पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी.

हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने की केंद्रीय मंत्री से मुलाकात

पीएम आवास योजना को लेकर की विस्तृत चर्चा

शुभम संदेश। हजारीबाग

हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू से शिष्टाचार मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने हजारीबाग शहरी क्षेत्र के विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण समस्याओं और योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की. सांसद जायसवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की प्रगति की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि योजना की रफ्तार बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि हजारीबाग के पात्र लाभार्थियों को शीघ्र आवास उपलब्ध कराए जा सकें. उन्होंने बताया कि कई जरूरतमंद परिवार अभी भी इस योजना से लाभान्वित नहीं हो पाए हैं, जिससे योजना की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लगता है. उन्होंने केंद्र से आग्रह किया कि संबंधित विभागों को निर्देशित किया जाए जिससे योजना का त्वरित क्रियान्वयन हो. इसके साथ ही सांसद जायसवाल ने हजारीबाग शहरी क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था की खस्ताहाली का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया. उन्होंने बताया कि शिवपुरी, रामनगर, खिरगांव और आनंद चौक से खिरगांव तक बहने वाले नालों के पक्कीकरण और व्यवस्थित जल निकासी की सख्त जरूरत है. वर्तमान में इन क्षेत्रों में बरसात के मौसम में जलजमाव, गंदगी और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं आम हो जाती हैं. सांसद ने यह भी कहा कि नालों के पक्कीकरण से शहरी इलाकों में साफ-सफाई और नागरिक जीवन स्तर में सुधार आएगा. केंद्रीय मंत्री ने सांसद की मांगों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट मंगवाने का आश्वासन दिया.

कोटपा कानून के अनुपालन पर दिया गया जोर

- तम्बाकू नियंत्रण को लेकर कोडरमा में बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

शुभम संदेश। कोडरमा

कोडरमा। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त श्री ऋतुराज की अध्यक्षता में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला तम्बाकू नियंत्रण समन्वय समिति की बैठक सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस कार्यशाला का उद्देश्य जिले में तम्बाकू नियंत्रण कानून ₹कोटपा-2003₹ एवं इसके ₹झारखण्ड संशोधन अधिनियम, 2021₹ के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना था. कार्यशाला की शुरुआत जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह जिला नोडल पदाधिकारी, कोडरमा द्वारा सभी प्रतिभागियों का स्वागत कर की गई. उन्होंने तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की वर्तमान स्थिति और जिले में किये जा रहे प्रयासों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी.उपायुक्त ऋतुराज ने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी होटल, रेस्टोरेंट व सार्वजनिक स्थानों में 'गैर धूम्रपान क्षेत्र' का बोर्ड लगाना अनिवार्य है. यदि ऐसा नहीं किया गया तो संबंधित होटल मालिक या दुकानदार पर 1000 रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता है. इसके अतिरिक्त, खुले में सिगरेट बेचना भी कानूनन अपराध है,

जिसके लिए 1000 रुपये तक का जुर्माना निर्धारित किया गया है. जिला परामर्शी दीपेश कुमार ने बताया कि कोटपा संशोधन अधिनियम के अनुसार अब सरकारी कार्यालय, स्कूल, कोर्ट और अस्पताल के 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार का तम्बाकू सेवन या थूकना प्रतिबंधित है, और इसका उल्लंघन करने पर 1000 रुपये जुर्माना लगाया जा सकता है. बैठक में सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक, नगर प्रशासक झुमरी तिलैया, नगर पंचायत कोडरमा के प्रशासक, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, औषधि निरीक्षक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे. कार्यशाला के माध्यम से अधिकारियों को कोटपा कानून की धाराओं और हालिया संशोधनों के अनुपालन को लेकर प्रशिक्षित किया गया, ताकि जिले में तम्बाकू नियंत्रण को प्रभावी रूप से लागू किया जा सके.

विभावि सीएनडी विभाग में स्तनपान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हजारीबाग। विनोबा भावे विश्वविद्यालय (विभावि) के सीएनडी विभाग में गुरुवार को विश्व स्तनपान सप्ताह (1-7 अगस्त) के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर कुलपति प्रो. चंद्र भूषण शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. उन्होंने 'फोटोबूथ सेल्फी प्वाइंट' का अनावरण किया और स्तनपान को शिशु विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया.कार्यक्रम की शुरुआत सीएनडी विभाग के निदेशक डॉ. मनोज कुमार द्वारा की गई, जिन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए 'कोलेस्ट्रम' यानी मां के पहले दूध की वैज्ञानिक महत्ता पर विस्तार से चर्चा की. उन्होंने कहा कि यह नवजात के लिए पहली प्राकृतिक सुरक्षा कवच है.वहीं, कुलसचिव डॉ. सादीक रज़ाक़ ने स्तनपान के वैज्ञानिक और पोषण संबंधी महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि माताओं को इससे जुड़ी जागरूकता देना समय की मांग है.कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति के रूप में सेमेस्टर-2 की छात्राओं ने एक प्रभावशाली लघु नाटिका के माध्यम से स्तनपान से जुड़े सामाजिक मिथकों को चुनौती दी. छात्राओं की प्रस्तुति को उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा.कार्यक्रम में विभावि के विभिन्न विभागों के शिक्षक, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए. सभी ने स्तनपान को लेकर समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया. कार्यक्रम का उद्देश्य मातृत्व और शिशु स्वास्थ्य के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना था.

उपायुक्त ने की स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा बैठक

कोडरमा। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक की शुरुआत पूर्व में लिए गए निर्णयों की प्रगति से हुई. प्रमुख योजनाएं जैसे अनीमिया मुक्त भारत, राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम, जननी शिशु सुरक्षा योजना, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, लिंगानुपात, और परिवार नियोजन आदि की बिंदुवार समीक्षा की गई. उपायुक्त ने अनीमिया मुक्त भारत अभियान की स्थिति को असंतोषजनक बताते हुए प्रखंडवार आईएफए गोली वितरण में सुधार के निर्देश दिए. स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षण देने और लाभार्थियों तक समय पर गोली वितरण सुनिश्चित करने पर बल दिया गया. राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत सभी विद्यालयों में बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य किया गया. चिकित्सकों की रूटीन बनाकर कार्यक्रम की निगरानी के निर्देश दिए गए. उपायुक्त ने सभी सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी सुविधाएं मजबूत करने के निर्देश दिए. एक मॉडल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और आरोग्य मंदिर विकसित किए जाएंगे.

गिरिडीह रोड में 'अनमोल मोबाइल' का भव्य उद्घाटन

डोमचांच (कोडरमा)। नगर पंचायत अंतर्गत गिरिडीह रोड में गुरुवार को मोबाइल की नई दुकान 'अनमोल मोबाइल' का उद्घाटन समाजसेवी एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव रोहित मेहता ने फीता काटकर किया. इस अवसर पर उन्होंने व्यापार में उन्नति की शुभकामनाएं दीं. दुकान के प्रोपराइटर सोनू कुमार एवं कुलदीप कुमार ने बताया कि अनमोल मोबाइल में सभी ब्रांड्स के स्मार्टफोन उचित दामों पर उपलब्ध हैं. ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए उद्घाटन के अवसर पर विशेष ऑफर भी दिए जा रहे हैं. प्रत्येक खरीदे गए मोबाइल पर एक चांदी का सिक्का उपहार स्वरूप दिया जा रहा है, वहीं सैमसंग एस23 अल्ट्रा की खरीद पर विशेष रूप से चांदी के दो सिक्के मिल रहे हैं. दुकान में मोबाइल से संबंधित सभी आवश्यक एसेसरीज़ जैसे चार्जर, हेडफोन, कवर, स्क्रीन गार्ड आदि भी उपलब्ध हैं. उद्घाटन समारोह में संजय मेहता, मनोज रजक, प्रदीप यादव, नीतीश कुमार, भीम सिंह, अशोक मेहता, किशोर मेहता, टिंकू मेहता आदि मौजूद थे.

चतरा में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

- लूट और अफीम तस्करी के छह आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजे गए

विनोद यादव। चतरा

चतरा पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए लूट के तीन आरोपियों और अवैध अफीम तस्करी में शामिल तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है. इस संबंध में चतरा के एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी. उन्होंने बताया कि ये दोनों मामले जिले के वशिष्ठनगर और सदर थाना क्षेत्रों से संबंधित हैं. पहले मामले में वशिष्ठनगर थाना अंतर्गत पाखा नाला के पास छापेमारी कर पुलिस ने 1.076 किलोग्राम अवैध अफीम के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया. इस कार्रवाई का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा संदीप कुमार ने किया. गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान महेंद्र कुमार यादव (ग्राम कुरसाले, थाना बशिष्ठनगर), दिनेश कुमार यादव और सत्येंद्र कुमार यादव (दोनों ग्राम राजगुरुआ, थाना सदर) के रूप में हुई है. इनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है. दूसरे मामले में लूट और मारपीट के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है. इस कार्रवाई का नेतृत्व सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शुभम खंडेलवाल ने किया. गिरफ्तार आरोपियों में जय कुमार उर्फ जय कुमार तिवारी, अमित कुमार और रंजन कुमार (सभी ग्राम देवरिया, थाना सदर) शामिल हैं. इनके पास से 21,000 रुपये नकद, सात मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल और एक चाकू बरामद किया गया.

राजू विश्वकर्मा बने झारखंड पेंशनर समाज के अध्यक्ष

शुभम संदेश। हजारीबाग

झारखंड पेंशनर समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक हजारीबाग प्रेस क्लब में आयोजित की गई, जिसमें संगठन की आंतरिक स्थिति और हाल ही में हुए विवादों को लेकर गंभीर चर्चा की गई. दरअसल, यह बैठक पहले समाज के निर्धारित कार्यालय में आहूत की गई थी, लेकिन वहां ताला बदलकर नया ताला लगा दिए जाने के कारण प्रेस क्लब में स्थानांतरित कर बैठक संपन्न हुई. बैठक में पूर्व में 26 जुलाई को हुए सचिव एवं कोषाध्यक्ष के चुनाव का विरोध किया गया और इसे असंवैधानिक करार देते हुए सर्वसम्मति से नई समिति के गठन का निर्णय लिया गया. नई समिति में राजु विश्वकर्मा को अध्यक्ष, अजय कुमार को सचिव और मिथिलेश कुमार को कोषाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया. सभी सदस्यों ने एकमत होकर इन नामों पर सहमति जताई. बैठक में अर्जुन प्रसाद, अजय कुमार, सुरेश राम, एम. अहमद, सिता राम बेदिया, राजेश्वर वर्मा, सुखदेव प्रजापति, मिथिलेश कुमार कर्ण सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे. सदस्यों ने आशा जताई कि नई समिति पारदर्शिता और सेवा भावना के साथ पेंशनरों के हित में कार्य करेगी. साथ ही, संगठन में व्याप्त गतिरोध और आंतरिक कलह को समाप्त करने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया गया.

विधायक ने किया पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

शुभम संदेश। हजारीबाग

केरेडारी प्रखंड अंतर्गत बरियातू पंचायत में गुरुवार को विधायक रोशन लाल चौधरी ने डीएमएफटी (जिला खनिज न्यास निधि) फंड से बनने वाली पीसीसी सड़क, गार्डवाल और छोटे पुलिया निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया. यह निर्माण कार्य ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग द्वारा कराया जाएगा. इस परियोजना के अंतर्गत ग्राम बरियातू में बुधन साव के आवास से लेकर कर्बला श्मशान घाट तक मजबूत पीसीसी सड़क बनाई जाएगी. साथ ही रास्ते में गार्डवाल एवं एक छोटा पुलिया भी निर्मित किया जाएगा, जिससे बरसात में जलजमाव की समस्या से राहत मिलेगी. विधायक रोशन लाल चौधरी ने मौके पर कहा कि इस सड़क के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और प्रखंड से जिला मुख्यालय तक संपर्क मार्ग सुगम हो जाएगा. उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है. इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही. कार्यक्रम में नरेश महतो, उपेंद्र सिंह, शेर सिंह, कर्मचारी साव, अमित गुप्ता, चंद्रिका रजक, नारायण यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे. सभी ने इस पहल का स्वागत किया और विधायक के प्रति आभार जताया.

भटबिगहा विद्यालय में 441 विद्यार्थियों को मिली कॉपियां

चौपारण (हजारीबाग)। गोबिंदपुर पंचायत स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय भटबिगहा में अध्ययनरत 441 छात्र-छात्राओं को अध्ययन सामग्री के रूप में निशुल्क कॉपियां वितरित की गईं. इस पहल से विद्यार्थियों के पठन-पाठन में सहूलियत मिलेगी और उनकी पढ़ाई में निरंतरता बनी रहेगी. विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा के अनुसार विद्यार्थियों को कॉपियां प्रदान की गईं. कक्षा 1 और 2 के बच्चों को 3-3 कॉपियां, कक्षा 3, 4 और 5 के बच्चों को 5-5 कॉपियां तथा कक्षा 6 से 10 तक के छात्रों को 10-10 कॉपियां दी गईं. उन्होंने बताया कि यह वितरण बच्चों की शैक्षणिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए किया गया है, ताकि उन्हें पढ़ाई में किसी प्रकार की सामग्री संबंधी कठिनाई न हो.

एक नजर

प्रेस क्लब रामगढ़ में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

रामगढ़। प्रेस क्लब रामगढ़ परिसर में गुरुवार को स्व. हरिनारायण सिंह और दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई. इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई.सभा की अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने की और संचालन कोषाध्यक्ष दुर्वेज आलम ने किया. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि झारखंड ने दो ऐसे लाल खो दिए हैं जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन राज्य को समर्पित कर दिया. शिबू सोरेन झारखंड आंदोलन के अगुआ थे, वहीं हरिनारायण सिंह ने पत्रकारिता के माध्यम से राज्य की आवाज बुलंद की.प्रेस क्लब सचिव धनेश्वर प्रसाद ने कहा कि स्व. हरिनारायण हम सभी पत्रकारों के आदर्श थे, संबंधित कोई भी जानकारी मिलने पर पुलिस से संपर्क करने की अपील की है.

असामाजिक तत्वों ने फाड़ा सुवर्ण वणिक समाज का बैनर, थाने में दिया आवेदन

रामगढ़। सावन की अंतिम सोमवारी को लेकर सुवर्णवणिक समाज, चितरपुर शाखा द्वारा कांवर यात्रा के अवसर पर रजरप्पा मोड़ और काली मंदिर के समीप सेवा स्टॉल एवं बधाई संदेश से जुड़े बैनर लगाये गये थे. इन बैनरों में भगवान भोलेनाथ, रजरप्पा मंदिर की तस्वीरें और ₹हर हर महादेव₹ व ₹बोल बम₹ जैसे धार्मिक जयकारे अंकित थे. समाज के सदस्यों के अनुसार, दिनांक तीन अगस्त की देर रात लगभग दो बजे के बाद कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा काली मंदिर के समीप लगे बैनर को फाड़कर फेंक दिया गया. इस घटना से समाज के लोगों में गहरा आक्रोश है. उनका कहना है कि इससे न केवल धार्मिक भावना को ठेस पहुंची है, बल्कि सामाजिक सौहार्द भी प्रभावित हुआ है. सुवर्णवणिक समाज के अध्यक्ष गौतम चंद्र पोदार, सचिव अमित पोद्दार एवं कोषाध्यक्ष श्रीकांत पोद्दार ने गुरुवार को रजरप्पा थाना में आवेदन देकर दोषियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की मांग की है.

जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में राज्य स्तरीय रेल परीक्षा का सफल आयोजन

चतरा। जिले में गुरुवार को चतरा जिला अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा संचालित 1568 सरकारी विद्यालयों में एक साथ राज्य स्तरीय 'रेल परीक्षा' का सफल आयोजन किया गया. इस परीक्षा का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों की नियमित शैक्षणिक प्रगति का आकलन करना तथा समयबद्ध ढंग से पाठ्यक्रम की पूर्ति सुनिश्चित करना है. कक्षा 1 से 12वीं तक के सभी विषयों की परीक्षा का आयोजन एक ही दिन में सुचारू रूप से संपन्न हुआ. परीक्षा के सफल संचालन हेतु जिला उपायुक्त कीर्तिश्री जी के निर्देशानुसार सभी प्रखंडों में नामित जिला स्तरीय पदाधिकारी, शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, बीआरपी, सीआरपी, एडीपीओ एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों द्वारा परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया, तथा परीक्षा प्रक्रिया की निगरानी सुनिश्चित की गई. जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के कुशल समन्वय तथा शिक्षकों एवं छात्रों के सहयोग से यह परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई.

राज्यपाल ने शिबू सोरेन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित की

रामगढ़। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के रामगढ़, नेमरा स्थित पैतृक आवास पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु स्मृति -शेष शिबू सोरेन की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने ईश्वर से दिवंगत शिबू सोरेन को अपने श्रीचरणों में स्थान देने,उनकी आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को इस विकट दुःख को सहन करने का संबल प्रदान करने की प्रार्थना की. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना प्रकट की तथा उनका ढांढ़स बंधाते हुए कहा कि दुःख की इस घड़ी में हम सभी उनके साथ हैं.

केरेडारी चौक पर प्रभा गारमेंट्स का हुआ उद्घाटन

केरेडारी। मुख्य चौक में प्रभा गारमेंट्स दुकान का उद्घाटन दक्षिणी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्या अनीता सिंह ने फीता काटकर विधिवत किया कपड़ा दुकान का प्रोपराइटर नरेश तिवारी ने कहा कि मेरे यहां सभी प्रकार के बड़े बच्चों एवं महिलाओं का सभी प्रकार का गारमेंट्स उपलब्ध रहेगी हमारे यहां का कपड़ा ग्राहकों की सुलभ के लिए उचित मूल्य पर उपलब्ध रहेगी तथा कपड़ा सभी ब्रांडों की उपलब्ध रहेगी. इस मौके पर प्रोपराइटर नरेश तिवारी कामेश्वर सिंह आदि थे.

शोक — शिबू सोरेन के निधन से राज्य भर में शोक की लहर, जगह-जगह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

हजारीबाग से नेमरा पहुंच कर दी श्रद्धांजलि

शुभम संदेश। हजारीबाग

झारखंड आंदोलन के पुरोधा, झारखंड के तीन बार मुख्यमंत्री और जनजातीय राजनीति के सबसे प्रभावशाली चेहरा रहे शिबू सोरेन उर्फ 'दिशोम गुरु' के निधन से झारखंड शोक की लहर में डूब गया है. उनके निधन को प्रदेश की राजनीति, आदिवासी समाज और झारखंड आंदोलन के लिए एक अपूरणीय क्षति माना जा रहा है. गुरुजी के पैतृक गांव नेमरा में आयोजित अंतिम संस्कार कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता और समाजसेवी रामा सोनी भी शामिल हुए. नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने कहा "मैं गुरुजी के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं. उनके पार्थिव शरीर के दर्शन और चरण स्पर्श करके मेरा हृदय, मन और आत्मा भावविभोर हो उठा. वह सिर्फ एक राजनेता नहीं, बल्कि एक आंदोलनकारी, एक जननायक और आदिवासी समाज की चेतना के प्रतीक थे."गुरुजी का संघर्ष बना रहेगा प्रेरणारामा सोनी ने कहा कि शिबू सोरेन का पूरा जीवन संघर्ष, सादगी और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित था. झारखंड को अलग राज्य का दर्जा दिलाने में उनका योगदान अतुलनीय रहा. आज जब वे हमारे बीच नहीं हैं, तब भी उनका संघर्षपूर्ण जीवन और सिद्धांत आने वाली पीढ़ियों को मार्गदर्शन देता रहेगा।उन्होंने कहा कि "गुरुजी के विचारों को सहेजना और उनके अधूरे सपनों को पूरा करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी. उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि अन्याय के खिलाफ खड़ा होना, जनहित में बोलना और समाज के अंतिम व्यक्ति के लिए काम करना ही सच्ची राजनीति है."गुरुजी के अंतिम दर्शन के लिए नेमरा गांव में हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी. दूर-दराज के गांवों से, विभिन्न जनजातीय समुदायों से और राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने अंतिम यात्रा में भाग लिया. ऐसा दृश्य देखने को मिला, जो यह दर्शाता है कि शिबू सोरेन न केवल एक नेता बल्कि जन-जन के दिलों में बसने वाले 'मसीहा' थे. इस अवसर पर झारखंड के मुख्यमंत्री और शिबू सोरेन के पुत्र हेमंत सोरेन, उनकी पत्नी कल्पना सोरेन, पुत्र बसंत सोरेन सहित परिवार के सभी सदस्य के साथ साथ लाखों की संख्या में झारखंड, बिहार , बंगाल, ओड़िशा से आए कई लोग मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने भी पिता को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि "गुरुजी का जाना सिर्फ एक पारिवारिक नुकसान नहीं, बल्कि पूरे झारखंड की आत्मा का टूट जाना है। हम उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं."झामुमो नेता रामा सोनी ने यह भी कहा कि शिबू सोरेन ने समाज के हर वर्ग को जोड़ने का कार्य किया. चाहे आदिवासी हों, दलित हों, किसान हों या मजदूर-गुरुजी ने सभी की आवाज को मुखर किया.

विहिप के स्थापना दिवस पर पलामू में तीन सौ स्थानों पर होंगे समारोह

मेदिनीनगर/ हजारीबाग । विश्व हिंदू परिषद के पलामू जिला कार्यालय में प्रांत के अधिकारियों ने आगामी कार्यक्रमों के तैयारियों की समीक्षा की. प्रांत से विश्व हिंदू परिषद के संगठन मंत्री देवी सिंह और प्रांत सह मंत्री तथा बजरंग दल के प्रान्त संयोजक रंगनाथ महतो ने जिला टोली के साथ बैठक कर आगामी कार्यक्रमों, अखंड भारत संकल्प दिवस, स्थापना दिवस, संगठन के विस्तारीकरण व दुर्गाष्टमी पर विस्तार से विमर्श किया. प्रांत संगठन मंत्री ने अभी तक की तैयारियों पर संतोष व्यक्त करते हुए बताया कि परिषद स्थापना दिवस जिला मुख्यालय, सभी प्रखंड मुख्यालय और सभी पंचायत मुख्यालय में अनिवार्य रूप से आयोजित किया जाए. बजरंग दल प्रांत संयोजक ने अखंड भारत संकल्प दिवस सह विभाजन विभीषिका दिवस जिला मुख्यालय और प्रत्येक प्रखंड में आयोजित करने के आवश्यकता पर विशेष रूप से प्रकाश डाला. जिला समिति ने बताया कि पलामू में 300 से ज्यादा स्थानों पर विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस समारोह आयोजित करने की योजना बनाई गई है. साथ ही अखंड भारत संकल्प दिवस, संगठन विस्तार और दुर्गाष्टमी कार्यक्रम की तैयारी भी चल रही है.

ब्रीफ न्यूज

ट्रंप के मामले में पीएम चुप्पी तोड़ें: सांसद सुखदेव

लोहरदगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा रूस से तेल खरीद को लेकर भारत पर 25% अतिरिक्त टैरिफ लगाने के मुद्दे पर इन दिनों विवाद गहराता जा रहा है. इसे लेकर संसद में विपक्ष मोदी सरकार पर हमलावर है. वहीं कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि जिस तरह से वह भारत के साथ व्यवहार कर रहे हैं, वह किसी अमेरिकी राष्ट्रपति के व्यवहार जैसा बिल्कुल नहीं लगता. सबसे दुखद बात प्रधानमंत्री की चुप्पी है. ट्रंप खुद रूस से यूरेनियम और उर्वरक खरीद रहे हैं. ट्रंप के मामले में प्रधानमंत्री को अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए और जवाब देना चाहिए. क्या ट्रंप हर बार यही फैसला लेंगे.

आदिवासी प्रकृति पूजक होते हैं : एसके झा

लोहरदगा। ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा में विश्व आदिवासी दिवस की पूर्व संध्या धूमधाम के साथ मनाई गई. इस अवसर पर छात्रों के द्वारा एक से बढ़कर एक गीत, नृत्य और नाटक प्रस्तुत किए गए. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य एसके झा ने कहा कि आदिवासी प्रकृति पूजक हैं और इनकी संस्कृति पुरातन है. इनका जीवन सदा और विचार उच्च रहा है. स्वभाव से ये भोले-भाले होते हैं और इनका जीवन कृषि पर आधारित है. जल जंगल और जमीन की सुरक्षा इनका प्रमुख कर्तव्य है. विद्यालय के शिक्षक रामचंद्र गिरि ने कहा कि आदिवासियों के जीवन में कर्म की प्रधानता रहती है.

डीसी ने की प्रखंड कार्यालय में योजनाओं की समीक्षा

लोहरदगा। डीसी डॉ. ताराचंद ने भंडरा प्रखंड कार्यालय में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए. समीक्षा में मनरेगा के तहत मानव दिवस सृजन, बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, दीदी बाड़ी योजना, कृषि विभाग की बीज वितरण स्थिति, सहकारिता विभाग के लैम्पस गोदामों की स्थिति, बीज लाइसेंस की स्थिति, राशन वितरण, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग व सामाजिक सुरक्षा के पेंशन योजनाओं की समीक्षा शामिल थी.

डीसी डॉ. ताराचंद ने की योजनाओं की समीक्षा

लोहरदगा। उपयुक्त डॉ. ताराचंद ने गुरुवार को भंडरा प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए. समीक्षा में मनरेगा के तहत मानव दिवस सृजन, बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, दीदी बाड़ी योजना, कृषि विभाग की बीज वितरण स्थिति, धान व मक्का की बुआई की जानकारी, सहकारिता विभाग के लैम्पस गोदामों की स्थिति, बीज लाइसेंस की स्थिति, राशन वितरण, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग व सामाजिक सुरक्षा के पेंशन योजनाओं की समीक्षा शामिल थी.

पोस्ट ऑफिस के सॉफ़्टवेयर में गड़बड़ी, डाक सेवा ठप

बुंडू। बुंडू डाकघर में पिछले 15 दिनों से तकनीकी गड़बड़ी के कारण डाक सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हैं. सॉफ़्टवेयर ₹आईटी 2.0₹ में आई खराबी के कारण स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री, पत्रों का आदान-प्रदान, पैसों का लेन-देन और राखी भेजने जैसी सुविधाएं बाधित हो गई हैं. डाकघर में काम बेहद धीमी गति से हो रहा है.

स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रपति भवन में होने वाले समारोह में शामिल होगी गुमला की बेटी

शुभांगी के नाम राष्ट्रपति भवन से आया आमंत्रण पत्र

निर्मल सिह। गुमला

झारखंड की प्रतिभावान बेटी शुभांगी क्षितिजा सौरभ को इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस की संध्या पर राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले विशेष समारोह में शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ है. यह कार्यक्रम 15 अगस्त की शाम छह बजे आयोजित किया जाएगा, जिसमें शुभांगी बतौर युवा प्रतिनिधि झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी. राष्ट्रपति भवन से आए इस विशेष आमंत्रण को गुमला डाक विभाग के अधीक्षक शांतनु आजाद ने व्यक्तिगत रूप से शुभांगी के घर पहुंचाकर सौंपा. डाक अधीक्षक ने देवी मंदिर मुहल्ला स्थित शुभांगी के आवास पर पहुंचकर उन्हें राष्ट्रपति के नाम का निमंत्रण पत्र प्रदान किया. उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में यह पहला अवसर है जब गुमला जैसे पिछड़े क्षेत्र की किसी बेटी के नाम राष्ट्रपति भवन से निमंत्रण आया है.

इस गौरवपूर्ण क्षण में भागीदारी निभाना उनके लिए भी एक विशेष अनुभव है, इसलिए वे स्वयं यह निमंत्रण पत्र देने आए. राष्ट्रपति भवन से आमंत्रण मिलने पर शुभांगी और उनके परिवार में खुशी की लहर है. शुभांगी ने इसे अपने जीवन का स्वर्णिम पल बताते हुए कहा कि राष्ट्रपति भवन में शामिल होना उनके लिए एक ऐतिहासिक अनुभव होगा. शुभांगी गुमला के निवासी प्राथमिक शिक्षक सुदेश सौरभ और महिला कॉलेज की शिक्षिका सुषमा सिंह की पुत्री हैं. उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) से अंग्रेजी विषय में स्नातक प्रतिष्ठा की पढ़ाई की है और वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय से हिंदू स्टडीज में स्नातकोत्तर कर रही हैं. गौरतलब है कि इससे पूर्व शुभांगी ने 10-12 जनवरी को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में 'विकास की विरासत' विषय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत किए थे. इस दौरान उन्हें प्रधानमंत्री के साथ विशेष भोज में भी सम्मिलित होने का अवसर मिला था.

राष्ट्रपति भवन से मिला यह आमंत्रण न केवल शुभांगी के लिए, बल्कि पूरे गुमला जिले और झारखंड राज्य के लिए गर्व का विषय है. उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और यह संदेश जाएगा कि समर्पण और मेहनत के बल पर कोई भी ऊंचाइयों को छू सकता है.

किसानों ने कृषि कार्य के लिए डीप बोरिंग की सुविधा मांगी

गुमला। चैनपुर और पालकोट प्रखंड के दो किसानों ने असंगठित कामगार कांग्रेस के अध्यक्ष और 20 सूत्री सदस्य मुख्तार आलम से मुलाकात की और कृषि कार्य के लिए डीप बोरिंग सुविधा दिलाने की मांग की. चैनपुर के टोगों निवासी जगरानी लकड़ा और पालकोट के बागेश्वर निवासी जॉन की ने जिला असंगठित कामगार कांग्रेस के कार्यालय में विश्व स्त्री सदस्य मुख्तार आलम को ज्ञापन सोपा है और खेती-बाड़ी एवं पशुपालन कृषि कार्य के लिए डीप बोरिंग की मांग की है. मुख्तार आलम ने दोनों आवेदकों से आवश्यक कागजात लेकर पशुपालन के लिए आवेदन को गव्य विकास विभाग को अग्रसारित कर दिया है जबकि डीप बोरिंग के लिए कृषि मंत्री शिल्पा नहीं तिर्की से अनुरोध किया है.

विद्यालय बेंती में चला नशा उन्मूलन अभियान

पिपरवार। चतरा जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा गुरुवार को नेहरू आदर्श विद्यालय, बेंती में नशा उन्मूलन जागरूकता अभियान चलाया गया. यह कार्यक्रम झालसा रांची के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा के सचिव के मार्गदर्शन में पीएलवी शिव कुमार द्वारा संचालित किया गया. अभियान के तहत विद्यालय में उपस्थित बच्चों को साथी योजना की विस्तृत जानकारी दी गई. साथ ही 0 से 18 वर्ष तक के ऐसे बच्चों को जिनका आधार कार्ड नहीं बना है, आधार कार्ड बनवाने हेतु प्रेरित किया गया और डीएलएसए से संपर्क करने की अपील की गई. नशा उन्मूलन के तहत शराब, अफीम व अन्य नशीले पदार्थों से होने वाले नुकसान और बीमारियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई.

डीसी के निर्देश पर सभी पंचायत सचिवालयों में कार्यशाला का आयोजन

आंगनबाड़ी केंद्रों में होगा परामर्श सत्र का आयोजन

शुभम संदेश। गुमला

पहली अगस्त से आरम्भ विश्व स्तनपान सप्ताह के सातवें दिन गुरुवार को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर गुमला जिले के सभी पंचायत भवनों में शिशु के स्तनपान में पिता की भूमिका विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया. जिसका उद्देश्य शिशु को स्तनपान कराने में समुदाय को संवेदनशील बनाना था. कहा कि मातृ-शिशु स्वास्थ्य के सुदृढ़ीकरण में केवल माताओं की नहीं, पिताओं की भी एक सशक्त और संवेदनशील भूमिका होनी चाहिए. कार्यशालाओं के दौरान उपस्थित चिकित्सा पदाधिकारियों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा प्रतिभागियों को स्तनपान के लाभ, समयबद्धता एवं पारिवारिक सहयोग की आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी दी गई. उपायुक्त ने जिला प्रशासन द्वारा जारी कैलेंडर के अनुसार 08 अगस्त को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर सैम श्रेणी के बच्चों की स्क्रीनिंग एवं परामर्श सत्र आयोजित किए जाएंगे. साथ ही, प्रखंड मुख्यालयों में स्तनपान पर आधारित पारंपरिक गीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन भी किया जाएगा. जिसके माध्यम से जनजातीय सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को भी प्रोत्साहन मिलेगा.

सप्ताह का समापन दिनांक 11 अगस्त को समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित ₹सप्ताह समापन समारोह₹ एवं शपथ ग्रहण समारोह के साथ किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित स्वयं करेंगी. इस बैठक में सप्ताह भर के क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा. उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने सभी संबंधित विभागों एवं फील्ड कर्मियों को निर्देशित किया है कि कार्यक्रमों का आयोजन समन्वयात्मक एवं प्रभावशाली ढंग से किया जाए, ताकि जागरूकता का संदेश समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे.

बीमारियों से बचाव के लिए सावधानी जरूरी: डॉ अशोक कुमार ओड़ेया

किस्को (लोहरदगा)। बरसात के मौसम में होने वाली मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को सतर्क और सावधान रहने की जरूरत है. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किस्को के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार ओड़ेया ने मीडिया से बात करते हुए प्रखंड वासियों से अपील की है कि वे लापरवाही न बरतें और जरूरत पड़ने पर तुरंत नजदीकी अस्पताल में जाकर इलाज कराएं. डॉ ओड़ेया ने बताया कि बरसात के मौसम में मलेरिया, डायरिया, मौसमी बुखार, सर्दी-खांसी, दस्त और सांप काटने जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं. इन बीमारियों का सही समय पर इलाज जरूरी है.

उन्होंने कहा कि सीएचसी किस्को सहित सभी सरकारी अस्पतालों में इन बीमारियों के लिए दवाएं और जरूरी संसाधन उपलब्ध हैं. खासकर सांप काटने की स्थिति में मरीज को झाड़-फूंक के बजाय तुरंत अस्पताल लाना चाहिए, ताकि समय रहते एंटी वेनम इंजेक्शन दिया जा सके और जान बचाई जा सके. उन्होंने बताया कि सीएचसी किस्को में प्रशिक्षित डॉक्टरों और नर्सों की टीम 24 घंटे उपलब्ध है. मरीजों को हर समय बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए अस्पताल पूरी तरह तैयार है. डॉ ओड़ेया ने लोगों से अपील की है कि वे गर्म पानी पिएं, साफ-सफाई का ध्यान रखें और किसी भी बीमारी की शुरुआत में ही इलाज कराएं. उन्होंने यह भी कहा कि अंधविश्वास से दूर रहना जरूरी है, क्योंकि इससे जान का खतरा बढ़ जाता है. डॉ ओड़ेया ने अंत में दोहराया कि सीएचसी किस्को क्षेत्रवासियों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर है और किसी भी आपात स्थिति में यहां तुरंत इलाज की सुविधा उपलब्ध है.

बिना हेलमेट के 30 दोपहिया चालकों का कटा चालान

संवाददाता। लोहरदगा

जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है. उपायुक्त डॉ. ताराचंद के निर्देशानुसार नगर क्षेत्र में जिला परिवहन पदाधिकारी जया शंखी मुर्मू के नेतृत्व में एक विशेष वाहन चेकिंग एवं जागरूकता अभियान चलाया गया. अभियान का उद्देश्य मोटरसाईकिल चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा हेलमेट के अनिवार्य उपयोग को सुनिश्चित करना था. अभियान के दौरान नगर क्षेत्र में लगभग 30 दोपहिया वाहन चालकों को पकड़ा गया, जो बिना हेलमेट के वाहन चला रहे थे. इन सभी चालकों का चालान किया गया और उन्हें मौके पर ही सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी गई. जिला परिवहन पदाधिकारी और जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक ने लोगों को समझाया कि हेलमेट का उपयोग न केवल कानून का पालन है, बल्कि यह जीवन की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है. जिला प्रशासन ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अगली बार बिना हेलमेट पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. डीटीओ ने जानकारी दी कि जिले में आए दिन सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं, जिनमें अधिकांश मामले लापरवाही की वजह से हो रहे हैं. उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट, वैध लाइसेंस और वाहन से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखना अनिवार्य है. चार पहिया वाहनों के चालकों को भी सीट बेल्ट पहनने और सभी वैध दस्तावेजों के साथ ही वाहन चलाने की सलाह दी गई है.

पेट्रोल पंपों का डीटीओ ने किया औचक निरीक्षण

गुमला । जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल ने घाघरा थाना क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने पेट्रोल पंपों पर ग्राहकों के लिए उपलब्ध आवश्यक सुविधाओं और ट्रेड लाइसेंस से संबंधित दस्तावेजों की गहनता से जांच की. निरीक्षण के दौरान, जिला परिवहन पदाधिकारी ने विशेष रूप से स्वच्छ बाथरूम, पीने के पानी (मिनरल वाटर), मुफ्त हवा (फ्री एयर) की उपलब्धता की जाँच की. साथ ही, पेट्रोल पंपों के ट्रेड लाइसेंस से जुड़े सभी कागजातों की भी समीक्षा की गई. जायसवाल ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के मानकों के अनुसार, सभी पेट्रोल पंपों पर प्रदूषण जांच केंद्र स्थापित करना अनिवार्य है. और इसे जल्द से जल्द चालू किया जाए. उन्होंने बाथरूम की स्वच्छता बनाए रखने और अग्निशामक यंत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए. जिला परिवहन पदाधिकारी ने पेट्रोल पंप संचालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में भी इस तरह के औचक निरीक्षण जारी रहेंगे. यदि किसी भी पेट्रोल पंप पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव पाया जाता है, तो उसका ट्रेड लाइसेंस रद्द किया जा सकता है.

एक नजर

बूढा महादेव मंदिर में 24 घंटे अखंड हरि कीर्तन

गुमला। पालकोट के बुढा महादेव मंदिर में सावन माह के पावन अवसर पर 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन गुरुवार को संपन्न हो गया. हरे राम हरे कृष्ण के संगीतमयी मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धालु शाम से सुबह तक झूमते गाते हुए हरी कीर्तन में शामिल हुए. झाल-मंजीरा, करताल, ढोलक के साथ राम धुन में रम गए. कीर्तन में पालकोट के कीर्तन मंडली के अलावा कई गांव की लोग शामिल हुए. पुरोहित रविन्द्र मिश्र व संतोष मिश्रा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है सावन माह बहुत पवित्र माह है. भोलेनाथ को सावन में जल चढ़ाने पर हर मनोकामना पूर्ण होती है. कीर्तन को लेकर लोगों में उत्साह है. बुढा महादेव स्वयं शंभु है. यजमान के रूप में आशुतोष गुप्ता पूजा अर्चना कर रहे हैं. रात्रि में भंडारा का आयोजन कर प्रसाद का वितरण किया गया. हरी कीर्तन को सफल बनाने में रविन्द्र बिहारी मिश्रा, बिजेंद्र बिहारी मिश्रा, शिव जी महाराज, संतोष मिश्रा, रुपांजल मिश्रा, छोटू मिश्र, दीपक मिश्रा, बिनय केसरी, सुनील केसरी, रोहित कमल कश्यप, राहुल कश्यप, अमित केसरी, अकाश केसरी, आशुतोष गुप्ता आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

योजनाओं में लापरवाही पर लोकपाल की नाराजगी

घाघरा (गुमला)। घाघरा प्रखंड के अरंगी पंचायत में मनरेगा लोकपाल शाबान शेख द्वारा गुरुवार को मनरेगा से संचालित विभिन्न योजनाओं का भौतिक निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान आम बागवानी, कूप निर्माण तथा अबुआ आवास योजना का जायजा लिया गया, जिसमें कई अनियमितताएं सामने आईं. लोकपाल ने पाया कि योजनाओं से जुड़ी रेकर्ड संधारण में गंभीर खामियां हैं कई योजनाओं में भूमि संबंधित रिपोर्ट, एम.बी तथा अन्य तकनीकी दस्तावेजों का अभाव नजर आया. इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने पंचायत सचिव और रोजगार सेवक को कड़ी फटकार लगाई तथा सभी रेकौड्र्स को शीघ्र अद्यतन करने का निर्देश दिया. वहीं बागवानी स्थलों पर बड़ी-बड़ी घास उगी हुई पाई गई, जिससे रखरखाव में लापरवाही उजागर हुई.

आदिवासी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण

घाघरा (गुमला)। उपविकास आयुक्त गुमला के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार ने तुसगांव अंतर्गत स्थित आदिम जनजाति आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया. यह निरीक्षण विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को दी जा रही सुविधाओं का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से किया गया था. निरीक्षण के दौरान, बीडीओ ने विशेष रूप से छात्राओं के पठन-पाठन की व्यवस्था, शौचालय और पेयजल की उपलब्धता, खान-पान की गुणवत्ता, फर्नीचर की स्थिति और छात्रावास परिसर की साफ-सफाई का जायजा लिया.

बुंडू बार एसोसिएशन चुनाव: 11 को होगी वोटिंग

बुंडू। बुंडू बार एसोसिएशन चुनाव 2025 की पूरी चुनावी प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है और अब मतदान 11 अगस्त को कराया जाएगा. इस चुनाव में झारखंड स्टेट बार एसोसिएशन काउंसिल के सदस्य संजय विद्रोही पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहेंगे. चुनाव पदाधिकारी की जिम्मेदारी रितेश जायसवाल को दी गई है, जबकि सहायक चुनाव पदाधिकारी के रूप में विशेश्वर प्रसाद और वासुदेव प्रमाणिक रहेंगे. इस चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष और कार्यकारिणी समिति के पांच सदस्य चुने जाएंगे. अध्यक्ष पद पर रामचरण महतो और रमेश चन्द्र साहू के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है, जबकि उपाध्यक्ष पद के लिए आनंद राम महतो का निर्विरोध चयन लगभग तय माना जा रहा है.

भारथी ग्रुप ने मनाया विश्व स्तनपान सप्ताह

मांडर। मांडर स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के अंतर्गत सतीश कुमार सिन्हा मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं भारथी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कंदरी में 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया. इस अवसर पर मांडर प्रखंड के करकरा गांव में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती छवि सिन्हा थीं. सचिव श्री नितिन परासर, एजुकेशनल सेक्रेटरी डॉ. दीपाली परासर, प्राचार्या श्रीमती निहारिका श्रीवास्तव, उप-प्राचार्या अंजेला गाड़ी सहित शिक्षकगण भी उपस्थित रहे.

कांग्रेस की हेसल पंचायत कमेटी का हुआ गठन

लोहरदगा। सदर प्रखंड के हेसल पंचायत में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार संगठन सृजन वर्ष 2025 के तहत ग्राम पंचायत कमिटी हेसल का गठन किया गया. इस अवसर पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सत्यदेव भगत की अध्यक्षता में जिला कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, जिला उपाध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिला प्रशिक्षक अनामिका सरकार और प्रखंड पर्यवेक्षक सामुल अंसारी उपस्थित थे. बैठक में हेसल पंचायत के विभिन्न बूथ एवं गांव से कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए. सभी की सहमति से पंचायत अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष और अन्य महासचिव का चुनाव किया गया. नए पदाधिकारियों को जिला प्रशिक्षक अनामिका सरकार द्वारा पार्टी की विचारधारा और जनहित के कार्यों के लिए प्रशिक्षण दिया गया.

पिपरवार में प्राइवेट वाहन चालकों की वार्ता विफल

पिपरवार। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में गुरुवार को स्थानीय प्राइवेट वाहन चालकों और प्रबंधन के बीच हुई वार्ता बिना नतीजे के समाप्त हो गई. जनता मजदूर संघ के बैनर तले आयोजित इस बैठक में वाहन चालकों की वेतन वृद्धि सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा हुई, लेकिन प्रबंधन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने के कारण वार्ता विफल रही.

हॉकी जवाहरलाल नेहरू हॉकी प्रतियोगिता में किस्को और भंडरा टीमों का रहा जलवा

डीसी डॉ ताराचंद ने खिलाड़ियों को किया प्रोत्साहित

शुभम संदेश। लोहरदगा

झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के निदेशानुसार झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा (शिक्षा विभाग) के तत्वावधान में दो दिवसीय जवाहरलाल नेहरू हॉकी प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन सीएम उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिंदू उच्च विद्यालय के मैदान में किया गया.

प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने दीप प्रज्वलित कर किया. इस अवसर पर डीएसई सह यूडीपीओ अभिजीत कुमार, एडीपीओ मोनीदीपा बनर्जी, फील्ड मैनेजर आकाश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे. प्रतियोगिता के प्रथम दिन अंडर-15 और अंडर-17 बालक वर्ग के हॉकी मुकाबले खेले गए, जिनमें जिले के विभिन्न विद्यालयों की कुल 6 टीमों ने भाग लिया. अंडर-15 बालक वर्ग में राजकीय कृत +2 उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बिटपी, भंडरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजकीय कृत मध्य विद्यालय, किस्को को हराकर खिताब अपने नाम किया. वहीं अंडर-17 बालक वर्ग में राजकीय कृत लालबहादुर शास्त्री +2 उच्च विद्यालय, भंडरा ने बाजी मारी, जबकि राजकीय कृत +2 उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बिटपी, भंडरा उपविजेता रहा.

उद्घाटन के दौरान उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल बच्चों में अनुशासन, टीम भावना और प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करता है.

उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का माध्यम हैं और इससे छात्रों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलती है. जिला शिक्षा अधीक्षक अभिजीत कुमार ने भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह मंच छात्रों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर है. विजेता टीमों को जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनंदा चंद्रमौलेश्वर दास द्वारा मेडल, प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया. उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे राज्य स्तर की प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व कर नाम रोशन करें. कार्यक्रम के सफल संचालन में शिक्षा विभाग के गणेश लाल, जीतेंद्र मित्तल, रश्मि खेस, ओम प्रकाश रंजन, सुनील तिर्की, पंकज कुमार, उर्सला कुजूर, बिपिन किशोर लकड़ा, खुशबू कुमारी, तबारक अंसारी, रामरति प्रजापति, अनिल उरांव, सारू उरांव, विशाल उरांव आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई. प्रतियोगिता के दूसरे दिन अंडर-17 बालिका वर्ग का आयोजन प्रस्तावित है.

वनबीआर में स्कूली बच्चों को मिला स्कूल बैग और कॉपी

पिपरवार (बचरा दक्षिणी)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत अंबेडकर नगर और वनबीआर कॉलोनी में स्कूली बच्चों के बीच बैग और कॉपी का वितरण किया गया. यह कार्यक्रम उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय डोम घोड़ा, अंबेडकर नगर में आयोजित किया गया, जिसमें झारखंड सरकार की ओर से 27 बच्चों को स्कूल बैग दिए गए. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पंचायत मुखिया रीना देवी थीं. उन्होंने बच्चों से मेहनत से पढ़ाई कर क्षेत्र और स्कूल का नाम रोशन करने की अपील की और बेहतर शिक्षा के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया. इसी क्रम में सीसीएल पिपरवार प्रबंधन द्वारा सीएसआर योजना के तहत वनबीआर स्थित सनराइज पब्लिक स्कूल के 38 बच्चों को स्कूल बैग और कॉपी दी गई.

सावन की द्वादशी पर निकली भव्य कलश यात्रा श्रद्धालुओं ने किया शिवलिंग पर जलाभिषेक

संवाददाता। किस्को/लोहरदगा

सावन माह की द्वादशी तिथि पर किस्को प्रखंड अंतर्गत जनवल गांव में नवयुवक संघ जनवल के तत्वावधान में बुधवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ किया गया. यह धार्मिक आयोजन जनवल शिव मंदिर से आरंभ होकर किस्को नदी तक पहुंचा, जहां श्रद्धालुओं ने जल भरकर पुनः मंदिर लौटकर भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक किया. इस कलश यात्रा में किस्को, जनवल, जोरी और आसपास के कई गांवों की महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया.

कलश यात्रा की शुरुआत मंदिर परिसर से हुई, जहां पुरोहित विमलेश मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश पूजन कर यात्रा का शुभारंभ कराया. श्रद्धालु लगभग 3 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए किस्को नदी पहुंचे. यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवा ध्वज और महावीरी झंडे के साथ 'हर-हर महादेव', 'बोल बम', 'जय श्रीराम' और 'ऊँ नमः शिवाय' के जयघोष करते चल रहे थे. डीजे पर बज रहे भक्तिमय गीतों पर युवा श्रद्धालु उत्साह से झूमते नजर आए. पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्ति और आस्था से सराबोर हो गया. जलाभिषेक के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया. आयोजन के अंतिम चरण में शाम को भक्ति जागरण का भी आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने भजन-कीर्तन और भक्ति संगीत का आनंद उठाया. इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में प्रमोद साहू, बजरंग साहू, राहुल साहू, अशोक साहू, संतोष साहू, ब्रजेश राम, देवेंद्र गोप, कृष्णा सिंह, बालकेश्वर साहू, राजकुमार मुंडा और अमित साहू समेत सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

मंथन

पेसा नियमावली में देरी जनजातीय हकों की उपेक्षा

झारखंड हाईकोर्ट का यह निर्देश कि राज्य सरकार 6 सितंबर 2025 तक पेसा नियमावली लागू करे, न केवल एक कानूनी आदेश है, बल्कि यह जनजातीय अधिकारों की बहुप्रतीक्षित स्वीकृति की दिशा में एक निर्णायक कदम भी है. यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि झारखंड जैसे आदिवासी बहुल राज्य में 1996 के पेसा कानून की नियमावली आज तक लागू नहीं हो सकी है. यह न केवल संविधान की भावना के विपरीत है, बल्कि राज्य की राजनीतिक इच्छाशक्ति पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है. आदिवासी बुद्धिजीवी मंच की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की खंडपीठ ने सरकार की ओर से हो रही देरी को गंभीरता से लिया है. न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि यदि तय समय सीमा तक नियमावली लागू नहीं होती है तो पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव को व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित होकर जवाब देना होगा. यह चेतावनी बताती है कि अदालत अब और समय देने के मूड में नहीं है. पेसा कानून का उद्देश्य आदिवासी समुदायों को उनके पारंपरिक संसाधनों और स्थानीय शासन में निर्णायक भूमिका देना है. यदि झारखंड में अब तक इसकी नियमावली नहीं बन पाई है, तो यह प्रशासनिक अक्षमता नहीं बल्कि राजनीतिक उपेक्षा का मामला बनता जा रहा है. सरकार द्वारा यह तर्क देना कि कुछ प्रावधान आंशिक रूप से लागू किए गए हैं, महज़ लीपापोती प्रतीत होती है. यह समय है जब राज्य सरकार को आदिवासी अधिकारों को प्राथमिकता देते हुए पेसा नियमावली को पूरी पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ लागू करना चाहिए. यह केवल एक कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि ऐतिहासिक न्याय का प्रश्न है.

नजरिया

ट्रंप का टैरिफ दबाव, भारत की संप्रभुता को बड़ी चुनौती

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर अतिरिक्त 25% टैरिफ लगाने की घोषणा वैश्विक कूटनीति में दबाव की राजनीति का एक और उदाहरण है. रूस से तेल खरीदने को आधार बनाकर भारत पर यह आर्थिक दंड थोपना, अमेरिका की उस रणनीति को उजागर करता है जिसमें वह अपने भू-राजनीतिक हितों के लिए मित्र राष्ट्रों पर भी कठोर कदम उठाने से नहीं चूकता. यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब भारत ने वैश्विक तेल संकट के बीच अपने ऊर्जा हितों को ध्यान में रखते हुए रूस से किफायती दर पर तेल खरीदने का रास्ता अपनाया. यह पूरी तरह भारत की संप्रभु विदेश नीति का हिस्सा है, जिसमें राष्ट्रीय हित सर्वोपरि हैं. ट्रंप प्रशासन का यह कदम भारत की उस नीति को चुनौती देता है, जो किसी भी वैश्विक गुट के अधीन हुए बिना अपने हितों के अनुरूप निर्णय लेने में विश्वास रखती है. यह भी गौरतलब है कि यह टैरिफ पुराने 2022 के राष्ट्रीय आपातकालीन आदेश का हवाला देकर लगाया गया है, जब अमेरिका ने रूस पर तेल प्रतिबंध लगाए थे. तब से लेकर अब तक वैश्विक परिदृश्य में कई बदलाव आ चुके हैं, लेकिन ट्रंप प्रशासन द्वारा उसी आदेश को आधार बनाकर भारत पर कार्रवाई करना अतिरेक प्रतीत होता है. भारत को इस स्थिति में धैर्यपूर्वक लेकिन दृढ़ता से जवाब देने की आवश्यकता है. यह केवल व्यापारिक शुल्क का मुद्दा नहीं, बल्कि नीति-निर्धारण की स्वतंत्रता और रणनीतिक संप्रभुता की परीक्षा भी है.

मानसिक स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति उदासीनता घातक

गिरीश्वर मिश्र

मानसिक रोगों की उपेक्षा करना सही नहीं, इसका इलाज होना चाहिए.

लोक व्यवहार में भी अति वाला आचरण वर्जित माना जाता है. बड़े-बूढ़े अब भी संतुलित जीवन की हिदायत देते हैं. स्वस्थ रहने के लिए जीवनशैली में बदलाव और रोग की स्थिति में उसकी उपेक्षा न कर उसका समाधान करना आवश्यक है.

स्वस्थ रहना हमारी स्वाभाविक स्थिति होनी चाहिए पर समकालीन परिवेश में ज्यादातर लोगों के लिए यह संभव नहीं हो पा रहा है. स्वास्थ्य में थोड़ा बहुत उतार-चढ़ाव तो ठीक होता है और वह जल्दी ही संभल भी जाता है पर परेशानी ज्यादा होने पर वह असह्य हो जाता है और तब व्यक्ति को 'बीमार' या 'रोगी' कहा जाता है. तब मन बेचैन रहता है, शरीर में ताकत नहीं रहती और दैनिक कार्य तथा व्यवसाय आदि के दायित्व निभाना कठिन हो जाता है, जीवन जोखिम में पड़ता सा लगता है और उचित उपचार के बाद ही स्वास्थ्य की वापसी होती है.

गौरतलब है कि शारीरिक स्वास्थ्य और अस्वास्थ्य को आसानी से पहचान लिया जाता है परंतु मानसिक रोगों की उपेक्षा की जाती है. मानसिक रोगों के लिए विशेष प्रशिक्षण और अध्ययन की आवश्यकता होती है. मनोचिकित्सा को विषय के रूप में मेडिकल कालेज में साइकियाट्री के अंतर्गत रखा जाता है और इसमें एमडी की विशेषज्ञता भी होती है. इसी से जुड़े विषय क्लिनिकल साइकोलोजी और काउनसेलिंग भी हैं जो मनोविज्ञान विषय के अंग हैं और मानसिक स्वास्थ्य. अध्ययन की यह व्यवस्था यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत है और भारत में भी मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में शिक्षण, प्रशिक्षण तथा अनुसंधान की व्यवस्था की गई है.

यह भी ध्यान देने की बात है कि मानसिक परेशानी के चलते शारीरिक बीमारियां भी होती हैं. इसी तरह शारीरिक रोग से मानसिक रुग्णता भी पैदा होती है . शरीर और मन को अलग रखना गलत है क्योंकि स्वास्थ्य और अस्वास्थ्य दोनों ही स्थितियों में ये एक संयुक्त इकाई के रूप में ही काम करते हैं. हम रोग का अनुभव भी करते हैं और उससे निपटने की कोशिश भी करते हैं. आज बेरोजगारी, सामाजिक अन्याय, पारिवारिक विघटन, जीवन-हानि, और गरीबी जैसी स्थितियां आम आदमी के मानसिक स्वास्थ्य के लिए चुनौती बनती जा रही हैं.

कम्प्यूटर, इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धि जैसे तकनीकी हस्तक्षेपों के चलते काम-काज अधिकाधिक स्वचालित होते जा रहे हैं. स्मार्टफोन और टेबलेट जैसे सूचना और संचार के उपकरणों के नए-नए माडल शान-शौकत का प्रतीक भी बनते जा रहे हैं. सोशल मीडिया की लत भयानक साबित हो रही है . लोग 'लाइक' और 'सब्सक्राइब' करने के अनुरोध से आजिज आने लगे हैं. ऐसे उपकरणों के न होने पर आदमी की हैसियत कम आंकी जाती है जो मानसिक अस्वास्थ्य का कारण बनती है. वैश्विक स्तर पर हुए स्वास्थ्य-सर्वेक्षणों में दुश्चिंता, ओसीडी, पीटीएसडी, फोविया, बाई पोलर डिसऑर्डर आदि मनोरोगों से ग्रस्त लोगों की संख्या निरंतर बढ़ रही है. लोग मादक द्रव्य, तम्बाकू, मद्यपान, और ड्रग्स का सेवन भी तेजी से कर रहे हैं. विश्व स्वास्थ्य संगठन की रपटें 21वीं सदी में स्वास्थ्य का भयावह चित्रण कर रही हैं. स्थिति का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि अकेले उत्तरी अमेरिका में सन 2022 में 326 बिलियन डालर अवसाद (डिप्रेशन)के उपचार में खर्च हुआ था.

दस वर्ष पहले 2010 में यह खर्च 210.5 बिलियन डालर का था. प्रौढ़ जनसंख्या में एक तिहाई लोग अनिद्रा रोग से ग्रस्त है. गौरतलब है कि 1999 के बाद आत्महत्या के मामलों में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. भारत में 2017 में हुए सर्वेक्षण में हर सात भारतीयों में से एक किसी न किसी मनोरोग से ग्रस्त होता पाया गया. आज अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं और आर्थिक संसाधन बढ़ने के साथ जीवन-विस्तार यानी शरीर की आयु तो बढ़ गई पर आदमी का मन कमजोर होने लगा. अल्जाइमर और डेमेंशिया के रोगी प्रौढ़ होते लोगों में तेजी से बढ़ रही हैं. अवसाद, मद्यनिर्भरता, बाई पोलर डिसऑर्डर और शीजोफ्रेनिया आज एक महामारी के रूप में उभर रही है. दुश्चिंता (ऐंगजाइटी) , जिसमें जीवन के भविष्य को लेकर भय और जोखिम की चिंता, पेशीय तनाव आदि शामिल होता है. यही प्रवृत्ति बनी रही तो इस सदी के तीसरे दशक में पहुंचते हुए वैश्विक स्तर पर 16 ट्रिलियन डालर मनोरोगों से जूझने में खर्च करने होंगे. सांसारिक सुख-भोग करना सबको प्रिय है. बाजार और विज्ञापन ने सुख को उपभोग से जोड़ कर आग में घी काम किया और अब हम अपनी 'सफलता' और विकास अधिकाधिक उपभोग में देखने के आदी होते गए हैं परंतु तनाव, चिंता, दबाव, अकेलापन, व्यसन या लत, असंतुष्टि, कुंठा जैसे अनुभव सामान्य हैं . हम असंतुष्ट रहते हुए उपभोग की वस्तुओं को एकत्र करते रहने को ही सुखमय लक्ष्य की ओर चलने का मार्ग मान बैठे और यह दावा आज की हालत देख कर खोखला लगता है. स्थापित करने का प्रयास आज की महत्वपूर्ण वैश्विक आवश्यकता है.

स्वस्थ्य रहने के लिए जरूरी क्या है ? इस सवाल के जबाव में समुचित या युक्त आहार (भोजन), विहार (आचरण), निद्रा और चेष्टा (कार्य) को आवश्यक बताया गया है . पांच महाभूत – पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश ही तो हैं जो हमें रचते हैं और रचना के बाद आकार पाकर हम भी उन्हें प्रभावित करते हैं और प्रभावित करते . इनके साथ संगति और विसंगति से, स्वास्थ्य का विचार और स्वास्थ्य की स्थिति दोनों ही प्रभावित होते हैं. हमारा शरीर साध्य भी है और मानसिक अस्तित्व का साधन भी. इसी तरह महात्मा बुद्ध अधिक और कम के बीच का मार्ग अपनाने को कहते हैं. लोक-व्यवहार में भी 'अति' वाला आचरण वर्जित माना जाता है. बड़े-बूढ़े अब भी संतुलित जीवन की हिदायत देते हैं. स्वस्थ रहने के लिए जीवनशैली में बदलाव और रोग की स्थिति में उसकी उपेक्षा न कर उसका समाधान करना आवश्यक है. आशा है देश की आवश्यकता को देखते हुए मानसिक स्वास्थ्य के लिए लोक जागरण के साथ उसके अध्ययन की सुविधाओं का विस्तार करने पर ध्यान दिया जाएगा.

-(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि वर्धा के पूर्व कुलपति हैं.)

आज का इतिहास

1509 : विजय नगर सम्राज्य के सम्राट के रूप में महाराज कृष्णदेव राय की ताजपोशी.
1609 : वेनिस की सीनेट ने गैलिलियो द्वारा तैयार दूरबीन का निरीक्षण किया.
1864 : जिनेवा में रेड क्रॉस की स्थापना.
1876 : एडिसन ने मिमियोग्राफ का पेटेंट कराया.
1899 : एटी मार्शल ने रेफ्रीजरेटर का पेटेंट कराया.
1900 : बोस्टन में डेविस कप की शुरुआत.
1908 : शास्त्रीय गायिका सिद्धेश्वरी का जन्म.
1919 : ब्रिटेन ने अफगानिस्तान को आजाद किया.
1942 : गांधी जी का भारत छोड़ो आंदोलन शुरू.
1947 : पाकिस्तान ने राष्ट्रीय ध्वज को मंजूरी दी.
1990 : इराक़ के तानाशाह सद्दाम हुसैन ने कुवैत पर कब्जे का ऐलान किया.
2004 : इटली ने बोफ़ोर्स दलाली में क्वात्रोच्चि को भारत को सौंपने से इनकार किया.
2010 : तेजस्विनी सावंत म्युनिख की विश्व निशानेबाजी की 50 मीटर में स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम भारतीय महिला बनीं.

चिंतन

मुसीबत में भागिए मत, डट कर मुकाबला कीजिए

जंगली भैंसों का झुंड जंगल में घूम रहा था, तभी एक पाड़ा ने पूछा, पिताजी, क्या इस जंगल में ऐसा कोई है जिससे डरना है? बस शेरों से सावधान रहना, भैंसा बोला. हां, मैंने भी सुना है, शेर खतरनाक हैं. अगर शेर दिखा तो मैं भाग जाऊंगा, पाड़ा बोला.नहीं, ऐसा कभी मत करना, भैंसा बोला. पाड़ा को ये बात अजीब लगी, वह बोला- क्यों? वे खतरनाक हैं, मुझे मार देंगे तो भला मैं भाग कर अपनी जान क्यों ना बचाऊं?

भैंसा समझाने लगा, अगर तुम भागोगे तो शेर पीछा करेंगे, भागते समय वे तुम्हारी पीठ पर आसानी से हमला कर सकते हैं और तुम्हे गिरा सकते हैं. एक बार गिर गए तो मौत पक्की. तो.. तो. मुझे क्या करना चाहिए? पाड़ा घबराहट में बोला. अगर तुम कभी शेर को देखो, तो अपनी जगह डट कर खड़े हो जाओ और ये दिखाओ की तुम जरा भी डरे हुए नहीं हो. अगर वो ना जाएं तो उसे अपनी सींग दिखाओ और खुरों को जमीन पर पटको. अगर तब भी शेर न जाएं तो धीरे-धीरे उसकी तरफ बढ़ो और अंत में तेजी से पूरी ताकत के साथ उसपर हमला कर दो. भैंसे ने समझाया. ये तो पागलपन है, ऐसा करने में तो खतरा है, शेर ने पलट कर हमला कर दिया तो? पाड़ा नाराज होते हुए बोला. बेटे, चारों तरफ देखो,क्या दिखाई देता है? भैंसे ने कहा. पाड़ा देखने लगा, उसके चारों तरफ भैंसों का बड़ा सा झुंड था.अगर कभी भी तुम्हें डर लगे, तो ये याद रखो कि हम सब तुम्हारे साथ हैं. अगर तुम मुसीबत का सामना करने की बजाए, भाग गए, तो हम तुम्हें नहीं बचा पाएंगे. लेकिन अगर तुम साहस दिखाते हो, तो हम मदद के लिए ठीक तुम्हारे पीछे खड़े होंगे. पाड़ा ने गहरी सांस ली और अपने पिता को इस सीख के लिए धन्यवाद दिया.

दोस्तों, हम सभी की ज़िंदगी में शेर हैं. कुछ समस्याएं हैं जिनसे हम डरते हैं, जो हमें भागने पर मजबूर करना चाहती हैं, लेकिन अगर हम भागते हैं तो वो हमारा पीछा करती हैं और जीना मुश्किल कर देती हैं. इसलिए मुसीबत का सामना करिए.उन्हें दिखाइए कि आप उनसे डरते नहीं हैं. और पूरे साहस और हिम्मत के साथ उल्टा उनकी तरफ टूट पड़िए और जब आप ऐसा करेंगे, तो आप पाएंगे कि आपके परिवार और दोस्त पूरी ताकत से आपके पीछे खड़े हैं.

इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. #NationalHandloomDay
2. #KalaignarForever
3. #CareForElders
4. #RabindranathTagore
5. #VedicWisdom
6. नोबेल पुरस्कार
7. Spiritual Journey
8. Mantra Shakti
9. श्री हरि
10. महान कवि

बहुरंग

'निशानची' का दमदार पोस्टर जारी

अमेजन एमजीएम स्टूडियोज इंडिया की आगामी फिल्म 'निशानची' ने अपनी पहली झलक से ही दर्शकों के बीच रोमांच पैदा कर दिया है. एक्शन, ड्रामा और कॉमेडी का जबरदस्त मेल इस फिल्म को एक मसाला एंटरटेनर बनाता है. टीज़र में दो ऐसे भाइयों की कहानी की झलक मिलती है जो दिखते तो एक जैसे हैं, लेकिन उनकी सोच, प्राथमिकताएं और जिंदगी के रास्ते एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हैं. दोनों के फैसले ही आगे चलकर उनके नसीब को मोड़ देते हैं.

अब इस उत्साह को और हवा देते हुए, फिल्म का एक नया पोस्टर रिलीज़ किया गया है, जिसमें खुलासा किया गया है कि 'निशानची' का टीज़र कल यानी 8 अगस्त को जारी किया जाएगा. 'निशानची' से ऐश्वर्य ठाकरे बतौर अभिनेता दमदार डेब्यू करने जा रहे हैं, और वो भी एक चुनौतीपूर्ण डबल रोल में. उनके साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे वेदिका पिंटो, मोनीका पंवार, मोहम्मद जीशान अय्यूब और कुमुद मिश्रा, जो सभी अपने-अपने किरदारों में अहम योगदान देंगे. यह फिल्म जार पिक्चर्स के बैनर तले अजय राय और रंजन सिंह द्वारा निर्मित है, फिल्म का निर्देशन अनुराग कश्यप ने किया है. 'निशानची' 19 सितंबर से सिर्फ सिनेमाघरों में दस्तक दे रही है.

मनोज वाजपेयी की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'इंस्पेक्टर जेंडे' 5 सितंबर को होगी रिलीज

हर बार अपनी दमदार अदायगी से किरदारों को जीवंत कर देने वाले मनोज वाजपेयी एक बार फिर स्क्रीन पर वापसी कर रहे हैं, लेकिन इस बार सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि सीधे आपके घरों में. उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'इंस्पेक्टर जेंडे' अब रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है और इसका प्रीमियर नेटफ्लिक्स पर किया जाएगा. मनोज वाजपेयी ने अपने करियर में एक से बढ़कर एक किरदार निभाए हैं, कभी विलेन बनकर डराया, कभी गंभीर पात्रों से दिल छुआ और कभी हल्के-फुल्के कॉमिक अंदाज़ से हंसी बिखेरी. अब वो एक पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगे, जो सख्त भी है और संवेदनशील भी. दर्शकों को इस किरदार का लंबे वक्त से इंतजार था, अब इंतजार खत्म हो गया है. 'इंस्पेक्टर जेंडे' का वर्ल्ड प्रीमियर 5 सितंबर 2025 को नेटफ्लिक्स पर होगा. 'इंस्पेक्टर जेंडे' की कहानी एक ऐसे पुलिस ऑफिसर की है, जो सिस्टम से जूझते हुए अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी लड़ाई लड़ता है. इस थ्रिलर

ड्रामा में न सिर्फ एक्शन होगा, बल्कि इमोशन, इन्वेस्टिगेशन और पॉलिटिक्स का भी जबरदस्त तड़का लगेगा. मनोज के साथ इस फिल्म में जिम सर्भ भी एक महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे. जिम, जिनके किरदार हमेशा परतदार और चौंकाने वाले होते हैं, इस फिल्म में किस तरह की भूमिका निभा रहे हैं, इसे लेकर दर्शकों में खासा उत्साह है. फिल्म का निर्देशन चिन्मय डी मंडलेकर ने किया है, जो इससे पहले भी कई प्रभावशाली प्रोजेक्ट्स में अपनी छाप छोड़ चुके हैं. वहीं, फिल्म के निर्माता हैं ओम राउत, जो 'तान्हाजी' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म से जुड़ चुके हैं.

देर रात संजय लीला भंसाली से मिलने पहुंचे रणबीर और आलिया

रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की जोड़ी बॉलीवुड की सबसे चर्चित और दिलचस्प जोड़ियों में से एक है. दोनों की केमिस्ट्री न सिर्फ पर्दे पर बल्कि असल जिंदगी में भी लोगों को काफी आकर्षित करती है. अब यह पावर कपल मशहूर फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली की अगली फिल्म 'लव एंड वॉर' मे नजर आने वाले हैं. फिल्म को लेकर उत्साह चरम पर है, और इसी बीच हाल ही में रणबीर और आलिया को भंसाली के ऑफिस के बाहर स्पॉट किया गया. दोनों जैसे ही बाहर निकले, पैपराजी ने उन्हें घेर लिया और एकसाथ तस्वीरें खिंचवाने की गुज़ारिश करने लगे. इस दौरान जो नज़ारा देखने को मिला, उसने फैंस का दिल जीत लिया. सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में रणबीर कपूर अपने खास चुलबुले अंदाज़ में नजर आते हैं. वह पैपराजी की ओर इशारा करते हुए मजाक में कहते हैं, ये रुक ही नहीं रही, जो कि आलिया भट्ट की ओर इशारा था. रणबीर का यह हल्का-फुल्का मजाकिया अंदाज़ देखकर वहां मौजूद सभी हंस पड़े. वहीं, आलिया भी मुस्कुराते हुए अपनी कार से बाहर आईं और रणबीर के साथ कैमरे के सामने खुशी-खुशी पोज़ दिया. फैंस को दोनों की बॉन्डिंग और मस्तीभरे अंदाज़ बहुत पसंद आ रहे हैं. कई यूज़र्स ने इस वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा कि रणबीर-आलिया की केमिस्ट्री स्क्रीन से परे भी उतनी ही रियल और खूबसूरत है. जहां एक ओर फैंस को 'लव एंड वॉर' में इस जोड़ी को बड़े पर्दे पर देखने का बेसब्री से इंतज़ार है, वहीं रणबीर और आलिया का ये मजेदार पल इस बात की झलक भी देता है कि दोनों के बीच कितना सहज और प्यारा रिश्ता है. अब देखना दिलचस्प होगा कि भंसाली की इस फिल्म में यह रियल-लाइफ कपल किस तरह की ऑन-स्क्रीन मैजिक क्रिएट करता है.

यशराज ने पेश की 'वॉर 2' के सुपरहिट सॉन्ग 'जनाब ए आली' जबर्दस्त ओपनिंग

यशराज फिल्म्स ने अपने स्पाई यूनिवर्स की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वॉर 2' से बहुचर्चित गाने 'जनाब ए आली' की पहली झलक पेश कर दी है. इस दमदार डांस टीज़र में पहली बार एक साथ नजर आ रहे हैं, दो सबसे बेहतरीन परफॉर्मर्स ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर. दर्शकों के लिए यह एक डांस मुकाबला है जिसका लंबे वक्त से इंतजार किया जा रहा था. इस गाने को प्रीतम ने संगीतबद्ध किया है, सचेत टंडन और साज भट्ट ने अपनी आवाज दी है, इसके दमदार बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं. 'जनाब ए आली' एक हाई-ऑक्टेन डांस एंथम बनकर सामने आ रहा है, जो स्क्रीन पर दिलों की धड़कनें और सिनेमाघरों में उत्साह बढ़ाने का वादा करता है. आदित्य चोपड़ा ने यह तय किया है कि 'जनाबे आली' गाने को फिल्म की रिलीज़ से पहले डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर पूरा रिलीज़ नहीं किया जाएगा, ताकि दर्शकों को ऋतिक और एनटीआर के बीच के इस विस्फोटक डांस का अनुभव बड़े पर्दे पर ही पूरी भव्यता के साथ मिल सके. यशराज फिल्म्स की मंशा है कि यह गाना भी 'कजरा रे' और 'कमली' की तरह थिएटर में धमाल मचाए, और दर्शकों को सिनेमा हॉल तक खींच लाए. फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी ने किया है और इसमें कियारा आडवाणी लीड रोल में नजर आएंगी. 'वॉर 2' 14 अगस्त, 2025 को हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में सिनेमाघरों में दस्तक देगी.

राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर
8210075897

मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. घर में शुभ समाचारों का संचार होगा. जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी. शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा. शुभांक-6-7-9

वृष : बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा. यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी. शुभांक-2-7-9

मिथुन : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. होश में रहकर कार्य करें. कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे. स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा. आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी. शुभांक-3-7-8

कर्क : राजकीय कार्यों से लाभ. कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे. कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी. कामकाज की अधिकता रहेगी. शुभांक-4-8-9

सिंह : शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. व्यापार में स्थिति नरम रहेगी. भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा. कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे. अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे. शुभांक-3-6-9

कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा. कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे. सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी. शुभांक-4-5-9

तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं. परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा. मेहमानों का आगमन होगा. शुभांक-3-7-9

वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा. राजकीय कार्यों से लाभ. पैतृक सम्पत्ति से लाभ. नैतिक दायरे में रहें. पुरानी गलती का पश्चाताप होगा. विद्यार्थियों को लाभ. दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा. वाहन चालन में सावधानी बरतें. ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. मान-सम्मान बढ़ेगा. शुभांक-2-7-8

धनु : आय के योग बनेंगे. संतान की उन्नति के योग हैं. स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा. आत्मचिंतन करें. पुराने मित्र से मिलन होगा. स्वविवेक से कार्य करें. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. आत्मविश्वास बढ़ेगा. अर्थपक्ष मजबूत रहेगा. इच्छित कार्य सफल होंगे. दैनिक सुख-सुविधा में वृद्घि होगी. शुभांक-3-6-9

मकर : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा. अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा. कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे. 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी. मेहमानों का आगमन होगा. शुभांक-4-6-8

कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी. ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. शुभांक-1-3-7

मीन : लाभ में आशातीत वृद्घि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. व्यापार में स्थिति नरम रहेगी. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी. अतिउत्साह में कोई भी फैसला लेने से बचें. शुभांक-1-5-9

तकनीक और इनोवेशन का परफेक्ट कॉम्बिनेशन

बीटेक ईसीई

टेक और डिजिटल के बदलते युग में जॉब मार्केट में प्रोफेशनल्स की डिमांड भी बदलती जा रही है. आईटी सेक्टर के साथ-साथ लगभग सभी क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियर्स को अच्छे खासे पैकेज पर हायर किया जा रहा है. यही वजह है कि कॉलेज प्लेसमेंट सेशन में भी बीटेक ईसीई डिग्री वालों का प्लेसमेंट पैकेज सबसे तगड़ा मिलने लगा है. बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग कोर्स आज के टेक और डिजिटल युग में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है. बदलते जॉब मार्केट में कंपनियों को ऐसे प्रोफेशनल्स की जरूरत है जो इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी को अच्छे से समझते हों. आईटी सेक्टर से लेकर ऑटोमोबाइल, टेलीकॉम और हेल्थकेयर तक में ईसीई इंजीनियर्स की डिमांड बढ़ी है. यही कारण है कि कॉलेज प्लेसमेंट के दौरान बीटेक ईसीई स्टूडेंट्स को हाई सैलरी पैकेज मिल रहे हैं. तकनीकी ज्ञान और मल्टी-डोमेन स्किल्स के चलते ये ग्रेजुएट्स इंडस्ट्री के लिए वैल्यूएबल एसेट बन चुके हैं.

बीटेक ईसीई कोर्स क्या है?

बीटेक ईसीई का पूरा नाम बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी इन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग है, जो चार वर्षीय ग्रेजुएशन लेवल का प्रोग्राम है. बीटेक ईसीई छात्रों को इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और डिवाइस कम्युनिकेशन, डिजाइन, निर्माण और रखरखाव के बारे में डिटेल जानकारी दी जाती है. इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में डेटा और सिग्नल को अलग-अलग माध्यमों से भेजने की तकनीक सीखी जाती है. यह कोर्स इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग दोनों का मेल है, जो हार्डवेयर और नेटवर्किंग में स्किल देता है. यह फील्ड 5जी, सैटेलाइट, रोबोटिक्स और ऑटोमेशन जैसी नई तकनीकों में करियर के अच्छे मौके देती है.

नौकरी पाने के मौके

बीटेक ईसीई में इलेक्ट्रॉनिक्स का परिचय, सिग्नल और सिस्टम, एनालॉग संचार, नेटवर्क सिस्टम, माइक्रोप्रोसेसर और माइक्रोकंट्रोलर, नियंत्रण प्रणाली आदि जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं. ये कोर्स टेक्नोलॉजी की नॉलेज देता है. इस कोर्स के बाद करियर के बहुत सारे ऑप्शन होते है जैसे की आप इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग, कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग बन सकते है.

कौन कर सकता है ये कोर्स?

बीटेक ईसीई में एडमिशन लेने के लिए छात्र को 12वीं कक्षा पास होना जरूरी है. 12वीं में फिजिक्स, कैमिस्ट्री और मैथ्स विषय होना अनिवार्य है. छात्रों को 12वीं में कम से कम 50% से 60% अंक लाने होते हैं. अलग-अलग कॉलेजों में अंकों की जरूरत थोड़ी अलग हो सकती है. आरक्षित वर्ग को कुछ छूट मिल सकती है.

क्या आप स्क्रीन के पीछे से सच उजागर करना चाहते हैं? डिजिटल फॉरेंसिक एक्सपर्ट बनकर आप साइबर अपराधों का पर्दाफाश कर सकते हैं. यह वो प्रोफेशन है जहां तकनीक, सस्पेंस और न्याय साथ चलते हैं–एक ऐसा करियर जो हर दिन एक नई कहानी बनाता है.

स्क्रीन के पीछे से अपराध पकड़ते हैं डेटा के जासूस

आज का युग डिजिटल का है. हर काम अब कंप्यूटर, मोबाइल, इंटरनेट या क्लाउड के जरिए हो रहा है–चाहे बैंकिंग हो, ऑफिस वर्क, पढ़ाई या सोशल मीडिया. लेकिन जिस तेजी से डिजिटल तकनीक ने जिंदगी आसान की है, उतनी ही तेजी से बढ़े हैं डिजिटल अपराध. हैकिंग, डेटा चोरी, ऑनलाइन फ्रॉड, साइबर बुलिंग जैसे मामलों की बाढ़ आ गई है. ऐसे में इन अपराधों की तह तक जाने और सच्चाई सामने लाने का काम करते हैं–डिजिटल फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स. इन्हें अक्सर स्क्रीन के पीछे का जासूस या डिजिटल डेटा डिटेक्टिव भी कहा जाता है. इनकी पहचान न तो वर्दी से होती है, न ही किसी हथियार से, बल्कि इनका सबसे बड़ा हथियार होता है - तकनीक की गहरी समझ और डिजिटल साक्ष्य जुटाने की कला.

डिजिटल फॉरेंसिक एक्सपर्ट कौन होता है?

डिजिटल फॉरेंसिक एक्सपर्ट वह प्रोफेशनल होता है जो कंप्यूटर, मोबाइल, हार्ड ड्राइव, ईमेल, सोशल मीडिया या क्लाउड जैसे डिजिटल स्रोतों से डिलीट या छिपाई गई जानकारी को रिकवर करता है और उसे कानूनी सबूत के रूप में पेश करता है.

अगर किसी ने ऑनलाइन बैंक फ्रॉड किया है, या किसी अपराधी ने मोबाइल से सबूत मिटाने की कोशिश की है, तो ऐसे मामलों में यह एक्सपर्ट उन मिटाए गए डेटा को फिर से खोज निकालता है. ये कोर्ट में पेश करने योग्य फॉरेंसिक रिपोर्ट तैयार करते हैं, ताकि अपराधी को सजा मिल सके.

क्या होता है इनका काम?

डिजिटल फॉरेंसिक एक्सपर्ट का काम बेहद पेचीदा और संवेदनशील होता है. उन्हें हर बिट और बाइट को सबूत में बदलना होता है. इनके काम में शामिल होते हैं –

- डिलीट हुए डेटा, ईमेल या कॉल रिकॉर्ड को रिकवर करना
- वायरस या मैलवेयर के जरिए की गई छेड़छाड़ का पता लगाना
- कंप्यूटर या मोबाइल में छिपाई गई फाइलों को ट्रेस करना
- साइबर क्राइम, बैंक फ्रॉड, हैकिंग की जांच करना
- डिजिटल सबूतों की वैधानिक रिपोर्ट तैयार करना
- कोर्ट और लॉ एजेंसियों को केस में तकनीकी सपोर्ट देना
- इन एक्सपर्ट्स को कई बार सीबीआई, ईडी, क्राइम ब्रांच, या साइबर क्राइम सेल के साथ काम करने का मौका मिलता है. इसके अलावा कई बार निजी कंपनियां और बैंक भी इन्हें साइबर सुरक्षा के लिए हायर करते हैं.

क्या करें पढ़ाई?

डिजिटल फॉरेंसिक्स का प्रोफेशन बनने के लिए साइंस या टेक्नोलॉजी बैकग्राउंड जरूरी होता है, लेकिन अब लॉ और क्रिमिनोलॉजी के स्टूडेंट्स के लिए भी इसमें करियर की राह खुल चुकी है.

कहां मिलती है नौकरी?

जैसे-जैसे डिजिटल क्राइम बढ़ रहा है, वैसे-वैसे डिजिटल फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। ये एक्सपर्ट्स विभिन्न क्षेत्रों में काम कर सकते हैं -

- लॉ एजेंसियां - CBI, ED, क्राइम ब्रांच, पुलिस साइबर सेल
- ज्यूडिशियल सेक्टर - कोर्ट केसों में डिजिटल सबूत जुटाने में सहयोग
- कॉर्पोरेट सेक्टर- साइबर सिक्योरिटी डिपार्टमेंट में
- बैंक और फिनटेक कंपनियां - फ्रॉड डिटेक्शन टीम का हिस्सा
- प्राइवेट फॉरेंसिक लैब्स - स्वतंत्र जांच एजेंसियों के साथ
- कौंसल या कंसल्टेंट - लॉ फर्म्स, स्टार्टअप्स, पत्रकारों के साथ सहयोग

भविष्य और स्कोप

डिजिटल फॉरेंसिक सिर्फ एक करियर नहीं, बल्कि भविष्य की सबसे जरूरी विशेषज्ञता बनती जा रही है.

डिजिटलीकरण का विस्तार
हर सेक्टर डिजिटल हो रहा है–इसका मतलब अपराध भी डिजिटल हो रहे हैं.

डेटा प्राइवेसी कानून
भारत में नया डेटा संरक्षण कानून लागू होने से अब कंपनियों को प्रोफेशनल जांच सेवाओं की जरूरत पड़ रही है.

एआई और फॉरेंसिक्स का मेल
आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब डिजिटल फॉरेंसिक की जांच को और तेज बना रहा है.

एक्सपर्ट्स की भारी कमी
देशभर में ट्रेन किए गए डिजिटल फॉरेंसिक प्रोफेशनल्स की मांग बहुत ज्यादा है लेकिन सप्लाई कम है.

अपराध बदल रहे हैं जांच भी बदलनी होगी

जैसे-जैसे दुनिया स्क्रीन पर सिमट रही है, वैसे-वैसे अपराध भी टेक्नोलॉजी की आड़ में छिपते जा रहे हैं. लेकिन सच चाहे जितना भी गहरा छुपा हो, डिजिटल फॉरेंसिक एक्सपर्ट उसे सामने लाने की ताकत रखते हैं. अगर आपको तकनीक, जांच और न्याय में रुचि है, तो यह फील्ड आपके लिए सुनहरा मौका हो सकता है.

वॉलंटियरिंग के मौके हाथ से न जाने दें

क्या आपने संकल्प लिया क्या यह कि आप देश व समाज के लिए कुछ करेंगे तो देर किस बात की देश में वॉलंटियर के रूप में काम करने के तमाम अवसर मौजूद हैं। खास बात यह कि वॉलंटियरिंग कर आप न केवल मानसिक संतोष अनुभव करेंगे, बल्कि यह काम आपके व्यक्तित्व को निखारकर करियर में भी आपको फायदा पहुंचाएगा। आजकल टीनएज से ही तमाम लोग पढ़ाई के साथ देश और समाज के लिए कुछ करने की चाहत रखते हैं। अनेक जागरूक टीनएजर विभिन्न संस्थाओं से जुड़कर या स्वयं प्रयास करके समाज को बदलने के लिए वॉलंटियर या स्वयंसेवक की भूमिका निभा रहे हैं। क्या आपकी भी इच्छा होता है कि देशसमाज के लिए कुछ करें, राष्ट्र निर्माण में अभी से अपना योगदान दें तो देर किस बात की आज ही कर दें शुरूआत।

देश में किशोरों व युवाओं को स्वयंसेवी कार्यों में लगाने वाली तमाम सरकारी, गैर सरकारी, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं हैं। इनमें से किसी के साथ जुड़कर आप वॉलंटियरिंग की दिशा में अपने कदम बढ़ा सकते हैं और समाज को बदलने में अपना योगदान दे सकते हैं। ऐसा कोई भी व्यक्ति जो लोगों की बेहतरी के लिए बिना किसी वेतन के या फिर मामूली स्टाइपेंड पर काम करना चाहता है, उसे वॉलंटियर कहते हैं। इस तरह सामाजिक बदलाव के लिए काम करने से आपको मानसिक संतोष मिलता है। इससे आपके व्यक्तित्व का विकास तो होता ही है, आगे आपके करियर में भी फायदा मिलता है।

गरीबों की मदद

आपके शहर, कस्बे या गांव में ऐसे लोग होंगे, जिनके पास रहने के लिए कोई मकान नहीं है। वे फुटपाथ पर या अन्यत्र खुले में ही गुजारा करते हैं। आप ऐसे लोगों को नाश्ता, खाना, सर्दी के दिनों में गर्म कपड़े या कंबल बांटने वाली संस्थाओं के लिए काम कर सकते हैं। अगर आपके शहर में ऐसी कोई संस्था नहीं मिलती, तो आप खुद ही अपने कुछ दोस्तों और अभिभावकों के साथ मिलकर यह काम कर सकते हैं।

ट्रैफिक में सहयोग

आप अपने शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू तरीके से चलाने में या किसी बड़ी खेल प्रतियोगिता, मेले आदि के आयोजन के दौरान स्वयंसेवक के रूप में काम कर प्रशासन की मदद कर सकते हैं। इसके लिए आयोजकों या ट्रैफिक पुलिस विभाग से संपर्क करें। आप लोगों के बीच जाकर ट्रैफिक नियमों के पालन के बारे में जागरूकता अभियान भी चला सकते हैं। किसी प्राकृतिक आपदा के समय भी आप वॉलंटियर के रूप में सहयोग कर सकते हैं।

पर्यावरण की खातिर

पर्यावरण को लेकर आज किसी छोटे शहर से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक चिंता व्याप्त है। आप अपने शहर, कस्बे के पर्यावरण को दुरुस्त रखने के लिए पौधे लगाने से लेकर प्रदूषण कम करने के तमाम प्रयासों में सहयोग कर सकते हैं।

अस्पतालों में सेवा

कई अस्पतालों, संस्थाओं को नेत्र शिविर या रक्तदान शिविर जैसे कई अभियानों के लिए स्वयंसेवक चाहिए होते हैं। इसी तरह कई अनाथालय, सीनियर सिटिजन सेंटर आदि को भी वॉलंटियर्स की जरूरत होती है। आप ऐसे मौकों पर अपनी सेवाएं दे सकते हैं।

ऑनलाइन वॉलंटियरिंग

कई सामाजिक संस्थाएं अपनी वेबसाइट, ब्लॉग, जर्नल आदि को चलाने और ऑनलाइन मार्केटिंग व कम्युनिकेशन के लिए वॉलंटियर्स की मदद लेती हैं। यदि आपके पास कम्प्यूटर और इंटरनेट है तथा आप थोड़ी टेक्निकल, डिजिटल जागरूकता रखते हैं, तो किसी संस्था को इन कार्यों में मदद कर सकते हैं। खास बात यह है कि इस तरह की समाज सेवा आप घर बैठे ही कर सकते हैं!

एनसीसी, स्काउट-गाइड

नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) देश सेवा व समाज सेवा के लिए एक बेहतरीन संगठन है। इसमें एक तरह की बेसिक मिलिट्री ट्रेनिंग दी जाती है। इस तरह एनसीसी युवाओं को सैन्य सेवाओं में शामिल होने के लिए भी प्रेरक वातावरण तैयार करता है। यही नहीं, कई सैन्य सेवाओं में एनसीसी प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को तरजीह भी दी जाती है। एनसीसी के कैडेटों को कई तरह के सामाजिक कार्यों में लगाया जाता है। इसी तरह भारत स्काउट एंड गाइड एक ऐसा संगठन है, जो स्कूली बच्चों के भौतिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास की दिशा में काम करता है। यह संगठन स्कूली बच्चों को कई तरह के सामाजिक कार्यों में भी लगाता है।

ओलंपिक मेडलिस्ट लवलीना ने लगाया अपमान का आरोप, आईओए ने शुरू की जांच

एजेंसियां। नयी दिल्ली

टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन ने भारतीय बॉक्सिंग महासंघ के कार्यकारी निदेशक रिटायर कर्नल अरुण मलिक पर महिलाओं के प्रति असम्मानजनक और भेदभावपूर्ण व्यवहार का आरोप लगाया है. इसके बाद भारतीय ओलंपिक संघ ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है. लवलीना ने दो पेज के पत्र में अपनी शिकायत दर्ज करवाई. इसमें लिखा है कि 8 जुलाई को टॉप्स की जूम मीटिंग में कर्नल मलिक ने उनके साथ बहुत ही अपमानजनक और तिरस्कार भरा व्यवहार किया.

मलिक ने आरोपों से इनकार किया : लवलीना ने यह शिकायत खेल मंत्री मनसुख मंडाविया, साई के डायरेक्टर जनरल, टॉप्स डिवीजन, आईओए और बॉक्सिंग फेडरेशन को भेजी है. इसमें आगे लिखा है- इस मीटिंग के बाद मुझे बहुत ठेस पहुंची, मैं दुखी और निराश हो गई. मैं सोचने लगी कि हम महिला खिलाड़ी क्या वाकई सम्मान के लायक समझे जाते हैं? अरुण मलिक ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि लवलीना हमारे देश का गौरव हैं. हमने मीटिंग में पूरी प्रोफेशनल तरीके से बातचीत की. मीटिंग रिकॉर्ड की गई थी और सभी संबंधित अधिकारियों के पास इसकी रिकॉर्डिंग है. हमने लवलीना की बातों को नियमों के अनुसार सुना और समझा.

भारतीय बॉक्सिंग में बवाल

समिति ने अभी तक नहीं दी रिपोर्ट

सरकार के निर्देश पर ओलंपिक संघ ने तीन सदस्यीय जांच समिति बनाई है, जिसमें टॉप्स के सीईओ नछत्तर सिंह जोहल, टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल और एक महिला वकील शामिल हैं. उन्हें दो हफ्तों में रिपोर्ट देनी थी, लेकिन लगभग एक महीना बीतने के बावजूद रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है. इसके अलावा साई की एक अधिकारी ऋतु पाथिक भी इस मामले की अलग से जांच कर रही हैं. लवलीना ने अपनी चिट्ठी में लिखा, 'मैं सिर्फ एक एथलीट के रूप में नहीं, बल्कि एक महिला के रूप में यह पत्र लिख रही हूं. जो सालों से देश की उम्मीदें बॉक्सिंग रिंग में लेकर चलती रही है. 8 जुलाई को बीएफआई और टॉप्स की मीटिंग में कर्नल मलिक ने मुझसे चिल्लाकर बात की और कहा कि 'चुप रहो, सिर नीचे रखो और जो कहा जा रहा है वो करो.' उनका यह व्यवहार न केवल अपमानजनक था बल्कि महिलाओं के प्रति भेदभाव और ताकत दिखाने जैसा था.'

कैसे हुई थी विवाद की शुरुआत

लवलीना कहा कि जहां मुझे प्रोफेशनल सपोर्ट और सम्मान की उम्मीद थी, वहां मुझे नीचा दिखाया गया और मेरी बात को अनसुना किया गया. यह सिर्फ मेरा नहीं हर महिला एथलीट का अपमान है. इस विवाद की शुरुआत तब हुई जब लवलीना ने अपने निजी कोच प्रणामिका बोरो को साथ रखने और यूरोप में ट्रेनिंग की इजाजत मांगी. लेकिन कहा जा रहा है कि कर्नल मलिक ने इन प्रस्तावों को टॉप्स के विचार में लाने से पहले ही मना कर दिया. जब लवलीना से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा, 'जांच चल रही है, इसलिए अभी मैं कोई टिप्पणी नहीं करना चाहती. मुझे जांच समिति पर पूरा भरोसा है. रिपोर्ट आने के बाद ही मैं कुछ कहूंगी.'

भारत का अगला घरेलू टेस्ट मैच वेस्टइंडीज से अक्टूबर में

एजेंसियां। नयी दिल्ली

इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की रोमांचक टेस्ट सीरीज को 2-2 से ड्रॉ करने के बाद भारतीय टेस्ट टीम अब वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025-27 के अगले पड़ाव के लिए तैयार है. इस सीरीज से भारत ने कुल 60 में से 28 अंक हासिल किए और फिलहाल अंक तालिका में तीसरे स्थान पर बनी हुई है, अब भारतीय क्रिकेट फैन्स के मन में सवाल है कि भारत का अगला टेस्ट मैच किससे होगा और डब्ल्यूटीसी 2025-27 में किन-किन टीमों से भिड़ंत होगी? टीम इंडिया अपना अगला टेस्ट मैच वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलेगी. दो मैचों की यह घरेलू सीरीज 2 अक्टूबर 2025 से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शुरू होगी. दूसरा टेस्ट 10 अक्टूबर से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होगा. रोस्टन चेज की कप्तानी वाली विंडीज टीम भारत में चुनौती पेश करेगी.

नवंबर में दक्षिण अफ्रीका से टक्कर

डब्ल्यूटीसी 2025 चैंपियन के तीसरी सीरीज में दक्षिण अफ्रीका भारत दौरे पर नवंबर 2025 में आएगी. दोनों टीमों के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी. जिसका पहला मुकाबला 14 नवंबर को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में और दूसरा 22 से 26 नवंबर तक गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में होगा.

2026 में दो विदेशी दौरों पर जाएगी भारत : जुलाई 2026: भारत श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगा. पिछली बार 2022 में रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने श्रीलंका को 2-0 से हराया था.

नवंबर 2026: न्यूजीलैंड दौरे पर भारत नवंबर में दो टेस्ट मैच खेलेगा. पिछली घरेलू सीरीज में भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 से शर्मनाक हार झेलनी पड़ी थी. विराट कोहली की कप्तानी में भारत ने 2020 में न्यूजीलैंड दौरे पर भी दो टेस्ट गंवाए थे.

डब्ल्यूटीसी 2025-27 में भारत की कुल टेस्ट सीरीज

1. **भारत बनाम इंग्लैंड** – पूरी हो चुकी (2-2 ड्रॉ)
2. **भारत बनाम वेस्टइंडीज** – अक्टूबर 2025 (भारत में)
3. **भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका** – नवंबर 2025 (भारत में)
4. **भारत बनाम श्रीलंका** – जुलाई 2026 (श्रीलंका में)
5. **भारत बनाम न्यूजीलैंड** – नवंबर 2026 (न्यूजीलैंड में)
6. **भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया** – फरवरी-मार्च 2027 (भारत में).

2027 की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ंत

डब्ल्यूटीसी चक्र के अंत में, भारत 2027 की पहली तिमाही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज खेलेगा. पिछली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारतीय टीम को 1-3 से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन 2023 में भारत ने घरेलू सीरीज 2-1 से जीती थी.

आईपीएल से संन्यास की चर्चाओं के बीच धौनी ने सीएसके के लिए लुटाया प्यार

एजेंसियां। चेन्नई

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अनुभवी बल्लेबाज महेंद्र सिंह धौनी के आईपीएल से संन्यास को लेकर चर्चाओं का बाजार हमेशा गर्म रहता है. लेकिन धौनी ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि उनकी नजदीकियां इस फ्रेंचाइजी के साथ काफी गहरी हैं. धौनी ने आईपीएल के अगले सीजन में खेलने को लेकर अभी रुख स्पष्ट नहीं किया है, लेकिन उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान फैंस को आश्वस्त किया कि उनके खेल करियर में आगे चाहे जो भी हो, उनका दिल हमेशा सीएसके के लिए धड़कता रहेगा.

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो : 'धौनी के बिना कोई सीएसके नहीं है' यह वाक्यांश अक्सर प्रशंसकों के बीच सुना जाता है और धौनी खुद भी इस भावना को दोहराते हुए प्रतीत होते हैं. 44 वर्षीय इस खिलाड़ी ने पुष्टि की कि सीएसके फ्रेंचाइजी के साथ उनका संबंध एक सक्रिय खिलाड़ी के रूप में उनके समय से परे भी बना रहेगा. कुछ दिनों पहले धोनी ने चेन्नई में आयोजित एक निजी कार्यक्रम को संबोधित किया था जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. धौनी ने कहा, मैंने हमेशा कहा है कि मेरे पास निर्णय लेने के लिए बहुत समय है, लेकिन यदि आप पीली जर्सी में वापसी के

हम हमेशा साथ रहेंगे...



बारे में पूछ रहे हैं तो मैं कहूंगा कि मैं हमेशा पीली जर्सी में ही रहूंगा, चाहे मैं खेलूं या नहीं, यह अलग बात है. मैं और सीएसके हम साथ हैं. आपको पता है, अगले 15-20 साल तक भी ऐसा रहेगा.

शुरुआत से ही सीएसके का हिस्सा हैं धोनी : धौनी 2008 में आईपीएल के शुरुआत से ही सीएसके का हिस्सा हैं. धौनी ने सीएसके की कप्तानी छोड़ दी है, लेकिन आईपीएल 2025 में नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के चोट के कारण बाहर होने की वजह से धौनी ने कमान संभाली थी. हालांकि, पांच बार की चैंपियन सीएसके के लिए आईपीएल का पिछला सत्र अच्छा नहीं रहा था और टीम 14 में से सिर्फ चार मैच ही जीत सकी थी. सीएसके अंक तालिका में सबसे नीचे रही थी जो उसका टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे खराब प्रदर्शन में से एक है. लेकिन धौनी की उपस्थिति से सीएसके के ड्रेसिंग रूम में ऊर्जा बनी रही और फैंस का भी टीम को जोरदार समर्थन मिलता रहा.

धौनी के आईपीएल से संन्यास की चर्चा पिछले कुछ सीजन से लगातार चलती रही है. कई क्रिकेट पंडितों का मानना था कि धौनी आईपीएल 2024 के बाद इस टूर्नामेंट को अलविदा कह देंगे, लेकिन धौनी ने घुटने की सर्जरी के बावजूद मैदान पर वापसी की और आईपीएल 2025 में एक बार फिर पीली जर्सी में नजर आए. धौनी ने आधिकारिक तौर पर इस बात की पुष्टि नहीं की है कि वह आईपीएल 2026 में मैदान पर उतरेंगे या नहीं, लेकिन उन्होंने ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तान के रूप में वापसी का समर्थन किया है.

अब बीसीसीआई से कोई नहीं कर सकेगा सवाल, भारत सरकार ने बदला कानून

एजेंसियां। नयी दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के लिए राहत की खबर है क्योंकि खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक के आरटीआई से संबंधित प्रावधान में बदलाव किया है.

इस बदलाव के तहत इस विधेयक में केवल उन संस्थाओं को रखा जाएगा, जो सरकारी सहायता और अनुदान पर निर्भर रहते हैं. 23 जुलाई को केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया मे लोकसभा में यह बिल रखा, जिसका प्रावधान 15(2) कहता है कि, ₹आरटीआई एक्ट, 2005 के तहत किसी मान्यता प्राप्त संस्था को इस अधिनियम के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करने के संबंध में एक सार्वजनिक प्राधिकरण माना जाएगा.

बीसीसीआई के लिए यह नियम पेचीदा बना रहा है और बोर्ड भी इसका समय-समय पर विरोध व्यक्त करता रहा है, क्योंकि वह नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन (एनएसएफ) के अंतर्गत आने वाली अन्य संस्थानों से उलट सरकारी सहायता पर निर्भर नहीं करता है. एक सूत्र ने बताया कि विधेयक में हुआ बदलाव सर्वजनिक प्राधिकरण को ऐसी इकाई के रूप में परिभाषित करता है जो वित्तीय रूप से सरकारी सहायता पर निर्भर हों. इस बदलाव से सार्वजनिक प्राधिकरण की स्पष्ट परिभाषा प्रदर्शित करने की कोशिश की गई है. यदि बदलाव नहीं किया जाता तो अशपष्टता के कारण विधेयक अटक सकता हटा, जिसे बार-बार अदालत में चुनौती दी जा सकती थी.सूत्र ने आगे यह भी बताया कि अगर कोई राष्ट्रीय खेल संस्था सरकारी सहायता नहीं ले रही है, इसके बावजूद उस पर सवाल उठाए जा सकते हैं कि क्या उसने आयोजनों के लिए किसी भी प्रकार से सरकारी सहायता ली है. ऐसा इसलिए क्योंकि सरकारी सहायता सिर्फ धन से संबंधित नहीं होती, उसमें बुनियादी ढांचा भी सम्मिलित होता है. बीसीसीआई इस पर पहले भी कह चुका है कि वह विधेयक के प्रावधानों को पढ़ने के बाद ही इस पर कोई स्टेटमेंट जारी करेगा. एक बार विधेयक के अधिनियम बनने के बाद बीसीसीआई को खुद को एनएसएफ के रूप में रजिस्टर कराना होगा, क्योंकि क्रिकेट अब ओलंपिक स्पोर्ट है, जो 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक्स में खेला जाएगा. इसका एक बेहद अहम पहलू राष्ट्रीय खेल प्राधिकरण है, जिसके पास सिविल कोर्ट की शक्तियां होंगी. एक बार स्थापित हो जाने के बाद उसके निर्णयों को केवल सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जा सकेगी.

कनेडियन ओपन 2025: ओसाका ने टॉसन को हराकर फाइनल में बनाई अपनी जगह

एजेंसियां। मॉन्ट्रियल

चार बार की ग्रैंड स्लैम विजेता जापान की नाओमी ओसाका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार (भारतीय समयानुसार गुरुवार) को क्लारा टॉसन को हराकर कनेडियन ओपन 2025 के फाइनल में प्रवेश कर लिया है. फाइनल मुकाबले में अब उनका सामना कनाडा की 18 वर्षीय टेनिस सनसनी विक्टोरिया मोबोको से होगा. ओसाका ने डेनमार्क की टॉसन को 6-2, 7-6 (9/7) से हराकर फाइनल में जगह बनाई. ये ओसाका का 2022 मियामी ओपन के बाद पहला डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल होगा और 2021 ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद

उनकी पहली टूर-लेवल खिताबी कोशिश होगी. मैच के पहले सेट में ओसाका ने पूरी तरह दबदबा बनाया, लेकिन दूसरे सेट में टॉसन ने वापसी की कोशिश की और दो बार ब्रेक लेकर मुकाबले को टाईब्रेक तक खींचा. टाईब्रेक में भी टॉसन को 6-4 की बढ़त के साथ दो सेट प्वाइंट मिले, लेकिन वह उन्हें भुना नहीं सकीं. ओसाका ने एक मैच प्वाइंट गंवाने के बाद लगातार दो अंक जीतकर जीत सुनिश्चित की. दूसरे सेमीफाइनल में विक्टोरिया मोबोको ने विंबलडन चैंपियन एलेना रायबाकिना के खिलाफ 1-6, 7-5, 7-6 (7/4) की रोमांचक जीत दर्ज की. इस मुकाबले में उन्होंने एक मैच प्वाइंट भी बचाया, जो उनके मानसिक मजबूती का बड़ा प्रमाण है. फाइनल मुकाबले को लेकर ओसाका ने कहा, मैं बहुत खुश हूं और लंबे समय बाद हार्ड कोर्ट फाइनल खेलने को लेकर उत्साहित हूं. मैंने मोबोको का मैच देखा, वह शांत बनी रहीं और मैच प्वाइंट से वापसी करना वाकई एक 18 साल की खिलाड़ी के लिए बेहद प्रभावशाली है. ओसाका इस सप्ताह विश्व रैंकिंग में ऊंचाई पर पहुंच जाएंगी, जिससे यूएस ओपन 2025 में उन्हें सीडेड प्लेयर के रूप में जगह मिलना लगभग तय है.

डीपीएल सीजन 2 : ऑलराउंड प्रदर्शन से नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने आउटर दिल्ली वॉरियर्स को 19 रन से हराया

नयी दिल्ली । अरुण जेटली स्टेडियम में बुधवार रात खेले गए रोमांचक मुकाबले में नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए आउटर दिल्ली वॉरियर्स को 19 रन से शिकस्त दी. स्ट्राइकर्स ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट पर 163 रन बनाए, जिसके जवाब में वॉरियर्स की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर सिर्फ 144 रन ही बना सकी.

सार्थक रंजन का तूफानी अर्धशतक : टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स की शुरुआत शानदार रही. ओपनर सार्थक रंजन ने 50 गेंदों में 77 रन की जबरदस्त पारी खेली, जिसमें 7 चौके और 5 छक्के शामिल थे. उनका स्ट्राइक रेट 154.00 रहा. वहीं, उनके साथ वैभव कांडपाल ने 33 गेंदों में 38 रन बनाए, जिसमें 5 चौके और 1 छक्का शामिल था. दोनों ने मिलकर ठोस ओपनिंग साझेदारी निभाई.

शुभमन गिल जुलाई के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ मंथ अवॉर्ड के लिए नामित

एजेंसियां। लंदन

भारतीय टेस्ट टीम के युवा कप्तान शुभमन गिल को जुलाई के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नामित किया गया है. इस अवॉर्ड के लिए उनकी टक्कर इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और दक्षिण अफ्रीका के स्टार ऑलराउंडर वियान मुल्डर से है. गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ हाल में समाप्त हुई पांच टेस्ट

मैच की सीरीज में आगे बढ़कर नेतृत्व किया और बल्लेबाजी में कई रिकॉर्ड अपने नाम लिखे. भारत की युवा टीम ने यह सीरीज 2-2 से ड्रॉ की. गिल ने इस सीरीज में 75.40 की औसत और चार शतकों की मदद से 754 रन बनाए. उन्होंने एक दोहरा शतक भी लगाया. इस 25 वर्षीय बल्लेबाज ने सीरीज में किसी भारतीय कप्तान द्वारा सर्वाधिक रन बनाने का सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड (732) तोड़ा. गिल का प्रदर्शन अब सर्वकालिक कप्तानों की सूची में सर डोनाल्ड ब्रैडमैन (810 रन) के बाद दूसरे स्थान पर है. आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, 'शुभमन गिल के लिए यह महीना शानदार रहा. उन्होंने इस रोमांचक श्रृंखला के दौरान इस महीने में तीन टेस्ट मैचों में 94.50 की औसत से 567 रन बनाए. उन्होंने एजबेस्टन में भारत की रिकॉर्ड जीत में अहम भूमिका निभाई. उन्होंने इस मैच की पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बनाए. इस तरह से उन्होंने मैच में कुल 430 रन बनाए जो किसी एक टेस्ट में ग्राहम गूच के 456 रन के बाद दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है.'

मुल्डर ने लारा का रिकॉर्ड तोड़ने से पहले घोषित की पारी : दक्षिण अफ्रीका के कप्तान के रूप में अपने पहले मैच में मुल्डर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद 367 रन की विशाल पारी खेली. उन्होंने अपनी टीम की पारी उस समय घोषित कर दी, जब वह महान ब्रायन लारा के 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ बनाए गए सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर नाबाद 400 के रिकॉर्ड को तोड़ सकते थे. उन्होंने दो मैचों में 265.50 की औसत से 531 रन बनाए. आईसीसी ने कहा, 'मुल्डर ने गेंदबाजी में भी योगदान दिया तथा 15.28 की औसत से सात विकेट लिए, जिसमें पहले टेस्ट में लिए गए चार विकेट भी शामिल हैं.'

आईसीसी ने की स्टोक्स के ऑलराउंड प्रदर्शन की तारीफ : आईसीसी ने भारत के खिलाफ स्टोक्स के हरफनमौला प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा, 'उन्होंने 50.20 की औसत से 251 रन बनाए और 26.33 की औसत से 12 विकेट लिए.

डब्ल्यूडब्ल्यूई | जॉन सीना को इस बात का जिंदगी भर रहेगा मलाल

दुनिया जीतकर भी 'कंगाल' महसूस कर रहा होगा रेसलर!

एजेंसियां। नयी दिल्ली

जॉन सीना ... एक ऐसा नाम जिसने डब्ल्यूडब्ल्यूई को पूरी दुनिया में बड़ा बनाने का काम किया है. उन्हें हर एक रेसलिंग फैन जानता है. बता दें कि अपने 23 साल लंबे करियर में जॉन सीना ने कई खिताब जीते, लेकिन एक खिताब फिर भी ऐसा रह गया, जिसे वह जीत नहीं सके. यह है इंटरकॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप. इस वजह से, वह डब्ल्यूडब्ल्यूई के उन कुछ खिलाड़ियों में से हैं जिन्होंने ग्रैंड स्लैम नहीं जीता है.

ग्रैंड स्लैम जीतने के लिए ये खिताब जरूरी : रेसलमेनिया 41 में अपना 17वां चैंपियनशिप खिताब जीतने के बाद, सीना अब ग्रैंड स्लैम



खिताब भी जीतना चाहते हैं. डब्ल्यूडब्ल्यूई में ग्रैंड स्लैम चैंपियनशिप एक सम्मान है. यह उन रेसलर्स को दिया जाता है जिन्होंने अपने करियर में कम से कम चार खास खिताब जीते हों. ग्रैंड स्लैम जीतने के लिए, एक पहलवान को ट्रिपल क्राउन चैंपियनशिप जीतनी होती है. ट्रिपल क्राउन जीतने के लिए तीन खिताब जीतने जरूरी हैं. लेकिन, सिर्फ डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियनशिप जीतने से ही ट्रिपल क्राउन खिताब मिलता है.

ग्रैंड स्लैम चैंपियन बनने के लिए जीतने होंगे ये खिताब : फैंस चाहते हैं कि सीना का रिटायरमेंट ग्रैंड स्लैम जीतकर हो. हाल ही में समरस्लैम में कोडी रोड्स से वह डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियनशिप हार गए थे. जॉन सीना को ग्रैंड स्लैम चैंपियन बनने के लिए क्या चाहिए? आज के नियमों के अनुसार, डब्ल्यूडब्ल्यूई के पहलवान के पास ग्रैंड स्लैम चैंपियन बनने के लिए ये खिताब होने चाहिए.

डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियनशिप या यूनिवर्सल चैंपियनशिप में से कोई एक : वर्ल्ड टैग टीम चैंपियनशिप या डब्ल्यूडब्ल्यूई टैग टीम चैंपियनशिप में से कोई एक

इंटरकॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप

यूनाइटेड स्टेट्स चैंपियनशिप जॉन सीना 23 साल के करियर में इंटरकॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप को छोड़ कर बाकी सभी खिताब जीत चुके हैं. हैरानी की बात है कि सीना ने कभी भी लाइव टेलीविजन पर इस खिताब के लिए मुकाबला नहीं किया है. इसलिए फैंस उम्मीद कर रहे हैं कि उनके रिटायरमेंट के इस आखिरी दौर में सीना अपना यह अधूरा सपना पूरा करेंगे. क्या जॉन सीना इंटरकॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप और ग्रैंड स्लैम खिताब जीत पाएंगे? यह एक बड़ा सवाल है. सीना ने अपने करियर में कई बड़े रिकॉर्ड बनाए हैं. उनके फैंस चाहते हैं कि वह यह आखिरी खिताब भी जीत लें. अगर सीना इंटरकॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप जीत जाते हैं, तो यह उनके करियर का सबसे यादगार पल होगा.

नहीं होगा भारत- पाक का मैच, एशिया कप से हटी पाक हॉकी टीम, इंडिया ने दूसरे देश को भेजा न्योता

एजेंसियां। नयी दिल्ली

एशिया कप 2025 में कौन सी टीमें खेलेंगी?

एशिया कप हॉकी का आयोजन 27 अगस्त से 7 सितंबर के बीच बिहार के राजगीर में होगा, जिसमें भारत-पाकिस्तान समेत 8 टीमें शामिल हैं. लेकिन अब खबर है कि पाकिस्तान हॉकी टीम ने भारत आने से मना कर दिया है, जिसके बाद हॉकी इंडिया ने दूसरे देश को न्यौता भेज दिया है. बता दें कि जो भी टीम एशिया कप जीतेगी, वो नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले वर्ल्ड कप 2026 के लिए क्वालीफाई करेगी. पहलगाम हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच दूरियां और ज्यादा बढ़ी है, इसका असर हर क्षेत्र की तरह खेल जगत पर भी पड़ा है. भारत की क्रिकेट टीम भी कई टूर्नामेंट में पाकिस्तान खेलने नहीं गई है, जिसके बाद भारत बनाम पाकिस्तान मैच को न्यूट्रल वेन्यू पर कराया गया. अभी क्रिकेट एशिया कप का भी आयोजन होने वाला है, इसे यूएई में इसी वजह से शिफ्ट किया गया. हॉकी इंडिया के एक अधिकारी ने 'द हिंदू' को बताया, ₹भारत सरकार पाकिस्तान के खिलाड़ियों को वीजा देने के लिए तैयार थी, लेकिन सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने भारत आने से मना कर दिया.

एशिया कप हॉकी के लिए मिला

भारत, चीन, जापान, मलेशिया, साउथ कोरिया, पाकिस्तान (टूर्नामेंट से नाम वापस लेने की खबर है), ओमान, चीनी ताइपे.

हॉकी एशिया कप जीतने वाली करेगी वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई : बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप टूर्नामेंट की विजेता टीम 2026 एफआईएच वर्ल्ड कप में क्वालीफाई कर जाएगी. जबकि इसके बाद टॉप 5 टीमें 2026 वर्ल्ड कप क्वालीफायर में खेलेंगी.

बांग्लादेश को न्यौता :

पाकिस्तान के एशिया कप से हटने के बाद हॉकी इंडिया ने बांग्लादेश को न्यौता भेजा है. अधिकारी ने 'द हिंदू' को बताया, ₹पीएचएफ (पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन) ने बुधवार को एशियाई हॉकी महासंघ को एक पत्र लिखकर कहा है कि सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान टीम एशिया कप में हिस्सा नहीं ले पाएगी. हमने अब बांग्लादेश को आमंत्रित किया है.

ब्रीफ न्यूज

सीतामढ़ी-दिल्ली के बीच दौड़ेगी अमृत भारत ट्रेन

पटना । बिहार के सीतामढ़ी जिले को केन्द्र सरकार ने मां जानकी मंदिर निर्माण के साथ एक और बड़ा तोहफा दिया है. सीतामढ़ी से दिल्ली के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन शुरू होने जा रहा है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आठ अगस्त को इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे. इस ऐतिहासिक अवसर पर गृह मंत्री शाह सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में मां जानकी मंदिर के शिलान्यास समारोह में भी शामिल होंगे. इसकी जानकारी देते हुए जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राज्यसभा सांसद संजय झा ने बताया कि मां जानकी के पावन प्राकट्य पुनौरा धाम में 8 अगस्त को होने वाले भव्य मां जानकी मंदिर के निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे. रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिल्ली और सीतामढ़ी के बीच इस नई ट्रेन के संचालन को मंजूरी दे दी है.

शिक्षकों का मनमाफिक स्थानांतरण होगा : सीएम

पटना । बिहार विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश सरकार ने आज एक और बड़ी घोषणा करते हुए कहा है कि शिक्षकों को अंतर जिला स्थानांतरण में छूट देते हुए उनके मनमाफिक जगह स्थानांतरण दिया जायेगा. मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर साझा किए गए पोस्ट के जरिये यह जानकारी दी. यह निर्णय उन शिक्षकों के लिए राहत लेकर आया है, जो हाल की स्थानांतरण प्रक्रिया से असंतुष्ट थे या जिन्हें मनपसंद स्थान नहीं मिल पाया था. नीतीश कुमार ने लिखा कि "शिक्षा विभाग द्वारा हाल में किए गए शिक्षकों के स्थानान्तरण के बारे में विभिन्न स्रोतों से सुझाव प्राप्त हो रहे हैं. इसकी समीक्षा के क्रम में मैंने शिक्षा विभाग को स्पष्ट निदेश दिया है कि अन्तर जिला स्थानान्तरण संबंधी जिन शिक्षकों की भी समस्या है, उनसे 3 जिलों का विकल्प प्राप्त किया जाएगा, जिसके बाद उन्हीं जिलों में उनका पदस्थापन किया जाएगा.मुख्यमंत्री ने लिखा कि "जिलों के अंदर पदस्थापन का कार्य जिला पदाधिकारी की समिति द्वारा किया जाएगा.

बिहार में गंगा का पानी भागलपुर जिले के

निचले इलाके में घुसा, पलायन करने को विवश बाढ़ प्रभावित

संवाददाता । भागलपुर

बिहार के भागलपुर जिले में गंगानदी के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि के कारण निचले इलाके में बाढ़ का पानी भर गया है.
दियारा क्षेत्र की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है. बाढ़ प्रभावित लोग अपना घर छोड़ अन्य जगहों पर शरण ले रहे हैं. एनएच-80 पर तेज धारा का दबाव बढ़ता जा रहा है. जिले के सुल्तानगंज, भवनाथपुर, सबौर वऔर ममलखा में कई जगह एनएच से सटकर पानी बह रहा है. सबौर प्रखंड कार्यालय और ममलखा के बीच इंग्लिश गांव के पास निर्माणाधीन पुल के पास स्थिति गंभीर है. आधी अधूरी पुलिया के डायवर्सन के ऊपर से कभी भी पानी बह सकता है. शुक्रवार शाम तक गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी का अनुमान लगाया गया है. ऐसे में अगले 48 घंटे तक एनएच-80 की निगरानी बनी रहेगी. कहीं भी आपात स्थिति होने पर मरम्मत का काम शुरू किया जायेगा. भागलपुर शहर से सटे दियारे पर गंगा नदी की तेज धारा बह रही है. दियारे पर मौजूद शंकरपुर पंचायत, रत्तीपुर बैरिया पंचायत के दर्जनों गांव के लोग अपने घरों को छोड़कर पलायन को मजबूर हो रहे हैं. हजारों की आबादी शहर के हवाई अड्डा परिसर, टीएनबी कॉलेजिएट मैदान, किलाघाट समेत अन्य सुरक्षित जगहों पर पहुंच रहे हैं. बाढ़ पीड़ितों के साथ उनके मवेशी व परिवार के सदस्य भी साथ-साथ पहुंच रहे हैं.

गंगा नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि से पटना के पांच प्रखंडों में पलायन शुरू

संवाददाता । पटना

भारी बारिश और नेपाल से छोड़े गये पानी से बिहार में गंगा नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है. इससे लोगों का पलायन शुरू हो गया है. गंगा नदी से सटे पटना जिले के मनेर, दानापुर, पटना सदर, बाढ़ और मोकामा प्रखंडों में बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है. जिला प्रशासन के अनुसार अब तक 50,000 से अधिक की आबादी बाढ़ से प्रभावित है और लोगों का शहर की ओर पलायन शुरू हो गया है.

प्रभावित इलाकों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए 35 नावें तैनात की गई हैं और सभी सीओ, बीडीओ और एसडीओ को हाई अलर्ट पर रखा गया है. जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने दीघा पाटीपुल, मीनार घाट, कुर्जी बिंदटोली घाट सहित अन्य क्षेत्रों का दौरा कर राहत व्यवस्था की समीक्षा की तथा पीड़ितों से संवाद किया. गंगा नदी का जलस्तर लगातार प्रति घंटे 1 सेंटीमीटर से अधिक बढ़ रहा है. बीते 24 घंटे में गांधीघाट पर जलस्तर 49.57 मीटर से बढ़कर 49.87 मीटर, दीघाघाट पर 50.81 से 51.10 मीटर, मनेर में 52.74 से 52.99 मीटर, हाथीदह में 42.48 से 42.74 मीटर, और सोन नदी में कोईलवर पर 53.01 से 53.51 मीटर तक पहुंच गया है. निचले इलाकों की सड़कों पर पानी चढ़ चुका है, जिससे कई गांव पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं. रामनगर दियारा पंचायत (अथमलगोला) के वार्ड संख्या 9, 10, 11 और 12 सबसे अधिक प्रभावित हैं, जहां ग्रामीण सड़क पर पानी भर गया है और संपर्क पूरी तरह कट गया है.

तैयार की गयी है तीन शरणस्थली : बाढ़ राहत कार्य के लिए जिला प्रशासन ने 11 कोषांगों का गठन किया है. इन टीमों में एसडीएम, डीएसपी, सीओ और थाना प्रभारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है ताकि जरूरतमंदों तक तुरंत राहत सामग्री पहुंचाई जा सके. पीड़ितों के लिए तीन शरणस्थली तैयार की गई हैं – नकटा दियारा (पाटीपुल), मीनार घाट और मरीन ड्राइव पर बिंदटोली के लोगों के लिए एक लेन में टेंट लगाया गया है. इन स्थानों पर सामुदायिक रसोई, चिकित्सा सुविधा और पशुओं के लिए चारा की भी व्यवस्था की गई है. बाढ़ और मोकामा में भी सामुदायिक रसोई कार्यरत है.

16.81 करोड़ की लागत से आरा के पीरो में जज क्वार्टर और गेस्ट हाउस का होगा निर्माण

एजेंसी । पटना

आरा न्याय मंडल के अंतर्गत अनुमंडलीय न्यायालय पीरो में 20 जज क्वार्टर और छह मंजिला ट्रांजिट-कम-गेस्ट हाउस (जी+6) के निर्माण होगा, जिसकी स्वीकृति मिल गयी है. इस निर्माण पर कुल 16 करोड़ 81 लाख 19 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे. यह परियोजना भवन निर्माण विभाग के माध्यम से क्रियान्वित की जाएगी, जिससे न्यायिक अधिकारियों को बेहतर आवासीय सुविधा मिल सकेगी. यह जानकारी गुरुवार को उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दी. चौधरी ने बताया कि इस योजना के तहत न्यायालय परिसर में जजों के रहने के लिए 20 क्वार्टर बनाए जाएंगे, वहीं एक G+6 संरचना वाला आधुनिक ट्रांजिट-कम-गेस्ट हाउस भी निर्मित होगा, जो न केवल न्यायाधीशों के अस्थायी ठहराव के लिए उपयोगी होगा बल्कि न्यायिक गतिविधियों के संचालन में भी सहायक सिद्ध होगा. **उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा**–बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार न्यायिक प्रणाली को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है. सरकार का स्पष्ट मानना है कि न्यायिक क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को यदि समुचित संसाधन, आधारभूत सुविधाएं और बेहतर कार्य परिवेश उपलब्ध कराया जाए, तो आम लोगों को समयबद्ध और प्रभावी न्याय दिलाना संभव होगा. इसी सोच और प्रतिबद्धता के तहत आरा न्याय मंडल के अंतर्गत पीरो में 20 जज क्वार्टर और छह मंजिला ट्रांजिट-कम-गेस्ट हाउस (जी+6) के निर्माण कार्य को स्वीकृति दी गई है.

बिहार के जमुई में मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़, 5 गिरफ्तार

एजेंसी । पटना

जमुई जिले के खैरा प्रखंड अंतर्गत हरखार पंचायत के मुखिया मुन्ना साव के घर बीती देर रात पुलिस ने छापेमारी कर अवैध हथियार निर्माण फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में अर्धनिर्मित और निर्मित हथियारों के अलावा हथियार बनाने वाले उपकरण बरामद किए हैं.

मामले में पुलिस ने एक साथ तीन ठिकानों पर छापेमारी की. इस दौरान 5 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है. इनकी पहचान मो खुर्शीद आलम, मो जहीर (दोनों मुंगेर), बिस्मिल्लाह अली, मोहम्मद गाजी अली (दोनों कोलकाता) और जमुई के रोपाबेल निवासी धर्मवीर साव (मुखिया का भतीजा) के रूप में की गई है. जमुई के डीएसपी सतीश सुमन ने छापेमारी अभियान का नेतृत्व किया. पुलिस के मुताबिक यह गिरोह लंबे समय से अवैध हथियार निर्माण और तस्करी के धंधे में लिप्त था. गिरोह का नेटवर्क पश्चिम बंगाल तक फैला था. प्राथमिक जांच में यह सामने आया है कि यहां से तैयार हथियारों की सप्लाई बंगाल तक की जाती थी.

मुखिया मुन्ना साव का आपराधिक इतिहास पहले से रहा है, और अब उसके घर से मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा होने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है. पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर जमुई मुख्यालय के कल्याणपुर स्थित गुड्डू सिंह के घर पर भी छापा मारा, जहां से भी बड़ी मात्रा में हथियार, उपकरण और अवैध सामग्री जब्त की गई. इसके अलावा रोपाबेल गांव में छापेमारी के बाद गरही बाजार स्थित एक निजी मकान में भी रेड की गई. वहां से भी कई प्रकार के हथियार बरामद किए गए. तीनों स्थानों पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है और सघन तलाशी अभियान अभी जारी है. उल्लेखनीय है कि साल 2023 में पहली बार जमुई टाउन थाना क्षेत्र के अडसार गांव में गन फैक्ट्री का पर्दाफाश हुआ था और अब एक बार फिर बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ हुआ है.

नालंदा में लापता युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी

नालंदा । जिले में सरमेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत गौसनगर गांव निवासी गिरबल कुमार (24) की हत्या कर उसका शव नदी में फेंक दिया गया. गुरुवार की सुबह करीब 6 बजे उसका शव गांव से दो किलोमीटर दूर धनायन नदी से बरामद हुआ.शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने बिहटा–सरमेरा मुख्य पथ को गोपालबाद के पास शव रखकर जाम कर दिया.घटना की सूचना मिलने पर सरमेरा, बिंद और अस्थावां थाना की पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन लोगों का गुस्सा इस कदर था कि वे अस्थावां थाना की गाड़ी पर चढ़ गए और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे.पुलिस की गाड़ी पर चढ़कर ग्रामीणों ने जताया विरोध घटना के संबंध में मृतक की बहन रानी सिन्हा ने बताया कि शनिवार रात 10 बजे आखिरी बार भाई से फोन पर बात हुई थी. मोबाइल लोकेशन गांव के पास मिला, फिर अचानक ऑफ हो गया. परिजनों ने 3 अगस्त को गिरबल के अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें चार लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया था. लेकिन पुलिस ने समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की.मृतक के बड़े भाई इंद्रजीत कुमार ने बताया कि गिरबल पटना में काम करता था और कुछ दिन पहले ही गांव लौटा था. 2 अगस्त की रात वह अपने चार दोस्तों के साथ पार्टी कर रहा था. रात 9 बजे तक सभी साथ थे. जब उसे घर लौटने के लिए कहा गया, तो उसने कहा था कि थोड़ी देर में आ जाऊंगा.

कारोबार

ट्रंप के टैरिफ फैसले से भारतीय उद्योग जगत में गुस्सा

नयी दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से अमेरिका जाने वाले निर्यात पर 25% अतिरिक्त टैरिफ लगाने का ऐलान किया, जिससे भारत पर कुल टैरिफ 50% हो गया. इस फैसले से भारतीय व्यापार जगत में भारी नाराजगी और चिंता देखने को मिली. आरपीजी एंटरप्राइजेज के चेयरमैन हर्ष गोयनका ने सोशल मीडिया पर लिखा, "आप हमारे निर्यात पर टैरिफ लगा सकते हैं, लेकिन हमारी संप्रभुता पर नहीं." उन्होंने यह भी कहा कि भारत आत्मनिर्भर बनने और विकल्प तलाशने के लिए संकल्पित है. वहीं, महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने इस कदम को 'अनचाहे परिणामों का नियम' बताया और भारत के लिए दो बड़े सुझाव दिए. नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने इस चुनौती को सुधारों का मौका बताया और कहा कि यह एक पीढ़ी में एक बार मिलने वाला अवसर है, जिसका पूरा लाभ उठाना चाहिए. ट्रंप के इस कदम को केवल आर्थिक नहीं, बल्कि राजनीतिक चुनौती के रूप में भी देखा जा रहा है. भारतीय उद्योगपति इस फैसले का सामना करते हुए अपनी संप्रभुता और आर्थिक मजबूती पर जोर दे रहे हैं.

टीसीएस ने 80 % कर्मचारियों के वेतन में की बढ़ोतरी

नयी दिल्ली। भारत की दिग्गज आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने अपने कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है. हाल ही में करीब 12,000 कर्मचारियों की छंटनी के बाद अब कंपनी ने जूनियर और मिड-लेवल कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी का ऐलान किया है. यह वेतन वृद्धि 1 सितंबर 2025 से लागू होगी और इसका लाभ लगभग 80% कर्मचारियों को मिलेगा. कंपनी की ओर से भेजे गए एक आधिकारिक ईमेल में कर्मचारियों को उनके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद दिया गया है. टीसीएस ने कहा कि यह कदम कंपनी के भविष्य को और मजबूती देने के उद्देश्य से उठाया गया है. कंपनी वर्तमान में अपनी कार्यनीति में बड़े बदलाव कर रही है.

ट्रंप के टैरिफ वार का तोड़ निकालने में लगे भारत और रूस

दोनों देश अब मिलकर दुर्लभ खनिज की खोज पर करेंगे काम

एजेंसी । नयी दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर कड़ा आर्थिक हमला बोलते हुए भारतीय वस्तुओं पर कुल 50% टैरिफ लगाने का आदेश जारी किया है. ट्रंप प्रशासन का आरोप है कि भारत रूस से तेल और अन्य वस्तुएं खरीदकर अप्रत्यक्ष रूप से रूस की यूक्रेन युद्ध में आर्थिक मदद कर रहा है. इसी वजह से ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश के तहत भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर 25% का अतिरिक्त शुल्क लगाया है. यह शुल्क पहले से लगे 25% टैरिफ के अतिरिक्त होगा, जिससे कुल शुल्क 50% हो गया है. कुछ ही सामानों को इस आदेश में छूट दी गई है. ट्रंप के इस फैसले के बाद भारत की प्रतिक्रिया और ज्यादा सख्त दिखाई दे रही है. भारत अब रूस के साथ अपनी रणनीतिक और औद्योगिक साझेदारी को और गहरा कर रहा है. भारत सरकार के अनुसार, भारत और रूस अब दुर्लभ खनिज की खोज और खनन, भूमिगत कोयले से गैस निकालने की तकनीक और आधुनिक औद्योगिक संयंत्र स्थापित करने जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करेंगे. भारत-रूस वर्किंग ग्रुप ऑन मॉडर्नाइजेशन एंड इंडस्ट्रियल कोऑपरेशन की हालिया बैठक में दोनों देशों ने कई अहम फैसले लिए. बैठक भारत-रूस इंटरगवर्नमेंटल कमीशन ऑन ट्रेड, इकोनॉमिक, साइंटिफिक, टेक्नोलॉजिकल एंड कल्चरल कोऑपरेशन के तहत हुई. इस बैठक में तय किया गया कि दोनों देश तांबा, लिथियम, निकल, कोबाल्ट और अन्य दुर्लभ खनिजों की संयुक्त खोज और खनन करेंगे. ये खनिज आधुनिक तकनीकों और स्वच्छ ऊर्जा (क्लीन एनर्जी) के लिए बेहद अहम माने जाते हैं. इनका उपयोग इलेक्ट्रिक वाहनों, बैटरियों, पवन चक्कियों और हाईटेक वायरिंग सिस्टम में होता है. भारत की कॉमर्स और इंडस्ट्री मिनिस्ट्री के मुताबिक, दोनों देश एयरोस्पेस साइंस और टेक्नोलॉजी में भी भागीदारी बढ़ाएंगे. इसमें एक आधुनिक विंड टनल फैसिलिटी बनाना, छोटे हवाई जहाजों के इंजन का निर्माण, 3डी प्रिंटिंग, कार्बन फाइबर टेक्नोलॉजी और अन्य उच्च तकनीकी क्षेत्रों में सहयोग शामिल है. साझेदारी केवल खनिजों या तकनीक तक सीमित नहीं है. भारत और रूस एल्यूमीनियम उत्पादन, उर्वरक निर्माण, रेलवे सेक्टर, खनन उपकरण, खोज और कचरा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में भी संयुक्त कार्य करेंगे. भारत ने संकेत दिया है कि यह साझेदारी न केवल रूस के साथ उसके व्यापारिक संबंधों को मजबूत करेगी, बल्कि उसे अमेरिकी प्रतिबंधों से उभरने में भी मदद करेगी.

विशेषज्ञों का मानना है कि भारत और रूस की यह नजदीकी ट्रंप प्रशासन के लिए एक कूटनीतिक झटका है. अमेरिका लंबे समय से भारत को अपने रणनीतिक साझेदार के रूप में देखता रहा है, लेकिन रूस के साथ भारत की बढ़ती नजदीकी उसे रास नहीं आ रही है. ट्रंप ने अपने बयान में कहा, "अगर कोई देश रूस जैसे युद्ध अपराधी को आर्थिक मदद देता है, तो उसे इसकी कीमत चुकानी होगी. भारत से आने वाले सामान पर भारी शुल्क लगाना हमारा पहला कदम है." भारत और रूस की बढ़ती साझेदारी केवल व्यापार तक सीमित नहीं है, यह दोनों देशों की रणनीतिक, तकनीकी और औद्योगिक मजबूती का संकेत भी है.

एचडीएफसी बैंक के शेयर में मामूली गिरावट

नयी दिल्ली। गुरुवार को अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ संबंधी बयानों का असर भारतीय स्टॉक मार्केट पर भी दिखा. बाजार में गिरावट का माहौल रहा, जिससे कई मल्टीबैगर शेयर भी लुढ़क गए. इनमें देश के सबसे बड़े प्राइवेट बैंक एचडीएफसी बैंक का शेयर भी शामिल रहा. गुरुवार सुबह 11 बजे यह शेयर 0.28% की गिरावट के साथ करीब 1980 रुपये पर ट्रेड कर रहा था. हालांकि, शॉर्ट टर्म में निवेशकों को हल्का नुकसान देखने को मिला है, लेकिन लॉन्ग टर्म निवेशकों के लिए यह शेयर किसी खजाने से कम नहीं रहा. बीते एक साल में ही एचडीएफसी बैंक के शेयर ने करीब 22% का रिटर्न दिया है. एक साल पहले इसकी कीमत 1623.50 रुपये थी, जो अब बढ़कर 1980 रुपये के करीब पहुंच चुकी है. सबसे खास बात यह है कि एचडीएफसी बैंक का यह शेयर लॉन्ग टर्म में निवेशकों को मालामाल कर चुका है. इसने 1 लाख रुपये के निवेश को 3.50 करोड़ रुपये में बदल दिया है. यानी यह उन चुनिंदा शेयरों में से एक है, जो समय के साथ असाधारण रिटर्न देने में सफल रहा है. ऐसे में विशेषज्ञ मानते हैं कि लॉन्ग टर्म निवेश की रणनीति इस शेयर के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है.

एनएसडीएल की लिस्टिंग के साथ निवेशकों को मिला 10% का गेन

नयी दिल्ली। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड के शेयरों ने बुधवार को शेयर बाजार में जबरदस्त शुरुआत की. बीएसई पर कंपनी के शेयर 880 रुपये के भाव पर लिस्ट हुए, जो कि इसके इश्यू प्राइस 800 रुपये से 10 फीसदी ज्यादा है. यह भाव कंपनी के शेयर का दिन का निचला स्तर भी रहा. लिस्टिंग के कुछ ही देर बाद शेयर ने 920 रुपये का ऊपरी स्तर छू लिया. सुबह 10 बजकर 5 मिनट पर यह 909.95 रुपये के स्तर पर ट्रेड कर रहा था. NSDL के आईपीओ को निवेशकों से शानदार रिस्पॉन्स मिला था. 4,011.60 करोड़ रुपये के इस इश्यू को कुल 41.02 गुना सब्सक्रिप्शन मिला.

एक नजर

क्रेडिट कार्ड से सालाना 2 लाख रुपये की कमाई

नई दिल्ली। आमतौर पर क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल खर्च के लिए किया जाता है, जिसमें रिवार्ड प्वाइंट्स एक बोनस के रूप में मिलते हैं. लेकिन पुणे के डेटा एनालिस्ट सूरज कुमार तलरेजा ने इसे आय का साधन बना दिया. उन्होंने स्मार्ट तरीके से अपने क्रेडिट कार्ड्स का उपयोग करके एक साल में 2 लाख रुपये के रिवार्ड प्वाइंट्स कमा लिए. सूरज तलरेजा पहले स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक में कार्यरत थे और फिलहाल वी स्कैयर सिस्टम, पुणे में काम कर रहे हैं. उनके पास एचडीएफसी के दो प्रीमियम क्रेडिट कार्ड—बिजब्लैक और हैं. इन्हीं कार्ड्स का योजनाबद्ध तरीके से इस्तेमाल कर उन्होंने सालभर में कुल 2 लाख रिवार्ड प्वाइंट्स अर्जित किए, जिनकी वास्तविक कीमत 2 लाख रुपये के बराबर है. 6 अगस्त को सूरज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह उपलब्धि साझा की. उन्होंने लिखा, ₹मैंने सिर्फ 1 साल में अपने इन दोनों कार्ड का इस्तेमाल करके 2,00,000 रिवार्ड प्वाइंट्स कमाए, जिनकी कीमत 2,00,000 रुपये है.

टाटा कैपिटल बाजार में लाएगी 17,555 करोड़ का आईपीओ

नयी दिल्ली। टाटा ग्रुप की वित्तीय सेवा कंपनी टाटा कैपिटल जल्द ही अपना बहुप्रतीक्षित आईपीओ लॉन्च करने जा रही है. कंपनी ने इसके लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के पास डीआरपीएच फाइल कर दिया है. अनुमान है कि यह आईपीओ 2 बिलियन डॉलर (करीब 17,555 करोड़) का होगा, जो 2025 का अब तक का सबसे बड़ा और भारत का चौथा सबसे बड़ा आईपीओ बन सकता है. आरबीआई ने कुछ बड़ी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को शेयर बाजार में लिस्ट होने के निर्देश दिए हैं. टाटा कैपिटल एक एनबीएफसी है और इस नियम के तहत इसे सितंबर 2025 तक स्टॉक एक्सचेंज में लिस्ट होना जरूरी है. लिस्टिंग के बाद कंपनी का अनुमानित मूल्यांकन 11 बिलियन डॉलर तक हो सकता है. डीआरएचपी के अनुसार, इस आईपीओ में 21 करोड़ नए शेयर जारी किए जाएंगे. इसके साथ ही 26.58 करोड़ शेयर को ऑफर फॉर सेल के तहत बेचा जाएगा.

अडानी एयरपोर्ट्स बनाएंगे शहर जैसे बिजनेस हब

नयी दिल्ली। अडानी एयरपोर्ट्स अगले कुछ वर्षों में अपने हवाई अड्डों के पास शहर जैसा इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए 20,000 करोड़ खर्च करेगी. कंपनी का उद्देश्य एयरपोर्ट संचालन से जुड़े अन्य व्यवसायों को मजबूत बनाकर कुल आय का मुख्य स्रोत बनाना है. अडानी एयरपोर्ट्स के सीईओ अरुण बंसल ने बताया कि इस रणनीति से एयरपोर्ट सिर्फ उड़ानों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि वे खुद में एक व्यवसायिक हब बन जाएंगे. पूरे निवेश का लगभग 70% हिस्सा मुंबई और नवी मुंबई हवाई अड्डों के पास नई परियोजनाओं पर खर्च होगा. खासतौर पर नवी मुंबई एयरपोर्ट पर 240 एकड़ भूमि में एक नया "एयरपोर्ट टाउनशिप" विकसित किया जाएगा, जिसका पहला चरण अक्टूबर 2025 तक पूरा हो जाएगा. इस टाउनशिप में 1,000 कमरे वाले पांच होटल, एक बड़ा शॉपिंग मॉल, और तीन ऑफिस टावर शामिल होंगे, लेकिन निजी आवास की अनुमति नहीं होगी. यह योजना एम्स्टर्डम के शिफोल, सिडनी, और ज्यूरिख एयरपोर्ट जैसे अंतरराष्ट्रीय मॉडल पर आधारित है, जहां हॉस्पिटैलिटी, रिटेल और ऑफिस स्पेस एक साथ मौजूद रहते हैं.

बड़ा कदम

बिहार को मिलेगी अडानी पावर से 2274 मेगावाट बिजली

53 हजार करोड़ रुपये का होगा निवेश

- प्रदूषण काफी कम होता है

एजेंसी । नयी दिल्ली

बिहार में बिजली संकट को दूर करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है. गौतम अडानी की कंपनी अडानी पावर लिमिटेड को बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड से 2274 मेगावाट बिजली सप्लाई करने का लेटर ऑफ इंटेंट मिला है. कंपनी यह बिजली बिहार के भागलपुर जिले के पीरपैंती गांव में बनने वाले एक नए थर्मल पावर प्लांट से देगी. यह थर्मल पावर प्रोजेक्ट 2400 मेगावाट का होगा और इसे बनाने में लगभग 3 अरब डॉलर (लगभग 53 हजार करोड़ रुपये) का भारी निवेश किया जाएगा. अडानी पावर ने बताया कि यह प्लांट डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ओन और ऑपरेट मॉडल पर आधारित होगा, जिसका मतलब है कि पूरी जिम्मेदारी कंपनी की ही होगी – प्लांट के डिजाइन से लेकर संचालन तक.
इस प्लांट से उत्पादित बिजली उत्तर बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड और दक्षिण बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को दी जाएगी. यानी पूरे बिहार में इस प्लांट से बिजली की आपूर्ति होगी. अडानी पावर के अनुसार, उन्हें यह मौका एक बोली प्रक्रिया के माध्यम से मिला, जिसमें वे सबसे कम बोली लगाने वाली कंपनी बनीं. कंपनी ने बिजली की दर 6.075 रुपये प्रति किलोवाट आवर तय की है. अडानी पावर के सीईओ एस. बी. ख्यालिया ने कहा कि यह प्रोजेक्ट अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल तकनीक पर आधारित होगा. यह एक आधुनिक तकनीक है जिसमें कोयला कम जलता है, प्रदूषण कम होता है और बिजली उत्पादन अधिक होता है. उन्होंने कहा, "हमें बिहार में 2400 मेगावाट का प्लांट लगाने का अवसर मिला है, जिससे हम बहुत उत्साहित हैं. हमारा उद्देश्य है कि बिहार को भरोसेमंद, सस्ती और अच्छी क्वालिटी की बिजली दी जाए."

इस परियोजना के जरिए राज्य में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे. अडानी पावर ने बताया कि प्लांट के निर्माण के दौरान करीब 10,000 से 12,000 लोगों को रोजगार मिलेगा. वहीं, प्लांट के चालू होने के बाद लगभग 3000 लोगों को स्थायी रोजगार मिलेगा. कंपनी के अनुसार, प्लांट की पहली यूनिट 48 महीनों के अंदर और आखिरी यूनिट 60 महीनों के अंदर चालू हो जाएगी. यानी आने वाले 4 से 5 सालों में यह पावर प्लांट पूरी तरह से चालू हो जाएगा. इस पावर प्रोजेक्ट के लिए कोयले की आपूर्ति भारत सरकार की शक्ति पॉलिसी के तहत की जाएगी. इस परियोजना से ना सिर्फ बिहार को बिजली संकट से राहत मिलेगी.

न्यूज अपडेट

मंदसौर और आसपास के क्षेत्रों में महसूस किए गए भूकंप के झटके

मंदसौर । मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में पिपलियामंडी और मल्हारगढ़ क्षेत्र के आसपास गुरुवार सुबह सुबह 10:07 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए. रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.9 मापी गई, जबकि भूकंप का केंद्र प्रतापगढ़ में जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई में था. राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी) ने सोशल मीडिया एक्स पर इसकी जानकारी साझा की है. मंदसौर में जिले के पिपलियामंडी नगर, रेवास देवड़ा, अमरपुरा, मल्हारगढ़, कनघट्टी, फोफालिया, बोरी, कुलमीपुरा और दमाखेड़ी गांवों में गुरुवार सुबह लोगों ने भूकंप के हल्के झटके किए गए. ये झटके कुछ सेकंड तक रहे.

ऑस्ट्रेलियाई सेना प्रमुख साइमन स्टुअर्ट इस महीने आएंगे भारत

नई दिल्ली । ऑस्ट्रेलिया के सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल साइमन स्टुअर्ट 10 से 14 अगस्त तक चार दिवसीय भारत दौरे पर आएंगे. इस दौरान वे भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय चर्चा करेंगे. उनकी भारत यात्रा को दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग को नई ऊंचाई पर ले जाने, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में साझेदारी को मजबूत करने, संयुक्त अभ्यास, प्रशिक्षण और रक्षा उद्योग में सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा के लिहाज से महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है. लेफ्टिनेंट जनरल साइमन स्टुअर्ट की यह यात्रा भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान की ऑस्ट्रेलिया यात्रा के मात्र चार महीने बाद हो रही है, जहां उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के चीफ ऑफ डिफेंस फोर्स एडमिरल डेविड जॉनस्टन और चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के साथ उच्च स्तरीय बैठकें की थीं.

संसद के दोनों सदनों में भारी हंगामा लोस- रास की कार्यवाही स्थगित

नई दिल्ली । बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण मामले पर गुरुवार को संसद के दोनों सदनों में काफी हंगामा हुआ, जिससे लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे और राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी गई. राज्यसभा में गुरुवार को कार्यवाही शुरू होते ही उपसभापति हरिवंश ने आवश्यक कागजात और रिपोर्ट सदन के पटल पर रखवाए. कार्यवाही को आगे ले जाते हुए उप सभापति ने कहा कि आज उन्हें 25 नोटिस मिले हैं. नियमों के अनुरूप न होने के कारण विपक्षी सदस्यों के सभी स्थगन प्रस्ताव नोटिसों को खारिज कर दिया गया है. जिसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया. उप सभापति ने सभी सदस्यों से सदन की कार्यवाही शांतिपूर्वक चलने देने का अनुरोध किया.

यूनुस ने कहा-अब बांग्लादेश में निष्पक्ष चुनाव कराना ही मुख्य प्राथमिकता

ढाका । अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार डॉ. मोहम्मद यूनुस ने गुरुवार को कहा कि अब बांग्लादेश में निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित कराना मुख्य प्राथमिकता है. वह आज दूसरी बार सचिवालय पहुंचे और कैबिनेट डिवीजन के नवनिर्मित भवन संख्या 1 में सलाहकार परिषद की साप्ताहिक बैठक की अध्यक्षता की. यह पहली बार है, जब किसी सरकार के प्रमुख ने इस नए सुविधा केंद्र में बैठक की अध्यक्षता की. ढाका ट्रिब्यून और द डेली स्टार अखबार की खबर के अनुसार मुख्य सलाहकार के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने सचिवालय में सलाहकार परिषद की बैठक के बाद कहा, 05 अगस्त को पहले अध्याय का अंत हो गया.

अमेरिका के दिग्गज संगीतकार एडी पाल्मिएरी का 88 साल में निधन

वाशिंगटन । अमेरिका के न्यूयॉर्क में साल्सा के स्वर्ण युग की शुरुआत करने वाले 20वीं सदी के महान संगीतगार एडी पाल्मिएरी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया. 88 वर्षीय पाल्मिएरी ने बुधवार को न्यू जर्सी के हैकेनसैक स्थित अपने घर पर आखिरी सांस ली. उनकी सबसे छोटी बेटी गैब्रिएला ने उनके निधन की पुष्टि की. पियानोवादक और बैंड लीडर पाल्मिएरी का सर्वाधिक योगदान अफ्रीकी-कैरेबियाई संगीत के साल्सा में है. जीवंत नृत्य शैली से भरपूर साल्सा को लयबद्ध और जोशीला संगीत माना जाता है. द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, एडी ने 1961 में पहला आठ सदस्यों वाला 'ला परफेक्टा' बैंड स्थापित किया. उन्होंने इसके माध्यम से लैटिन संगीत में कई शैलीगत बदलाव किए.

शांति वार्ता से पहले पुतिन से मिले विटकॉफ, मॉस्को में मुलाकात की

नयी दिल्ली । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने बुधवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मॉस्को में मुलाकात की. ये मुलाकात उस समय हुई जब रूस को यूक्रेन के साथ शांति वार्ता करने के लिए दी गई समय सीमा लगभग खत्म होने वाली है. अगर समझौता नहीं हुआ, तो अमेरिका रूस पर सख्त आर्थिक प्रतिबंध लगा सकता है, जिससे रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर भी असर पड़ सकता है. इस बीच, खबर है कि डोनाल्ड ट्रंप रूसी राष्ट्रपति पुतिन से अगले हफ्ते व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर सकते हैं. क्रेमलिन ने बताया कि यह मुलाकात करीब तीन घंटे तक चली. पुतिन के विदेश मामलों के सलाहकार यूरी उशाकोव ने कहा कि यह बातचीत उपयोगी और सकारात्मक रही.

धराली आपदा : हर्षिल व गंगोत्री क्षेत्र से 274 यात्रियों का रेस्क्यू

- गुजरात के 131 और महाराष्ट्र के 123, मध्य प्रदेश के 21, उत्तर प्रदेश के 12, राजस्थान के 6, दिल्ली के 7, असम के 5, कर्नाटक के 5, तेलंगाना के 3 और पंजाब का एक यात्री शामिल हैं.

एजेंसी । देहरादून

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद के धराली आपदा प्रभावित क्षेत्रों में तीव्र और सुरक्षित रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है. चिनूक हेलीकॉप्टर के आज उड़ान भरने से रेस्क्यू कार्य में तेजी आई है. अब तक 274 लोगों को रेस्क्यू कर गंगोत्री क्षेत्र से हर्षिल लाया गया है. आपदा प्रबंधन के सचिव विनोद सुमन के मुताबिक अब तक 274 लोगों को गंगोत्री और आसपास के क्षेत्रों से हर्षिल लाया गया है. इनमें विभिन्न राज्यों से आए हुए तीर्थयात्री भी शामिल हैं. इनमें गुजरात के 131 और महाराष्ट्र के 123, मध्य प्रदेश के 21, उत्तर प्रदेश के 12, राजस्थान के 6, दिल्ली के 7, असम के 5, कर्नाटक के 5, तेलंगाना के 3 और पंजाब का एक यात्री शामिल हैं. इन सभी यात्रियों को हर्षिल से उत्तरकाशी और देहरादून लाने की प्रक्रिया निरंतर जारी है. इसके अतिरिक्त आज तक 135 लोगों को सुरक्षित रूप से हर्षिल से बाहर निकाला गया, जिसमें से एक सौ लोगों को उत्तरकाशी पहुंचाया गया है और 35 लोगों को देहरादून सुरक्षित भेजा गया है. उन्होंने बताया कि मौसम साफ होते ही आज चिनूक हेलीकॉप्टर ने हर्षिल में लैंड किया है. इसमें एनडीआरएफ के जवान, एनडीआरएफ के उपकरण व अन्य आवश्यक सामग्री भेजी गई हैं. उत्तरकाशी आपदा राहत अभियान के तहत रेस्क्यू किए गए व्यक्तियों को आज हर्षिल से 35 व्यक्तियों को चिनूक हेलीकॉप्टर से जॉलीग्रांट एयरपोर्ट, देहरादून लाया गया.

एयरपोर्ट पर सभी का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है. राज्य सरकार, जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन विभाग, उत्तराखंड पुलिस, आईटीबीपी, एनडीआरएफ सहित अन्य सभी एजेंसियां पूरी तत्परता के साथ रेस्क्यू एवं राहत कार्यों में जुटी हैं. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और प्रभावितों को हरसंभव मदद पहुंचाने के लिए लगातार निर्देशित कर रहे हैं. मुख्यमंत्री उत्तरकाशी स्थित अस्पताल में भर्ती आपदा प्रभावितों से मिलकर कुशलक्षेम जाना.

चुनाव आयोग पर बरसे अभिषेक बनर्जी

बोले-बंगालियों को वोट देने से रोका जा रहा

एजेंसी । कोलकाता

बिना वेरिफिकेशन सैकड़ो लोगों का नाम मतदाता सूची में शामिल करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का चुनाव आयोग का आदेश तृणमूल नेताओं को नागवार गुजर रहा है. चुनाव आयोग की कार्रवाई को लेकर तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी ने गुरुवार को एक बार फिर तीखा हमला बोला है. उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए काम कर रहा है और बंगाल के मूल बंगालियों को मताधिकार से वंचित करने की कोशिश की जा रही है. कोलकाता एयरपोर्ट पर दिल्ली रवाना होने से पहले मीडिया से बातचीत में अभिषेक ने कहा, ₹आयोग अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर काम कर रहा है. आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद ही आयोग को प्रशासनिक जिम्मेदारी मिलती है ताकि चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी हो सके. लेकिन अब चुनाव से एक-डेढ़ साल पहले ही चुनी हुई सरकार के कामकाज में हस्तक्षेप किया जा रहा है. उन्होंने दावा किया कि आयोग का यह रुख भाजपा को अतिरिक्त लाभ दिलाने की कोशिश है. उनके मुताबिक, अब बंगाल के वास्तविक बंगालियों को वोट न डालने देने की साजिश हो रही है. यह पूरी तरह चुनाव आयोग की बेशर्मी भरी भूमिका है. आज आयोग का इन मुद्दों पर कोई अधिकार नहीं है. वह केवल सरकार को सूचित कर सकता है. जिस सरकार को 12 करोड़ लोगों ने चुना है, वह केवल जनता के प्रति जवाबदेह है. यह बयान ऐसे समय आया है जब राज्य में मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों को लेकर दो इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स (ईआरओ) और दो असिस्टेंट ईआरओ को सस्पेंड करने की सिफारिश चुनाव आयोग ने की है. इस संबंध में आयोग ने सचिवालय को पत्र भी भेजा है, लेकिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहले ही साफ कर चुकी हैं कि किसी अधिकारी को सजा नहीं दी जाएगी. अभिषेक ने चुनाव आयोग को संविधान की मर्यादा में रहकर काम करने की भी नसीहत दी. उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, कल देखा गया कि ट्रंप के नाम पर एक रेसिडेंशियल सर्टिफिकेट जारी हुआ है. जब वे बिहार में वोट डालने आएंगे, तब उनसे पूछा जाना चाहिए कि उन्होंने 50 फीसदी टैरिफ क्यों लगाया था. गौरतलब है कि बिहार के समस्तीपुर में मतदाता सूची की विशेष गहन समीक्षा के दौरान 65 लाख लोगों के नाम हटाए गए हैं. ऐसी आशंका है कि अब बंगाल में भी इसी तरह की कार्रवाई हो सकती है. इससे पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी इस प्रक्रिया का विरोध किया था.



बलूचिस्तान पुलिस ने शिया तीर्थयात्रियों के विरोध मार्च को हब नदी पुल पर रोका

एजेंसी । इस्लामाबाद

बलूचिस्तान में ईरान और इराक की चेहल्लुम तीर्थयात्रा मार्ग के लंबे हिस्से में पाकिस्तान की संघीय सरकार के प्रतिबंध लगाने की मुखालफत शुरू हो गई है. इस प्रतिबंध के विरोध में कराची से शुरू हुए शिया तीर्थयात्रियों के पैदल मार्च को बलूचिस्तान पुलिस ने सिंध-बलूचिस्तान सीमा के पास हब नदी पुल पर ताफ्तान सीमा पर पहुंचने से पहले रोक दिया.

द बलूचिस्तान पोस्ट की खबर के अनुसार, बलूचिस्तान पुलिस और आतंकवाद-रोधी बल (एटीएफ) के जवानों ने बलूचिस्तान में प्रवेश के मुख्य मार्गों को अवरुद्ध कर दिया है. पुलिस अधिकारियों ने पुष्टि की है कि मसले को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने के लिए प्रदर्शनकारियों के साथ बातचीत चल रही है. इस मार्च का नेतृत्व विभिन्न शिया संगठनों के प्रतिनिधि कर रहे हैं. मार्च में महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे और युवा शामिल हैं. चेहल्लुम आशूरा के चालीस दिन बाद पड़ता है. चेहल्लुम के लिए इराक के कर्बला में इमाम हुसैन की दरगाह की तीर्थयात्रा में हर साल दुनिया भर से लाखों लोग शामिल होते हैं.

पाकिस्तान से सैकड़ों तीर्थयात्री पारंपरिक रूप से बलूचिस्तान में ताफ्तान सीमा के रास्ते ईरान और फिर इराक जाते हैं. बलूच यकजेहती समिति ने इस प्रतिबंध की निंदा करते हुए इसे धार्मिक स्वतंत्रता का स्पष्ट उल्लंघन बताया है. संगठन ने कहा कि राज्य का दायित्व है कि वह तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे, न कि व्यापक प्रतिबंध लगाए. बीवाईसी ने मार्च को अपना पूर्ण समर्थन देते हुए इसे एक वैध संवैधानिक और लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति बताया है.

बीएलए ने तुर्बत में पाकिस्तान के सैन्य काफिले पर हमले कर दो जवानों को मारने की ली जिम्मेदारी

एजेंसी । इस्लामाबाद

बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान के बलूचिस्तान के तुर्बत शहर के पास पाकिस्तान के एक सैन्य काफिले पर हुए बम हमले की जिम्मेदारी ली. बीएलए ने दावा किया कि इस हमले में उसके लड़ाकों ने पाकिस्तान के दो सैन्य कर्मियों को मौत के घाट उतार दिया. द बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, बीएलए के प्रवक्ता जीयंद बलूच ने जारी बयान में कहा कि लड़ाकों ने तुर्बत के बाहरी इलाके में गोगदान-सोराप पुल के पास रिमोट-नियंत्रित आईईडी से पाकिस्तान की सेना के तीन वाहनों वाले काफिले को निशाना बनाया. उन्होंने दावा किया कि विस्फोट में दो पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और कम से कम चार अन्य घायल हो गए. रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान की सैन्य मीडिया शाखा आईएसपीआर ने अभी तक इस हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की है. तुर्बत में हुआ यह हमला पाकिस्तान के सुरक्षा बलों को निशाना बनाकर बलूच सशस्त्र समूहों के बड़े अभियान का हिस्सा है. पिछले तीन सप्ताह में दर्जनों सैन्यकर्मी मारे गए हैं. इनमें मेजर रैंक के कई अधिकारी भी शामिल हैं. बीएलए प्रवक्ता जीयंद बलूच ने बताया कि 16 जुलाई को मेजर सैयद रबनवाज तारिक अवारन जिले में किए गए उसके हमले में मारे गए. इसकी जिम्मेदारी बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) ने ली थी. तीन दिन बाद मेजर अनवर काकर क्वेटा के जबल-ए-नूर के पास एक बम विस्फोट में मारे गए. इस विस्फोट को बीएलए के विशेष सामरिक अभियान दस्ते (एसटीओएस) ने अंजाम दिया. इसके अलावा 23 जुलाई को मेजर जैद सलीम मस्तुंग के पहाड़ी क्षेत्र में बीएलए लड़ाकों के साथ संघर्ष के दौरान मारे गए. हाल ही में 5 अगस्त को मेजर रिजवान नुश्की में सड़क किनारे हुए एक आईईडी विस्फोट में मारे गए. मेजर जैद की हत्या की जिम्मेदारी बीएलए ने ली थी.

लोकसभा से मणिपुर माल और सेवाकर (संशोधन) विधेयक पास

एजेंसी । नई दिल्ली

लोकसभा ने गुरुवार को भारी हंगामे के बीच मणिपुर सरकार को जीएसटी एकत्र करने में सक्षम बनाने के लिए मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2025 और मणिपुर बजट पारित कर दिया है. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह विधेयक उस अध्यादेश का स्थान लेगा, जो राज्य में राष्ट्रपति शासन के कारण लाया गया था. उन्होंने कहा कि ये विधेयक मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 में संशोधन करता है. लोस ने मणिपुर विनियोग विधेयक, 2025 को भी अपनी मंजूरी दे दी है. ये विधेयक वित्त वर्ष 2025-26 की सेवाओं के लिए मणिपुर राज्य की संचित निधि से कुछ राशियों के भुगतान और विनियोग को अधिकृत करता है. इस पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत सरकार दो हजार 898 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजटीय परिव्यय प्रदान करेगी, जिसमें से एक हजार 667 करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय होंगे.

वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य की बेहतरी और विकास के लिए अतिरिक्त धनराशि आवश्यक है. उन्होंने इस विधेयक को पेश करते समय सदन को बताया कि शिविरों में रह रहे लोगों के पुनर्वास के लिए 523 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए जाएंगे. मणिपुर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए 542 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं. लोकसभा ने विपक्ष के शोरगुल के बीच दोनों विधेयक को बिना चर्चा के पारित कर दिए. इससे पहले केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में मणिपुर माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश किया. इस विधेयक को पेश करते समय उन्होंने सदन को बताया कि इसका उद्देश्य मणिपुर माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 में और संशोधन करना है. उन्होंने तत्काल लागू करने के कारणों को दर्शाते हुए एक व्याख्यात्मक वक्तव्य भी प्रस्तुत किया. वित्त मंत्री ने कहा कि यह एक संवैधानिक आवश्यकता है. अगर यह विधेयक पारित नहीं होता है, तो राज्य को जीएसटी परिषद द्वारा लंबे समय से अनुमोदित जीएसटी संशोधनों को लागू करने में कठिनाई होगी.

जापान ने दक्षिण क्षेत्र में तैनात किए लड़ाकू विमान

एजेंसी । नयी दिल्ली

जापान ने अपने पहले तीन एफ-35बी स्टील्थ लड़ाकू विमान गुरुवार को देश के दक्षिण में स्थित एक हवाई अड्डे पर तैनात किए हैं. क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच सुरक्षा मजबूत करने के लिए जापान ने यह कदम उठाया है. विमानों को मियाज़ाकी प्रांत के न्युटाबारू एयर बेस पर तैनात किया गया है. एयर सेल्फ-डिफेंस फोर्स ने बताया कि एक और विमान बाद में आएगा. रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि मार्च 2026 के अंत तक न्युटाबारू को चार और एफ-35बी विमान सौंपे जाएंगे. जापान चीन को एक क्षेत्रीय खतरा मानता है और उसने दक्षिण-पश्चिम में दूरदराज के द्वीपों पर अपनी सैन्य तैनाती तेज कर दी है. वहीं जापान मगेशिमा द्वीप पर एक नए हवाई अड्डे पर एफ-35B उड़ान अभ्यास के लिए एक रनवे का निर्माण कर रहा है.

गुरुवार को म्यांमार के कार्यवाहक राष्ट्रपति म्यिंट स्वे का निधन

एजेंसी । नयी दिल्ली

म्यांमार के कार्यवाहक राष्ट्रपति म्यिंट स्वे का गुरुवार को 74 वर्ष की उम्र में निधन हो गया. सेना की जानकारी के अनुसार, वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे और राजधानी नेपीडॉ के सैन्य अस्पताल में इलाज करा रहे थे. उन्हें जुलाई 2024 से गहन देखभाल में रखा गया था. म्यिंट स्वे को 2021 में उस समय कार्यवाहक राष्ट्रपति बनाया गया था, जब सेना ने आंग सान सू की की सरकार को हटाकर सत्ता पर कब्जा कर लिया था. वे पहले उपराष्ट्रपति थे, और सेना समर्थित पार्टी से जुड़े थे. उनकी नियुक्ति को कई कानूनी विशेषज्ञों ने विवादास्पद बताया था. उनके कार्यकाल में सभी महत्वपूर्ण निर्णय सैन्य प्रमुख मिन आंग ह्लाइंग लेते थे. उन्होंने यांगून क्षेत्र के मुख्यमंत्री और सैन्य खुफिया प्रमुख जैसे कई अहम पदों पर काम किया था.

यूसीएलए के चांसलर जूलियो फ्रेंक ने दी जानकारी, कहा- रिसर्च पर पड़ेगा असर

ट्रंप प्रशासन ने रोकी यूसीएलए की $584 मिलियन की फंडिंग

एजेंसी । कैलिफोर्निया

अमेरिका की ट्रंप प्रशासन ने यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, लॉस एंजेलिस (यूसीएलए) की 584 मिलियन डॉलर (लगभग 4,900 करोड़) की संघीय रिसर्च अनुदान को सस्पेंड कर दिया है. यह राशि पहले अनुमान से लगभग दोगुनी है. यूसीएलए के चांसलर जूलियो फ्रेंक ने बुधवार को इसकी जानकारी दी. यह पहली बार है जब किसी सरकारी यूनिवर्सिटी की फंडिंग इस तरह नस्लीय भेदभाव और यहूदी विरोधी माहौल के आरोपों को लेकर रोकी गई है. इससे पहले निजी यूनिवर्सिटीज पर ऐसे कदम उठाए गए थे.

क्या हैं आरोप : ट्रंप प्रशासन का आरोप है कि यूसीएलए ने यहूदी और इस्राइली छात्रों के खिलाफ भेदभाव और दुश्मनी भरा माहौल बनने दिया. अमेरिकी न्याय विभाग के नागरिक अधिकार प्रभाग ने जांच में पाया कि यूसीएलए ने सिविल राइट्स एक्ट 1964 और संविधान के 14वें संशोधन का उल्लंघन किया है. 2024 में हुए फलस्तीन समर्थक प्रदर्शन के दौरान कुछ यहूदी छात्रों और प्रोफेसरों ने शिकायत की थी कि उन्हें कक्षा में जाने से रोका गया और उन्हें निशाना बनाया गया.

समझौते में क्या हुआ : यूसीएलए ने तीन यहूदी छात्रों और एक प्रोफेसर

के साथ केस सुलझाते हुए छह मिलियन डॉलर (लगभग ₹50 करोड़) का समझौता किया. यूनिवर्सिटी अब 2.3 मिलियन डॉलर यहूदी विरोध के खिलाफ काम करने वाले आठ संगठनों को देगी. यूनिवर्सिटी ने परिसर और सामुदायिक सुरक्षा कार्यालय नाम का एक नया विभाग भी शुरू किया है, जो कैंपस में सुरक्षा और प्रदर्शन नियंत्रण देखेगा. चांसलर फ्रेंक ने यहूदी विरोध और इस्राइल विरोधी पूर्वाग्रह से लड़ने के लिए एक खास अभियान भी शुरू किया है.

यूसीएलए की प्रतिक्रिया : चांसलर जूलियो फ्रेंक ने कहा, 'अगर ये फंड्स स्थायी रूप से रोके गए, तो यूसीएलए और पूरे देश के लिए ये विनाशकारी होगा. हमारे यहां जो रिसर्च होती है, उसका फायदा अमेरिका और दुनिया को होता है.' उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी को यह पैसा नेशनल साइंस फाउंडेशन, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ और डिपार्टमेंट ऑफ एनर्जी से मिलता है. यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के नए अध्यक्ष जेम्स बी. मिलिकेन ने भी इस फैसले की आलोचना की. उन्होंने कहा, 'ये कटौती यहूदी विरोध का हल नहीं है. यूसीएलए और पूरी यूसी यूनिवर्सिटी ने इस मुद्दे पर काफी काम किया है, लेकिन लगता है सरकार ने इसे नजरअंदाज कर दिया.' उन्होंने आगे कहा कि इस फंडिंग से जो काम होते हैं, वे जीवन बचाने, अर्थव्यवस्था मजबूत करने और राष्ट्रीय सुरक्षा को बेहतर करने के लिए जरूरी हैं. पिछले हफ्ते कोलंबिया यूनिवर्सिटी ने भी ऐसे ही आरोपों में 200 मिलियन डॉलर (1,650 करोड़) का समझौता किया था और उन्हें 400 मिलियन डॉलर की फंडिंग वापस मिल गई.

कुबेरेश्वर धाम में 3 दिन में 7 श्रद्धालुओं की मौत

सीहोर । मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में पिछले तीन दिन में कुबेरेश्वर धाम में आयोजित कांवड़ यात्रा में शामिल होने आए सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई. इसके बाद भाजपा से लेकर कांग्रेस के विधायकों ने इस तरह के आयोजन पर सवाल उठाए हैं. भाजपा की वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री कुसुम महदेले ने पंडित प्रदीप मिश्रा को रुद्राक्ष वितरण बंद करने की नसीहत दी है. साथ ही उन्होंने सरकार से पंडित प्रदीप के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है. राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कुबेरेश्वर धाम आए लोगों की मौतों को लेकर न्यायिक जांच कराने की बात कही है . मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग ने इस मामले का संज्ञान लिया है. दरअसल, प्रदीप मिश्रा के नेतृत्व में बुधवार को सीहोर की सीवन नदी से कुबेरेश्वर धाम तक 11 किमी की कांवड़ यात्रा निकाली गई.

6 साल की भारतीय मूल की बच्ची पर किया हमला

आयरलैंड के वाटरफोर्ड में लड़कों ने कहा- भारत वापस जाओ

एजेंसी । नयी दिल्ली

आयरलैंड के वाटरफोर्ड में भारतीय मूल की छह साल की बच्ची पर लड़कों ने बेरहमी से हमला किया. हमलावरों ने चिल्लाते हुए कहा, भारत वापस जाओ. बच्ची के निजी अंग पर भी वार किया. आयरलैंड में भारतीय मूल की किसी बच्ची पर यह पहला नस्लभेदी हमला है. हालांकि, देश में पहले अन्य भारतीयों के खिलाफ ऐसे हमले हो चुके हैं. बच्ची सोमवार शाम घर के बाहर दोस्तों के साथ खेल रही थी, तभी हमला हुआ. मां ने बताया कि हमलावरों में आठ साल की लड़की और 12-14 साल के लड़के थे. डबलिन स्थित समाचार एजेंसी द आयरिश मिरर को मां ने बताया कि मैंने उससे कहा था कि मैं बच्ची को दूध पिलाने के बाद वापस आ जाऊंगी, लेकिन बेटी एक मिनट बाद ही परेशान होकर घर आ गई. वह बहुत अधिक डरी थी. रो रही थी और बोल भी नहीं पा रही थी.

आयरिश मिरर की रिपोर्ट के अनुसार, उसकी सहेली ने उसकी मां को बताया कि उनसे बड़ी उम्र के लड़कों ने उसके निजी अंगों पर साइकिल से वार किया और उनमें से पांच ने उसके चेहरे पर मुक्के मारे. उन्होंने कहा, गंदे भारतीय, भारत वापस जाओ. उसके बाल भी मरोड़े. महिला आठ साल से आयरलैंड में रह रही है. वह नर्स है.

स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 **(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार).**

आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.